ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख शुक्ल पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 25 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-189 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

ब्लू टिक को लेकर अमिताभ ने किया ... पेज 10 पर



# सेना जमीन घोटाला : छह आरोपितों को कोर्ट ने फिर तीन दिन के लिए ईडी को सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय ने रांची के बरियातू स्थित सेना की जमीन सहित अन्य भूमि की खरीद व बिक्री के सभी आरोपितों की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें पीएमएलए कोर्ट के समक्ष पेश किया। सोमवार को ईडी ने छह आरोपितों से चार दिन की पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड मांगा। इस पर कोर्ट ने आरोपितों की तीन दिन की रिमांड की अनुमति दे दी। कोर्ट ने वहीं सातवें आरोपित फैयाज खान को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। इससे पहले 13 अप्रैल को ईडी ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया था। ईडी को छापेमारी में कई जमीन से जुड़े कागजात हाथ लगे हैं। ईडी ने सातों आरोपितों से नौ दिनों तक पूछताछ की। पूछताछ में ईडी को कई जानकारी मिली हैं। इसी मामले में ईडी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से आज पूछताछ कर रही है।



## छवि रंजन से साढ़े नौ घंटे तक की गई पूछताछ

**रांची।** सेना की जमीन घोटाला मामला में प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को आईएएस छवि रंजन से साढ़े नौ घंटे पूछताछ की। वह सोमवार को सुबह 10.30 में ईडी ऑफिस पहुंचे थे, जिसके बाद ईडी ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी थी। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों के समक्ष बैठा कर आमने-सामने छवि रंजन से पूछताछ की गई। गिरफ्तार लोगों ने कहा कि छवि रंजन के निर्देश पर ही सारा आदेश जारी हुआ है। गौरतलब है कि सबसे पहले ईडी ने उन्हें 17 अप्रैल को समन जारी कर 21 अप्रैल को ईडी जोनल ऑफिस पहुंचने को कहा था, पर वे नहीं पहुंचे। उन्होंने अपने वकील के माध्यम से दो हफ्ते का समय मांगा। इस पर ईडी ने उसी दिन दोबारा समन जारी कर शाम चार बजे तक ऑफिस आने को कहा था। इसके बाद भी वे हाजिर नहीं हुए। नहीं पहुंचने पर ईडी ने तीसरा समन जारी किया और 24 अप्रैल को दफ्तर पहुंचने को कहा था। 21 अप्रैल को ईडी के समक्ष हाजिर नहीं होने की वजह पितृत्व अवकाश बताया गया था। सूत्रों के अनुसार, ईडी की नोटिस से पहले वे सरकार से पितृत्व अवकाश का आवेदन दिया था। सरकार से उन्हें पहले ही 17 अप्रैल से लेकर 1 मई तक ह्यपितृत्व अवकाशह्ल की छुट्टी मिल चुकी थी। इसलिए उन्होंने आवेदन देकर मई के पहले हफ्ते के बाद का वक्त देने का निवेदन किया था। हालांकि ईडी के अधिकारियों ने उनके इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। ईडी ने 13 अप्रैल को सरकारी जमीन की हेराफेरी के मामले में आईएएस अधिकारी छवि रंजन, अंचल अधिकारी मनोज कुमार सहित जमीन के कारोबार से जुड़े 18 लोगों के कुल 21 ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी के दायरे में झारखंड के 18, बिहार के एक और पश्चिम बंगाल के दो ठिकानों को शामिल किया गया है। छवि रंजन फिलहाल समाज कल्याण निदेशक के पद हैं। जहां तक बात सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री की है तो इसमें फजीर्वाड़ा का खुलासा आयुक्त की जांच रिपोर्ट में पहले ही हो चुका है। उक्त रिपोर्ट में यह बात ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**संजय तिवारी की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज : रांची।** मिड डे मील के एक सौ करोड़ रुपये के घोटाले मामले में आरोपित संजय कुमार तिवारी की डिस्चार्ज पिटीशन को सीबीआई कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी। सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने आदेश सुनाया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले में 20 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने मिड डे मील घोटाले को लेकर अगस्त 2017 में संजय तिवारी, एसबीआई हटिया ब्रांच के मैनेजर अजय उरांव सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। मामले में चार्जशीट दाखिल होने के बाद आरोपितों को पुलिस पेपर की आपूर्ति कर दी गई है। अब 25 अप्रैल को उसके खिलाफ आरोप गठन होना है। वर्ष 2021 में ईडी ने दर्ज कर केस टेकओवर किया है। संजय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### मनरेगा कूप धंसने से एक की मौत

**हजारीबाग।** जिले के इचाक प्रखंड के भूसाई पार टांड़ गांव में एक निमार्णाधीन कूप के धंसने से अंदर काम कर रहे एक मजदूर के मलबे में दबकर मौत हो गई। बताया गया कि सोमवार को इचाक प्रखंड के भूसाई पार टांड़ गांव में एक निमार्णाधीन कूप के अंदर कार्य हो रहा था। तभी अचानक कूप धंस गया। कूप में काम कर रहा एक मजदूर मलबे में दबा गया। घटना के पांच घंटे बाद मजदूर का शव निकाला गया। मृतक की पहचान चंदन कुमार मेहता उर्फ चांदो (30) के रूप में हुई है। मलबे से शव निकलते ही वहां कोहराम मच गया। घटना में शंभू मेहता, चंदन मेहता, तालों महतो, राजेश मेहता और दिलीप कुमार मेहता घायल हुए हैं। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया है।

### प्रतिनियुक्ति पर भेजने के लिए गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को लिखा पत्र

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) में एसपी रैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने के लिए गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को पत्र लिखा है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के अवर सचिव संजीव कुमार की ओर से लिखे पत्र में एनसीएसटी में एसपी के पद के लिए इच्छुक और योग्य आईपीएस अधिकारियों के नामांकन मांगे गए हैं। राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त पद और विषय के लिए उनकी उपयुक्तता का आकलन करने के लिए इच्छुक और पात्र आईपीएस अधिकारियों के नाम जल्द से जल्द मंत्रालय को भेजें।

### युवक ने वीडियो कॉलिंग के दौरान की खुदकुशी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के गावां थाना क्षेत्र के रहने वाले मो. शमशाद उर्फ सेमी (24) ने बेंगलुरु में वीडियो कॉलिंग के दौरान फांसी का फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। युवक के आत्महत्या करने के पीछे पत्नी से विवाद बताया जा रहा है। गावां के मो. कमरुद्दीन का बेटा मो शमशाद बंगलुरु के एक होटल में काम करता था। बताया गया कि सोमवार की सुबह वह अपनी पत्नी से मोबाइल फोन पर बातचीत कर रहा था। इसी बीच पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में पत्नी ने मोबाइल फोन का स्विच ऑफ कर दिया। युवक ने अपनी भाभी के मोबाइल फोन पर कॉल कर पत्नी से बातचीत कराने को कहा लेकिन पत्नी बातचीत करने के लिए राजी नहीं हुई। गुस्से में आकर युवक ने वीडियो कॉलिंग के दौरान ही फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। वीडियो कॉलिंग के दौरान उसे फंदे से लटकता देखकर पत्नी, भाभी, मां समेत पूरा परिवार बेवश होकर देखते रह गये। घर में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# बन्ना के वीडियो पर सियासत तेज

### हेमंत सरकार को घेरने में जुटी भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के वायरल वीडियो पर सियासत तेज है। भाजपा सरकार को घेरने में जुट गई है। भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूरे प्रकरण की जांच एसआईटी से कराने की मांग करते हुए वायरल वीडियो की सत्यता स्पष्ट करने को कहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस प्रकरण को दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक बताते हुए इसकी निंदा की और कहा कि स्वास्थ्य मंत्री हनी ट्रैप के शिकार हुए हैं। राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस ने पहले पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। बन्ना गुप्ता को हटाना चाहिए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा है कि इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर अब तक कार्रवाई नहीं होना हास्यास्पद है। बन्ना गुप्ता को तत्काल स्वास्थ्य मंत्री के पद से हटा देना चाहिए। यदि वीडियो असत्य निकलता है तो फिर से स्वास्थ्य मंत्री के रुप में बन्ना गुप्ता को जिम्मेदारी दी जा सकती है। इस संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा की चुप्पी से आश्चर्य होता है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो के कारण झारखंड की छवि धूमिल होने की बात कहते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस वायरल वीडियो की सत्यता की जांच जल्द से जल्द करायें यदि वीडियो सत्य होता है तो स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करें और यदि वीडियो असत्य होता है तो खंडन करें मगर अब तक मुख्यमंत्री का चुप रहना बड़ा ही संशय उत्पन्न कर रहा है।

उधर, पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी को लिखे पत्र में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि मैंने वह पत्र और वायरल वीडियो को देखा है। यह वीडियो वस्तुतः किसी स्मार्ट फोन पर हुए वातार्लाप की स्क्रीन रिकार्डिंग है। इसमें कहीं भी छेड़छाड़ किया जाना प्रतीत नहीं होता है। लगता है यह वीडियो लंबा है, जिसके केवल एक अंश को ही प्रसारित किया गया है। बन्ना गुप्ता द्वारा आपको प्रेषित प्रासंगिक पत्र कहीं से भी अधिकारिक पत्र नहीं लगता है। यह न तो मंत्री के पैड पर लिखा गया है और न ही इसपर उनके कार्यालय का पत्रांक ही अंकित है। मेरा अनुरोध है कि जमशेदपुर पुलिस इस मामले में बन्ना गुप्ता को मुख्य अभियुक्त बनाकर एफआईआर दर्ज करे। उनसे पूछताछ करे कि जिस महिला से उन्होंने अश्लील प्रेमालाप किया है, वह महिला कौन है? इस महिला के साथ उन्होंने ऐसा वातार्लाप पहली बार किया है अथवा इसके पहले भी किया है। साथ ही इस महिला के साथ उनकी अंतरंगता किस हद तक है? पुलिस बन्ना गुप्ता से वह मोबाईल यंत्र भी बरामद करे जिससे उन्होंने प्रासंगिक अश्लील वातार्लाप किया है।

**नैतिकता के आधार पर मंत्री इस्तीफा दे दें तो उनकी महानता होगी :** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बन्ना पर सीएम और कांग्रेस स्थिति करें स्पष्ट : सरोज सिंह

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बन्ना गुप्ता से संबंधित एक वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने और प्रकाशित खबरों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया जतायी है। सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी को इस संबंध में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। आरोपित मंत्री उनके मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगी हैं। सिंह ने कांग्रेस पार्टी की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी का इस संबंध में कोई ट्वीट भी नहीं आना, कांग्रेस के चाल चरित्र को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस की ओर भी जनता देख रही कि ऐसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ कांग्रेस पार्टी क्या कार्रवाई करती है।

Saryu Roy
@roysaryu

माननीय स्वास्थ्य मंत्री झारखंड का गत 17 अप्रैल को आधी रात में जिस महिला के साथ अश्लील प्रेमालाप करते हुए विडियो वायरल हआ है उसे सुरक्षा दे जमशेदपुर पुलिस. लड़की जमशेदपुर के एक फ़र्निचर हाउस में काम करती है. इसके मालिक बन्ना जी के साथ समाजवादी पार्टी में थे, फ़िलहाल भाजपा में हैं.

### वीडियो फैब्रिकेटेड : बन्ना गुप्ता



मंत्री बन्ना गुप्ता इस वीडियो को फैब्रिकेटेड बता रहे हैं और इस मामले में उन्होंने साइबर थाना बिष्टुपुर में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करायी है। बन्ना गुप्ता ने एसएसपी को पत्र लिखकर बताया है कि उनकी तस्वीर लगाकर किसी व्यक्ति ने आपत्तिजनक वीडियो वायरल किया है। ऐसे में साइबर सेल से इसकी जांच करायी जाये। गुप्ता ने कहा कि मेरी छवि को धूमिल करने और राजनीतिक विद्वेष की भावना से कुछ राजनीतिक विरोधियों ने साजिश के तहत फर्जी वीडियो वायरल किया है।

# भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर लगी रोक पहलवानों के धरने के बीच आया फैसला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जंतर-मंतर पर जारी पहलवानों के प्रदर्शन के बीच भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव पर लगी रोक लगा दी गई है। सूत्रों के मुताबिक भारतीय ओलंपिक संघ एक तदर्थ समिति बनाएगा और यही समिति अगले 45 दिनों में कुश्ती संघ का चुनाव पूरा कराएगी। समिति तब तक कुश्ती संघ का रोज का कामकाज भी देखेगी। जनवरी में बनाई गई ओवरसाइट कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस मामले में ओवरसाइट कमेटी ने तीन बातें पाईं। यौन उत्पीडन की शिकायतों पर समाधान के लिए उचित फोरम और प्रक्रिया नहीं है। कुश्ती संघ और खिलाड़ियों समेत सभी हितधारकों के बीच पारदर्शिता हो। साथ ही संघ और खिलाड़ियों के बीच बेहतर संवाद हो। इसी के साथ ओवरसाइट कमेटी का काम समाप्त हो गया। ऐसे में सात मई को संघ का चुनाव होना था उसे रद्द हो गया। अब नए सिरे से चुनाव कराया जाएगा। आईओए एक तदर्थ समिति बनाए और पैंतालीस दिनों के भीतर चुनाव कराए। तब तक संघ का काम भी तदर्थ समिति ही देखेगी। जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रही महिला पहलवानों का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। 7 महिला पहलवानों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिका में कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरणसिंह के खिलाफ ऋक्रफ दर्ज करने की मांग की गई। साथ ही याचिका में कहा गया कि 21 अप्रैल को दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में शिकायत देने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक ये याचिका कल देर महिला पहलवानों ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की।

### दिल्ली पुलिस ने कुश्ती संघ प्रमुख के खिलाफ पहलवानों के आरोपों की जांच शुरू की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय कुश्ती संघ के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध के बीच दिल्ली पुलिस ने खेल मंत्रालय द्वारा शिकायतों की जांच के लिए गठित समिति से रिपोर्ट मांगी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें सात शिकायतें मिली हैं और वर्तमान में उन सभी की जांच कर रहे हैं। ठोस सबूत मिलने के बाद हम प्राथमिकी दर्ज करेंगे। हमने डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए खेल मंत्रालय द्वारा गठित समिति से भी एक रिपोर्ट मांगी है।

# बरही में तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी, 30 लोग घायल; दो गंभीर

### हादसे के बाद चालक और उपचालक फरार




**बरही।** जिले के बरही स्थित करियातपुर में सोमवार अहले सुबह तीर्थयात्रियों से भरी बस पलट गयी। इस हादसे में 30 लोग घायल हो गये। सभी को अनुमंडलीय अस्पताल बरही में भर्ती कराया गया है। जबकि गंभीर रूप से घायल दो लोगों को हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गयी। यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोगों की भीड़ जमा हो गयी। स्थानीय लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल बरही भेजा। दुर्घटना के बाद चालक और उपचालक फरार हो गये। जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले से यात्री गया, वृंदावन, बनारस, प्रयागराज, मथुरा आदि तीर्थ स्थल जा रहे थे। तभी बस पलट गयी। कुछ लोगों का कहना है कि बस का स्टीयरिंग फेल हो गया था। जबकि कुछ यात्रियों ने बताया कि चालक को झपकी आ गयी, जिसकी वजह से यह घटना घटी। बस पलट जाने के कारण जीटी रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही सब इंस्पेक्टर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**संबोधन** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर बोले प्रधानमंत्री

# गांवों का विकसित होना जरूरी : मोदी


**एजेंसी। रीवा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के रीवा के एसएएफ मैदान में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में गांव के विकास पर जोर देते हुए कहा कि विकसित भारत के लिए गांव का विकसित होना जरुरी है। प्रधानमंत्री ने रीवा की धरती से विंध्वासिनी को प्रणाम और यहां के शूरवीरों का नमन करते हुए कहा, भारत को विकसित बनाने के लिए भारत के गांवों की सामाजिक व्यवस्था को विकसित करना जरूरी है। भारत को विकसित बनाने के लिए भारत के गांवों की आर्थिक व्यवस्था को विकसित करना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने अपने रीवा के पूर्व के प्रवासों का भी स्मरण किया और कहा, हम सभी जनता के प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए समर्पित हैं। काम के दायरे भले ही अलग हों, लेकिन लक्ष्य एक ही है- जनसेवा से राष्ट्र सेवा। उन्होंने कहाः गांव, गरीब का जीवन आसान करने के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं को पंचायतें पूरी निष्ठा से जमीन पर उतार रही हैं। देश की 2.5 लाख से अधिक पंचायतों को 'राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस' की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने सीधे और वर्चुअली जुड़े पंचायत प्रतिनिधियों का जिक्र करते हुए कहा, आज आपके साथ 30 लाख से अधिक पंचायत प्रतिनिधि भी हमारे साथ वर्चुअली जुड़े हुए हैं। ये निश्चित रूप से भारत के लोकतंत्र की बहुत ही सशक्त तस्वीर है। आजादी के इस अमृतकाल में हम



सभी देशवासियों ने विकसित भारत का सपना देखा है और उसे पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। पिछली सरकार की कार्यषैली का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 2014 से पहले के 10 वर्षों में केंद्र सरकार की मदद से छह हजार के आस पास ही पंचायत भवन बनवाए गए थे। पूरे देश में करीब-करीब छह हजार पंचायत घर ही बने थे। हमारी सरकार आठ वर्ष के अंदर-अंदर ही 30 हजार से ज्यादा नई पंचायतों का निर्माण करवा चुकी है। पहले की सरकार ने 70 से भी कम ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा। ये हमारी सरकार है, जो देश की दो लाख से भी ज्यादा पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर ले गई है। पिछली और वर्तमान सरकार के कामकाज के फर्क को बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आजादी के बाद की सरकारों ने भारत की पंचायती राज व्यवस्था को ध्वस्त किया। जो व्यवस्था सैकड़ों वर्ष, हजारों वर्ष पहले से थी, उसी पंचायती राज व्यवस्था पर आजादी के बाद भरोसा ही नहीं किया गया। 2014 के बाद से, देश ने अपनी पंचायतों के सशक्तिकरण का बीड़ा उठाया है और आज इसके परिणाम नजर आ रहे हैं। आज भारत की पंचायतें, गांवों के विकास की प्राणवायु बनकर उभर रही हैं।

# लोहरदगा में कोरोना के फिर मिले 4 नये संक्रमित



**लोहरदगा।** जिले में कोरोना संक्रमण ने रफ्तार पकड़ ली है। सदर अस्पताल समेत विभिन्न प्रखंडों में की गई कोरोना जांच में सोमवार को 4 नए संक्रमित मरीजों की पहचान की गई है। इससे जिले में कुल कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़कर 35 हो गए हैं। सिविल सर्जन डॉ. संजय कुमार सुबोध ने बताया कि जिले में कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़ रहे हैं। लोगों को जागरूक होकर कोरोना गाइडलाइन का अनुपालन करने की जरूरत है। सीएस ने कहा कोरोना को लेकर लोग घबराए नहीं, सदर अस्पताल समेत प्रखंडों के सीएचसी में कोरोना से निबटने के लिए ठोस प्रबंध किया गया है। सदर अस्पताल और चिरी कोविड हॉस्पिटल में पीएसए प्लांट स्थापित कर इसे चालू कर दिया गया है। हाई फ्लो ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था ठोस है। 26 वेंटिलेटर तैयार हैं। दवा, ऑक्सीजन, एक्सपर्ट डॉक्टर और नर्स को एलर्ट मोड पर रखा गया है। फिलहाल, कोरोना की बढ़ते रफ्तार ने स्थानीय स्तर पर सनसनी फैला दिया है।

NEWS इन ब्रीफ

## बीडीओ ने अपूर्ण आवास लाभुक पर किया केस दर्ज

**पाटन।** प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास का राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले लाभुक पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने सटिफिकेट केस दर्ज करवाई है प्रखंड में 319 लाभुकों पर केस दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि हवास नहीं बनाने वाले लाभुक से 12 पर्सेंट की ब्याज की दर से राशि की वसूली की जाएगी।

## पंचायती राज दिवस पर मुखिया ने किया सम्मानित

**पाटन।** ग्राम पंचायत सचिवालय किशुनपुर में सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर सतत विकास लक्ष्य के अंतर्गत थीमवार विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के क्रम में आज कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों, वार्ड सदस्य, मुखिया रोजगार सेवक, सहिया, सेविका ,ग्राम संगठन के सदस्य, अध्यक्ष के द्वारा जागरूकता रैली के द्वारा की गयी। मध्य विद्यालय किशनपुर के छात्र मनु कुमार एवं रूपांजलि कुमारी के द्वारा बेहतरीन चित्रकारी की गयी। जिसके लिए उन्हें मुखिया सुमन गुप्ता के द्वारा पुरस्कृत किया गया। स्लोगन के लिए बबली कुमारी, नंदनी कुमारी, चंदा कुमारी, अंजली कुमारी, निखिल कुमार, अनुराग कुमार ,रीना कुमारी, प्रिया कुमारी, रितिका को पुरस्कृत किया गया। पंचायत क्षेत्र अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राजेंद्र पासवान चौकीदार ,नवनीत कुमार झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक किशनपुर शाखा, रामनरेश तिवारी, आनंद दुबे, झा शिक्षक ,लालदेव मेहता चिकित्सक ,विनय उपाध्याय कौशल कुमार झा, सब्यसाची उपाध्याय ,अनीता देवी अध्यक्ष सीएलएफ, मधु देवी ग्राम संगठन अध्यक्ष, आदि लोग मौजूद थे।

## कुलपति के कार्यकाल में भ्रष्टाचार रहा चरम सीमा पर : एआईएसएफ

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन पलामू के जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. राम लखन सिंह के तीन वर्ष के कार्यकाल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया है। बता दें कि कुलपति का कार्यकाल समाप्ति की ओर है। एआईएसएफ के जिला अध्यक्ष सुजीत पांडेय विदेशी ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि इन 3 सालों में विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर रहा। प्रवेश परीक्षा, परीक्षा परिणाम, रजिस्ट्रेशन, माइग्रेशन डिग्री, आउटसोर्सिंग के तहत नियुक्ति जैसे तमाम विषयों में भ्रष्टाचार नजर आया।

# पूर्व सैनिकों ने शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के हुसैनाबाद कार्यालय में जम्मू -कश्मीर के पुंछ सेक्टर में आतंकी हमले में मारे गये जांबाज पांच सैनिकों को सभी ने नम आंखों से श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सैनिकों ने कहा कि इस आतंकी हमले का शिकार हमारे देश के पांच जवानों ने अपने सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन शहीद जवानों की बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगी। इस मौके पर संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी फौजी थे एवं हमारा कर्तव्य है कि भारतीय सैनिकों का सम्मान एवं साथ देना। हम सभी देश की हिफाजत के लिए अभी भी कुबार्नी देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अब सरकार को सर्जिकल स्ट्राइक से आगे बढ़कर कुछ करना पड़ेगा। संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि हम सैनिक अपने देश की रक्षा के लिए अभी तक जीवन दाव पर लगाया है। शेष जीवन को भी देश एवं समाज की रक्षा में लगाने के लिए आज भी तत्पर है। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर महाराजा सिंह, उदित सिंह, प्रसाद सिंह, रामटहल मेहता, सत्येंद्र ठाकुर, यदुनंदन ठाकुर, दिलीप मेहता ,सुधीर सिंह, सत्येंद्र शर्मा,गौरी शंकर ठाकुर, अशरफी पाल, विजय मेहता, लल्लू पासवान एवं कृष्णा सिंह के अलावे कई पूर्व सैनिक मौजूद थे।



## ट्रक व कार की टक्कर में उड़े परखच्चे

**मेदिनीनगर।** रांची रोड मुख्यमार्ग एनएच 75 पर पोखराहा गांव के समीप गम्हरिया नहर के पास सोमवार की दोपहर करीब 12.30 बजे ट्रक और कार में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार करीब 5 बार हवा में कलाबाजी खाते हुए करीब 20 मीटर दूर खेत में जा गिरी। दुर्घटना के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं जबरदस्त तरीके से हुई भिड़ंत के बाद कार चालक को हल्की चोटे आई है, जबकि घटनास्थल से एक किलोमीटर की दूरी पर ट्रक को खड़ा कर चालक और खलासी फरार हो गए।

## ऑटो से धक्का लगने के विवाद में चला चाकू

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के राजटोली मोहल्ले की युवक सुहैल खान इमामिया चौक के समीप खड़ा था। आरोप है कि ऑटो चालक शकील अहमद ने अपने ऑटो से उसे धक्का मार दिया। धक्का मारने के बाद दोनो में विवाद हुआ। आरोप है कि ऑटो चालक शकील अहमद ने एक तरबूज बेच रहे ठेले से चाकू उठाकर उसपर ताबड़तोड़ वार किया। जिससे सुहैल खान गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगों ने उसे थाना पहुंचाया। थाना से उसे अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया गया है। सुहैल खान के भाई हुसैनाबाद के राजटोली निवासी वकार युनुस ने हुसैनाबाद थाना को आवेदन देकर सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि मामले की छान बीन की जा रही है। छान बीन के उपरांत कार्रवाई की जायेगी।

## पुराने भवन को स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग

**हरिहरगंज।** राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने सोमवार को हरिहरगंज में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीएचसी के पुराने भवन को शहरी स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विगत 15 नवंबर 2022 को नया भवन में सीएचसी शिफ्ट हो गया है। जिससे पुराने सीएचसी खाली पड़ा है। ग्रामीणों ने पहले भी सीएस पलामू तथा क्षेत्रीय विधायक को आवेदन देकर पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग की थी। जिसपर सीएस तथा विधायक द्वारा आश्वासन दिया गया था। परंतु अभी तक शहरी स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं हुआ है। जबकि पुरानी भवन अभी भी खाली पड़ा है। वही राजद नेता ने कहा कि जल्द ही शहरी स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं किया जाता है, तो आंदोलन करेंगे। इस मौके पर अनिल शौंडिक, कामेश्वर पासवान, छोटू कुमार, काजू कुमार, सुरेंद्र यादव, रामनंदन सिंह, धर्मदेव यादव आदि मौजूद थे।

## राजेंद्र राय बने जदयू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** पलामू जदयू कार्यालय में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सुधा चौधरी व पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे के नेतृत्व में सोमवार को लेस्लीगंज के राजेंद्र राय को जदयू पार्टी का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। प्रखंड अध्यक्ष बनने पर पार्टी कार्यालय में उपस्थित सभी लोगों ने राजेंद्र राय को फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर उपस्थित राजेंद्र राय ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र में जदयू पार्टी के लिए तन मन धन से काम करूंगा। इस पार्टी में लोगों को जोड़ने के लिए हम हर समय तत्पर रहेंगे। मौके पर जदयू पार्टी के कार्यकर्ता मुकेश सिंह, चिंटू मेहता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सांस्कृतिक पाठशाला का प्रारंभ

**मेदिनीनगर।** सामाजिक सरोकारों से जुड़े फिल्मकार, निर्देशक व लेखक सत्यजीत रे की स्मृति दिवस के मौके पर भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की पलामू इकाई द्वारा मेदनीनगर के रेडमा स्थित इप्टा कार्यालय में सांस्कृतिक पाठशाला प्रारंभ किया गया। यह सांस्कृतिक पाठशाला प्रति रविवार को संध्या 6:00 बजे से 7:00 बजे तक संचालित की जाएगी। पाठशाला में बतौर अतिथि राजस्थान के लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता वीरेन लोबो एवं वरिष्ठ पत्रकार व लेखक तरुण कांति बोस उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

### कलस्टर फैसिलिटेशन परियोजना अंतर्गत कई लक्ष्यों की प्राप्ति की जानी है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मनरेगा अंतर्गत सीएफपी के तहत कार्यरत थेमैटिक एक्सपर्ट का जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उप विकास आयुक्त पलामू के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम में आये अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि क्लस्टर फैसिलिटेशन परियोजना के तहत कार्यरत थेमैटिक एक्सपर्ट द्वारा मनरेगा के क्रियान्वयन में गुणात्मक सहयोग करेंगे। कलस्टर फैसिलिटेशन परियोजना अंतर्गत चयनित प्रखंडों में कई लक्ष्यों की प्राप्ति की जानी है। आई. एन.आर.एम गतिविधियों पर कुल खर्च का 65 प्रतिशत, प्रखंड स्तर पर व्यक्तिगत योजनाओं पर कुल खर्च का 60 प्रतिशत और खेती व संबंधित गतिविधियों पर कुल खर्च का 60 प्रतिशत व्यय किया जायेगा। मनरेगा अंतर्गत बागवानी योजना में पौधों की उत्तरजीविता को 90 प्रतिशत से अधिक रखना, साथ ही सभी एसटी एससी परिवारों को जिला के औसत से कम 10 प्रतिशत ज्यादा कार्य उपलब्ध कराना जैसे कई लक्ष्यों की प्राप्ति की जानी है। उप विकास आयुक्त रवि आनंद में कहा कि सीएफपी परियोजना अंतर्गत पूरे देश के 300 प्रखंडों में से सर्वाधिक 51 प्रखंड झारखंड राज्य से लिए गये हैं। इसके अंतर्गत राज्य के आकांक्षी 19 जिलों के 41 प्रखंडों एवं शेष 5 जिलों में से 4 जिलों के 10 प्रखंड सहित कुल 51 प्रखंडों में यह प्रोजेक्ट यथाशीघ्र आरंभ किया जाना है। इस योजना के 3 वर्षों के क्रियान्वयन पर कुल 80.78 करोड रुपए के व्यय का अनुमान है जिसका वहन पूर्ण रूप से ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीडीसी रवि आनंद के अलावे छतरपुर एवं नौडीहा बाजार प्रखंड के सभी मुखिया, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, ग्राम रोजगार सेवक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित कई कर्मियों ने भाग लिया।



## सेमरी पंचायत के पशु शेड में घोटाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड में नरेगा के घोटाले रुकने का नाम ही नहीं ले रहे है। इसी बीच प्रखंड के सेमरी पंचायत में पशु शेड निर्माण में घोटाले की जांच के लिए जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह ने उपायुक्त पलामू, लोकपाल पलामू, तथा उप विकास आयुक्त को प्रतिलिपि आवेदन सौंपा है कि पंचायत सेमरी में मुखिया के द्वारा मनरेगा अधिनियम को धता बताते हुए अपने निजी संबंधी के नाम से पशु शेड का निर्माण एक ही स्थान पर किया गया है और अन्य कई शेड गलत तरीके से बनाकर बिना कोई कागजात के बनाया गया है। सभी शेड लाभुक सेमरी के ही है जो पशु के रहने वाला शेड मे गैरेज एवं स्टाफ क्वार्टर के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सभी लाभुक आयकर दाता परिवार से आते हैं और इनकी कई शहरों में परिसंपत्ति भी है और साथ ही ऐसी कई योजनाएं पूरे पंचायत में घोटाले की नियम से चलाई जा रही है जिनमें से अधिकांश योजनाओं का अभिलेख भी पूर्ण नहीं है। पंचायत में कई लाभुक का शेड अधूरा ही रह गया और पैसा की निकासी कर ली गई। जिनमें लाभुक महावीर भुईया, किसवा कुंवर, हीरा भुईया, कबीलाश भुईया, छटन भुईया, इन सभी का पेमेंट की राशि निकाल ली गई है फिर भी शेड अधूरा ही रह गया है। गरीब दब के लोगों को यह लाभ नहीं मिल पा रहा है। और पूंजीपति शेड का लाभ उठा रहे हैं।

## पनशाला खोलना सबसे पुनीत कार्य : कर्नल संजय

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद जैसे शहर में एक ओर पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इस भीषण गर्मी में शहर में राहगीरों के लिए पानी का समुचित व्यवस्था नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में पनशाला खुलना सबसे पुनीत कार्य है। यह बात सोमवार को भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने मधुशाला रोड स्थित जपला चौबे नदी पर एक पनशाला के उद्घाटन के मौके पर कही। उन्होंने कहा की प्यासे को पानी पिलाना धर्म का काम है और इस तरह के नेक कार्यों में हम सभी को निस्वार्थ भाव से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए तथा जरुरतमंद इंसान चाहे वह भूखा हो या प्यासा उसको मदद करनी चाहिए।मालूम हो कि इस पनशाला का संचालन जपला चौबे निवासी शिव प्रजापति विगत 10 वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं। उन्होने कहा कि गरीबों के सेवा करने से मुझे सुकून मिलता है।

## आंदोलनकारियों से राज्य सरकार छलावा कर रही है : विकेश

**मेदिनीनगर।** पिछले तीन महीने से झारखण्ड आन्दोलनकारियो का पेन्शन नही मिल रहा है।ये बात झारखण्ड आन्दोलनकारी मोर्चा के विकेश शुक्ला ने कही। उनके अनुसार जो समान्य राशि आन्दोलनकारियो को मिलता है काफी कम होने के बावजूद इलाज व दवा वगैरह का काम चल रहा था। चांदी का चम्मच मुह मे लेकर पैदा लिए हेमंत सोरेन को संघर्ष का दर्द कभी महसुस ही नही हुआ तो झारखण्ड आन्दोलनकारियो का दर्द कैसे महसुस होगा। केवल झुठ फरेब लुट भ्रष्टाचार मे सरकार शामिल है। झारखंड को बेचना इसका मकसद है। अब थोड़ा भी शर्म हया बचीं है तो अबिलंम्ब आन्दोलनकारियो का भुगतान करे। व बिना शर्त शेष आन्दोलनकारियो को सम्मानित करते हुए सम्मान जनक पेन्शन का भूगतान करे।

# पलामू की बेटी ने स्तरीय प्रतियोगिता में पाया तीसरा स्थान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के नावाबाजार प्रखंड के तुकबेरा गांव निवासी सत्येंद्र पासवान की पुत्री सौम्या सोनल ने झारखंड राज्य ओलंपियाड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान लाकर जिले का नाम रोशन किया है। वर्ष 2022 में सौम्या सोनल ओलंपियाड की परीक्षा में शामिल हुई थी। जिसका रिजल्ट हाल ही में आया और झारखंड सरकार के द्वारा उन्हें लैपटॉप से सम्मानित किया गया है। हालांकि वर्ष 2023 में मैट्रिक की परीक्षा दे रही सौम्या सोनल अपने सम्मान को खुद प्राप्त नहीं कर सकी। इसके लिए उनके पिता रांची में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। 15 वर्षीय सौम्या सोनल स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, तुकबेरा में कक्षा नवमी से एकमात्र झारखंड राज्य स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में तीसरा स्थान लाने वाली प्रतिभागी बनी। सौम्या सोनल ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने पिता और अपने गुरुजनों को दिया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सौम्या सोनल ने बताया कि उनका एडमिट कार्ड आने तक उन्हें इस परीक्षा की सूचना नहीं थी। उन्हें जानकारी दिये बिना उनके पिता ओलंपियाड परीक्षा में उसका नाम भेज चुके थे। एडमिट कार्ड आने के बाद वह अपनी तैयारी और तेज करते हुए परीक्षा में शामिल हुई और सफलता प्राप्त की। सौम्या सोनल ने कहा कि बड़ी होकर मुझे आईएएस ऑफिसर बनना है। इसके लिए मैं पूरी जी तोड़ मेहनत करूंगी। मेरे पिताजी का सपना है उसे मैं पूरा करूंगी। मेरे पापा नजदीकी विद्यालय में पारा शिक्षक हैं और वह हमें पढ़ाने के लिए हर तरह की मेहनत करते हैं और सुविधा देते हैं। सौम्या सोनल पिता सत्येंद्र पासवान ने न्यूज 18 को बताया कि हाल ही में मेरी बेटी को झारखंड सरकार की ओर से ओलिंपियाड में तीसरा स्थान लाने के लिए लैपटॉप से सम्मानित किया गया है। सबसे बड़ा सौभाग्य तो मेरे लिए है कि मेरी बेटी की वजह से मुझे झारखंड के मुख्यमंत्री से मिलने का अवसर मिला। जहां तक मेरा पहुंचना एक सपने जैसा था। वह मेरी बेटी की वजह से पूरा हुआ।

# पलामू में दो युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**मेदिनीनगर।** पलामू में पिछले 24 घंटे के दौरान दो अलग अलग स्थान पर दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक घटना शहर थाना क्षेत्र में हुई, जबकि दूसरी घटना सतबरवा थाना क्षेत्र से सामने आई है। शहर थाना क्षेत्र के सुदना में 22 वर्षीय युवक रोहित कुमार ने रविवार की रात फांसी लगा ली, वहीं सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल पंचायत के सोनपुरवा गांव में संजय यादव के 30 वर्षीय पुत्र नीतिश यादव ने अपने घर की छत की लकड़ी में फंदा डालकर फांसी लगा ली। दोनों का शव पुलिस ने सोमवार को जब्त किया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।


## उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा

Cat-II पाचाडुमर बालू घाट का एम0डी0ओ0 चयन हेतु अति-अल्पकालीन ई-वितीय निविदा आमंत्रण।

| कं0 सं0 | बालू घाट का नाम | अंचल | प्लॉट नं0 | रकवा (एकड़ में) | Yearly Production as per EC Limit (CUM) | E-Tender reference No. | बेवसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | नियम एंव शर्ते | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी, के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पाचाडूमर | केतार | 2363 अंश | 50.01 एकड़ | 324480 घ0फी0 | [garhwa/ MDO/02/2023] [2023_GAMD_ 69969_1] | 21.04. 2023 | 01.05. 2023 | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender के अनुरूप | उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा। |

नोटः- 1. JSMDCL, रॉंची के द्वारा Category-B के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा WWW.Jharkhandtendre. gov.in के बेवसाईट पर ई- निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं JSMDCL, रॉंची, द्वारा निर्गत नियमावली, शर्ते एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगें।
3. शर्ते एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई- निविदा बेवसाईट पर देखा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी, गढ़वा। उपायुक्त, गढ़वा।

PR 295823 Mines and Geology(23-24)#D



## Office of the Executive Engineer Swachh Bharat Mission (Gramin)
Drinking Water & Sanitation Committee, Garhwa.

Near Head Post office, Sahijana More, Garhwa.-822114
Email-eedwsd.garhwa1@gmail.com

EOI No. :- SBMG Phase-II/DWSC/GOBARDHAN/01/2023-24 Date-20.04.2023

EOI FOR IMPLEMENTING AGENCIES

Expression of interest (EOI) for inviting of Technical support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission-Gramin), Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/Community/Goushala in District of Garhwa, Jharkhand through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization)

Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand invites EOI from interested and experienced parties to implement Bio-gas projects in different villages of Jharkhand state under GOBAR-DHAN Scheme.

The **Technical Support Agency** (TSA) can be Gram Panchayat, SHG federations, Bulk waste generators such as dairies, poultry farms, markets, industries, religious sites etc and entrepreneurs. Selected agencies shall be willing to collect waste, install Bio-gas plants, under take operation maintenance of the same for at least 3 years. The agencies can be attached with empanelled technical support (if needed).

Interested agencies are requested to furnish willingness for undertaking GOBAR-DHAN Projects, supported be credentials and testimonials in the prescribed online application form and guideline available on following link **garhwa.nic.in.** The guidelines of GOBARDHAN scheme and details can also be viewed on the Garhwa District website: **garhwa.nic.in**

Swachh Bharat Mission (Gramin) Govt. of Jharkhand reserves its right to cancel or modify this Expression of interest (EOI) without assigning any reasons whatsoever.

| | |
|---|---|
| Last date and time for Submission of bids. | 06.05.2023 at 4:00 P.M. |

Executive Engineer
Swachh Bharat Mission (Gramin)
Drinking Water and Sanitation Committee, Garhwa.

PR 295826 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



## कार्यालय प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन, व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा

शुद्धि पत्र

माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश, व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा, झारखण्ड के कार्यालय मे निश्प्रायोजित वाहन संख्या क्रमशः एम्बेसडर क्लासिक जिसका विवरण जेएच08बी1800, जेएच08बी0801 एवं जेएच08ए0018 है, की नीलामी हेतु दिनांक 14.04.2023 को विज्ञापन, PR 295127(Lohardaga) 23-24*D प्रकाशित की गयी थी। उक्त विज्ञापन मे नीलामी संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु https://districts.ecourts.gov.in/lohardaga पर सम्पर्क किया जाना था परन्तु भूलवश lohardagajudgeship@gmail.com प्रकाशित हो गयी है।

अतः नीलामी संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु https://districts.ecourts.gov.in/lohardaga पर देखी जा सकती है।

प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन
व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा

PR 295829 Lohardaga(23-24).D



## OFFICE OF THE SUPERINTENDENT OF POLICE, LOHARDAGA
LOHARDAGA POLICE

Very Short Notice Inviting Tender (NIT): Supply & establishment of training centre of lohardaga district police.

| Sl No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Jungle Warfare Training Development Centre at Police Line |
| 2 | Period of Work | 10-12 days |
| 3 | Date of Publication of Bid | 25-04-2023 |
| 4 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs.25,000 in the form of DD (Valid for at least 3 months from the last date of submission of the bid) in favor of Superintendent of Police, Lohardaga |
| 5 | Last date and time of receipt of Bid | 02-05-2023 till 01:00pm |
| 6 | Date and time of opening of Bid | 02-05-2023 at 01:30pm |
| 7 | Bid submission Place | Office of the Superintendent of Police, Lohardaga |
| 8 | Bid Opening Place | Office of the Superintendent of Police, Lohardaga |
| 9 | Tentative cost of Bid | Related information can be inquired from office |

Previous Advt. ID- 278982 Dt. 09.03.2023 has been rejected. Due to some technical issues.

SD/-
Superintendent of Police,
Lohardaga

PR 295814 Lohardaga (23-24)_D



## कार्यलिय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड राँची के पत्रांक 470 दिनांक 06.03.2023 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत सरकारी मान्यता प्राप्त हैचरी संचालकों एवं स्थानीय **मत्स्य स्पॉन उत्पादकों / फार्मूलेटेड फीड / फ्राई कैचिंग नेट** आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में गढ़वा जिले के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों एवं जलाशय तथा नदी छाड़न में भारतीय मेजर कॉर्प (रोहू, कतला, मुगल) के मत्स्य स्पॉन, मास फीड एवं फ्राई कैचिंग नेट वितरण किया जाना है। अतः मत्स्य स्पॉन / फार्मूलेटेड फीड / फ्राई कैचिंग नेट आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदा दिनांक 06.05.2023 के पू0 10:30 बजे से अप0 1:30 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं। तकनीकी रूप से योग्य पाए जाने वाले निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी एवं उस पर विचार किया जाएगा अन्यथा उनकी निविदा को अयोग्य करार दिया जाएगा।

निविदा जमा करने का स्थान- जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय- 06.05.2023 को पू0 10:30 से अप0 1:30 बजे तक।
निविदा खुलने की तिथि एवं समय- 06.05.2023 को 3:00 बजे अप0।
निविदा खुलने का स्थान- उपायुक्त, गढ़वा के कार्यालय कक्ष।

**नोट** :- मत्स्य स्पॉन, मास फीड एवं फ्राई कैचिंग नेट की निविदा से संबंधित विवरणी www.garhwa.nic.in तथा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/-
जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गढ़वा

PR 295788 Fish(23-24).D

**NEWS** इन ब्रीफ

### शोक संवेदना

**मेदिनीनगर।** माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू सिन्हा जी की माता श्रीमती विमला देवी जी को निधन पर झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा जी ने शोक प्रकट किया। संवेदना प्रकट करते हुए श्री सिन्हा ने कहा - इस दुख की घड़ी में झामुमो पलामू शोकाकुल परिवार के साथ है, भगवान पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान दें, हम सब उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। उनकी अंतिम यात्रा आज अपराह्न 04 बजे से अभिषेक प्रसाद जी के पैतृक निवास शिवपुरी, रांची से हरमू मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान करेगी।

### पानी पिलाएं मगर पानी बहाएं नहीं: अविनाश वर्मा

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के पहल पर पनशाला खोलने का सिलसिला लगातार जारी है। इस पहल के क्रम में एक कदम आगे बढ़ते हुए चैनपुर स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन विद्यालय द्वारा पनशाला खोली गयी। जिसका उद्घाटन संयुक्त रूप से प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, वरीय उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं कमलापुरी वैश्य समाज चैनपुर के अध्यक्ष हेमचंद प्रसाद द्वारा राहगीरों को पानी पिलाकर तथा अल्पाहार देकर किया गया। इस तपिश गर्मी में पनशाला का खुलना एक बड़ी बात है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पानी पिलाएं मगर पानी बहाए नहीं।

### समाजसेवी राजेंद्र राय जदयू पार्टी के सदस्य बने

**मेदिनीनगर।** पलामू जदयू कार्यालय में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सुधा चौधरी और पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे के नेतृत्व में सोमवार को लेस्लीगंज के राजेंद्र राय को जदयू पार्टी का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। प्रखंड अध्यक्ष बनने पर पार्टी कार्यालय में उपस्थित सभी लोगों ने राजेंद्र राय को फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर उपस्थित राजेंद्र राय ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र में जदयू पार्टी के लिए तन मन धन से काम करूंगा। मौके पर जदयू पार्टी के कार्यकर्ता मुकेश सिंह,चिंटू मेहता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### राजकुमार रवि का असामयिक निधन अपूरणीय क्षति

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने शोक विज्ञप्ति जारी कर पिछुलिया (छत्तरपुर)निवासी व बहुजन मिशन के लिए सदैव तत्पर व प्रतिबद्ध रहनेवाले संघर्ष के साथी व परममित्र राजकुमार रवि के असामयिक निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए उनके निधन को बहुजन मुभमेंट के लिए अपूरणीय क्षति करार दिया है।

## बकरी पालन से स्वावलम्बी बनी हैं माजदा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा की रहने वाली 60 वर्षीय माजदा खातून के पास चलता फिरता एटीएम है। फिलहाल उनके एटीएम कार्ड में 18 बकरियों का बैलेंस है। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए वह इसी एटीएम कार्ड का इस्तेमाल करती हैं। माजदा एक प्रगतिशील महिला बकरी पालक हैं और वर्ष 2017 से लकी आजीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। माजदा खातून पिछले कई वर्षों से बकरी पालन कर रही हैं लेकिन पूंजी की कमी की वजह से वह




ज्यादा बकरियां नहीं पाल पाती थी। इसके लिए उन्होंने अपने समूह से 35000 का ऋण लेकर अच्छी नस्ल की बकरियां खरीदी। आज उनके पास 18 बकरियां हैं। माजदा बताती हैं कि मेरे पति पहले फेरी का काम किया करते थे। आज बकरी पालन करके काफी खुश हैं। एक बकरा का बिक्री कीमत लगभग 5000 से लेकर के 7000 तक होती है। माजदा खातून के कुल 7 बच्चे हैं, जिनमें से 5 बेटियां दो लड़के हैं। छोटी बेटी की शादी अभी करनी बाकी है। इन्हीं बकरियों की मदद से जीवन यापन का सारा इंतजाम कर पाती हैं। बकरियों की वजह से उन्हें कभी दूसरों के समक्ष हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती और अपनी जरूरतों को पूरा कर पाती हैं।

## शिक्षकों को जल्द मिलेगी प्रोन्नति विभाग ने की प्रक्रिया शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति जल्द मिलने वाली हैं। शिक्षा विभाग ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार ने कालावधि पूर्ण कर चुके स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की औपबंधिक वरीयता सूची निर्माण एवं प्रकाशन का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। निदेशक के अनुसार झारखंड सरकारी माध्यमिक विद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली, 2015 यथा संशोधित नियमावली 2022 के तहत प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति के लिए कालावधि पूर्ण कर चुके स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की औपबंधिक वरीयता विभागीय वेबसाईट में प्रकाशित की जा रही है। जिसमें सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय के सूचनापट्ट पर अपने जिले से संबंधित अथवा पूरी सूची को अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना है। संबंधित शिक्षक से उक्त औपबंधिक वरीयता सूची के विरुद्ध त्रुटि सुधार व आपत्ति संबंधित अभ्यावेदन 27 तक प्राप्त करने को कहा गया है। वहीं, औपबंधिक वरीयता सूची के विरुद्ध त्रुटि सुधार व आपत्ति विहित प्रपत्र में संबंधित सूचना के लिए अभ्योवदन पत्र निर्गत की तिथि से 15 दिनों के अंदर संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी साक्ष्य सहित विशेष दूस के माध्यम से समर्पित करना सुनिश्चित करेंगें।

## पलामू में ईंट भट्ठा कारोबारी की गोली मारकर हत्या




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के छतरपुर थाना क्षेत्र में ईंट भट्ठा कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। ईंट भट्ठा कारोबारी मिथिलेश यादव (40 वर्ष) के सिर में गोली मारी गई है। इस घटना की जांच करने पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने पथराव किया और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने हत्या के विरोध में नेशनल हाइवे 98 को जाम कर दिया। पलामू में कारोबारी की हत्या के बाद पुलिस के वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ है और पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में ईंट भट्ठा कारोबार में आपसी रंजिश के कारण हत्या की बात कही जा रही है। मिथिलेश यादव छतरपुर थाना के तुकतुका गांव के रहना वाला था। पलामू में फायरिंग की घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मिथिलेश यादव रविवार रात पेट्रोल पंप में कुछ काम से गया था और छतरपुर थाना के सिलदाग पंचायत के अपग्रेड स्कूल की तरफ बाइक से जा रहा था, इसी दौरान वो इस मोड़ पर चाय पीने के लिए रूक गया। इसी क्रम में पहले से घात लगाये अज्ञात अपराधियों ने उन्हें सिर में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े लेकिन जब तक उसे अस्पताल ले जाया जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ईंट भट्ठा कारोबारी की हत्या की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार और सब इंस्पेक्टर प्रियरंजन के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस को देख ग्रामीण भड़क गये और उनपर पथराव कर दिया। इस पथराव में कुछ जवानों को चोट भी लगी जबकि पुलिस की गाड़ी को भी नुकसान पहुंचा है। छतरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात निकलकर सामने आई है कि आपसी रंजिश में हत्या हुई है। मिथिलेश यादव छतरपुर थाना के डाली के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ पार्टनरशिप में ईंट का कारोबार करता था। कोरोना काल में पार्टनर की मौत हो गई थी। थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि परिजनों के अनुसार पार्टनर के बेटे के साथ मिथिलेश यादव का विवाद चल रहा था, इसी विवाद में हत्या की आशंका जताई जा रही है, दोनों के बीच पैसे के लेनदेन का विवाद था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है और कई इलाके में छापेमारी कर रही है।

## पैसेंजर ट्रेन बंद होने से यात्री परेशान

### कोरोना काल से ही इस क्षेत्र की सीसीबी और त्रिवेणी, बीडीएम मेमू ट्रेनें बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित देश भर के लोगों को बंदे भारत ट्रेनों का तोहफा दिया जा रहा है। कई क्षेत्रों में समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा भी की गई। इसके तहत गर्मी छुट्टी में आने-जाने वाले लोगों की सुविधा के खातिर रेलवे ने 217 स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। लेकिन पलामू के गरीबों को पैसेंजर ट्रेन की बुनियादी सुविधा से भी वंचित रखा गया है। कोरोना काल से ही इस क्षेत्र की सीसीबी



और त्रिवेणी दो ट्रेनें बंद हैं। बीडीएम मेमू भी तीन महीने से बंद है। कोरोना के बाद से पलामू एक्सप्रेस का ठहराव भी कई स्टेशन पर बन्द है। सबसे बड़ी और तकलीफदेह बात तो यह है कि पलामू में पैसेंजर ट्रेनों को अब भी स्पेशल दर्जे के साथ चलाया जा रहा है। क्षेत्र की गरीब जनता से पैसेंजर ट्रेन के लिए एक्सप्रेस का भाड़ा वसूला जा रहा है। पलामू प्रमंडल के साथ डेहरी, चंदवा, बरकाकाना, रेणुकूट व चोपन मार्ग के लोग तीन गुना अतिरिक्त भाड़ा देकर सफर कर रहे हैं। रेलवे की इस मनमानी से उपभोक्ता परेशान हैं। पलामू में प्रतिदिन रेल से यात्रा करने वालो की संख्या भी अधिक है। जिसमे युवा, विद्यार्थियों, महिलाओं की संख्या अधिक होती है।सब्जी बेचने वाले से लेकर पढ़ाई करने वाले तक रेल की सेवा लेते है। ऐसे में भाड़ा में वृद्धि के कारण पहले से अब अधिक खर्च करना पड़ रहा है।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर व पार्क परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण धर्म के तहत दो दिवसीय गोष्ठी आयोजित की गई।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू में बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब पलामू प्रमंडल के लोग खुद पलामू छोड़कर भागने पर विवश हो जाएंगे। उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ वन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि एक तो पलामू से होकर कर्क रेखा गुजरने के कारण इसे पहले से ही ब्लैक शैडो जोन में रखा गया है। दूसरी तरफ वनों के बेतहाशा कटने से पत्थर पहाड़ नंगे होने के कारण प्रचंड गर्मी अचानक बढ़ी है।

## स्कॉर्पियो और बाइक में हुई टक्कर



**मेदिनीनगर।** नावाबाजार में स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के निवासी सरवन कुमार रविवार को अपने मित्र के साथ बाइक पर सवार होकर अपने साली के शादी का कार्ड बांटने के लिए नावा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कंडा गया था। इसी बीच उधर से घर लौटने के दौरान रास्ते में उनकी बाइक की टक्कर स्कॉर्पियो से हो गई। जिसमें बाइक सवार सरवन कुमार और दिलीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इसकी जानकारी नावाबाजार थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही नावाबाजार थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान दिलीप कुमार पिता बाबूराम की मौत हो गई।वही इस घटना के बाद पुलिस स्कॉर्पियो वाहन को पकड़कर थाना ले गई है। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल है।

## मनरेगा के कार्यों में खुलेआम अनियमितता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड स्थित भंडार पंचायत में मुखिया की रिश्तेदार के द्वारा पंचायत के सभी कार्यों में दखलअंदाजी की जा रही है। चाहे वह मनरेगा, 15वें वित्त या किसी भी तरह की कार्य क्यों ना हो। पंचायत की मुखिया आरती देवी का हस्ताक्षर भी उसके रिश्तेदार के द्वारा कर कार्य को संपादित किया जा रहा है। जिसकी शिकायत भी समय-समय पर की जाती रही है। लेकिन रिश्तेदार की दबंगई के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही। नतीजतन रिश्तेदार की कार्यशैली सर चढ़कर बोल रहा है। भंडार पंचायत की पूर्व वार्ड सदस्य सुनैना देवी के द्वारा पलामू उपायुक्त के नाम आवेदन देकर मुखिया व उनके रिश्तेदार की कार्यशैली की शिकायत की गई है। आवेदन में लिखा है कि भंडार पंचायत की मुखिया आरती देवी के द्वारा किसी भी कागजात या अभिलेख पर हस्ताक्षर नहीं किया जाता है। यह सच है कि नाम जरूर मुखिया आरती का ही होता है लेकिन रिश्तेदार के द्वारा हस्ताक्षर से पूरे किए जाते हैं। पंचायत में आय,जाति और निवास के कार्यों में पैसों की उगाही की जाती है। मनरेगा के कार्यों में लूट मची



है। पूर्व से कराए गए ग्रेड-1 पथ पर मिट्टी मोरम डाल कर मनरेगा से दो पथ निर्माण की राशि निकाल ली गई। जिसमें जेसीबी और ट्रैक्टर का उपयोग किया गया। भंडार मध्य विद्यालय के मैदान को ट्रैक्टर से जुताई कर समतलीकरण के नाम पर पैसों की निकासी कर ली गई। इतना हीं नहीं पंचायत के ग्राम टोना में मनरेगा से जितनी भी योजनाएं की गई है सभी कार्यों में जेसीबी का प्रयोग किया गया है। इतना हीं नहीं नियमानुसार कोई भी कार्य नहीं किया गया है। डोभा की खुदाई महज पांच फिट भी नहीं की गई है। फिर भी कनिय अभियंता की मिलीभगत से पूरी राशि की निकासी कर ली गई। पूर्व वार्ड सदस्य महिला सुनैना देवी ने पूरी मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

**मुखिया आरती देवी स्वयं सहायता समूह की बतौर सचिव आज भी करती कार्य :** पंचायत चुनाव के पहले से हीं भंडार पंचायत की मुखिया आरती देवी के द्वारा गुलाब स्वयं सहायता समूह का संचालन किया जाता है। जिसमें बतौर सचिव कार्य करती रही है। पंचायत चुनाव में मुखिया का चुनाव जीतने के बाद भी गुलाब स्वयं सहायता समूह कि बतौर सचिव कार्य करती रही है। जो लोक जन प्रतिनिधित्व कानून का खुलेआम उल्लंघन है।

## मैटिक्स इंस्टीट्यूट की ब्रांच का शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड में स्थित केपीजे कॉन्प्लेक्स में शुक्रवार को रांची के मैटिक्स इंस्टिट्यूट का ब्रांच का शुभारंभ जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने की।वहीं विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत पौधा दान किया । पर्यावरण धर्म का पहला मूल मंत्र के तहत जीवन के कोई भी शुभ कार्यो में पौधा लगाना या दान करने का विधान है। वन राखी मूवमेंट के प्राणेता कौशल ने कहा कि शिक्षा ऐसा पूंजी है जिसे कोई नहीं ले सकता। शिक्षा वह चाबी है जिससे विकास का कोई भी ताला को खोला जा सकता है । आज उसी उद्देश्य को लेकर शिक्षा संस्थान मैटिक्स को खुलते ही विभिन्न कोर्स में सैकड़ों बच्चों ने दाखिला लिया है। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि जितना तेजी से जिले का विकास हुआ है उस अनुपात में शिक्षा संस्थान विकसित नहीं हुआ है। जिससे यहां के युवा दूसरे शहरों में बेहतर शिक्षा के लिए जाना पड़ता है। इसीलिए उनके प्रयास से मेदिनीनगर में भी झारखंड का प्रसिद्ध संस्थान मैटिक्स इंस्टिट्यूट की शाखा खोली गई है। इससे अब युवाओं को अब बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगा। बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि बाईपास रोड स्थित केपीजे कंपलेक्स में एक साल के अंदर जिला वासियों की सुविधा के लिए चार ब्रांडेड कंपनियों को दुकानें खोलने का स्थान दिया गया है। संस्था के मेदिनीनगर शाखा के निदेशक अनुराग श्रीवास्तव ने कहा है कि कम फीस में अच्छी शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है।

**नजरिया**

### कोयल रिवर फ्रंट का उद्घाटन

# सांसद ने कहा, निगम ने किया सराहनीय कार्य

## अतिथि देवो भव : महापौर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार की संध्या 7 बजे से स्थानीय कोयल नदी पर कोयल रिवर फ्रंट का उद्घाटन सामूहिक रूप से सांसद बीडी राम, विधायक आलोक चौरसिया, महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह, आरक्षी अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त रवि आनंद, जेएमएम के जिला अध्यक्ष गुड्डु, एनडीसी शैलेश कुमार एवं सहायक नगर आयुक्त परितोष प्रियदर्शी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ' कार्यक्रम की शुरूआत शहर से आए गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थित पार्षदों द्वारा 101 नारियल फोड़कर हुई। बनारस से आए दशाश्वमेध घाट के मुख्य पुजारी एवं सहयोगि पंडितों द्वारा गंगा आरती कर प्रारंभ किया गया ' गंगा आरती के वक्त कोयल तट पर उपस्थित लगभग 15 हजार महिला पुरुषों की भीड़ पूर्ण रूप से भक्तिमय होकर आरती में लीन हो गई ' शंख और घंटियों से वातावरण बनारस के दशाश्वमेध घाट की याद दिलाता रहा ' पूरे घाट के मनोरम दृश्य, लाइटों की सजावट को देख निगम की प्रशंसा होती रही ' पलामू पुलिस द्वारा ऐतिहासिक व्यवस्था की गई ' सांसदबीडी राम ने उद्घाटन करते हुए कहा हमारा शहर बहुत तेजी से बदल रहा जिसके लिए मैं महापौर अरुणा शंकर ,मंगल सिंह एवं उनकी टीम को बधाई देता हूं ।उन्होंने कहा कि बहुत जल्द फोरलेन बनने जा रहा है। जिससे शहर की दूरी राजधानी से कम होगी, आवागमन सुरक्षित होगा ' निगम क्षेत्र एवं निकायों



की तस्वीर बदलने के लिए भारत सरकार कई योजनाएं बना रही है। हमारा मेदनीनगर निगम भी महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में चल पड़ा है । महापौर अरुणा शंकर ने अतिथि देवो भवःके साथ उपस्थित सभी निगम वासियों का अभिनंदन करते हुए कहा मैं अपने 3 वर्षों के कार्यों में एक कोयल रिवर फ्रंट जनता को समर्पित करती हूं। जल्द गांधी उद्यान, महिला पिंक सिटी बस , और चौक चौराहे जनता को समर्पित करूंगी। ' मैंने अपने कार्यकाल में जहां शहरों की साफ-सफाई बढ़ाई, वही कई नए पुराने क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने का भी काम किया।जहां मैंने रोड और नाली बनवाई ,वही कई पार्क भी बनवाएं। जहां मैंने ससम्मान अंतिम यात्रा हेतु वातानुकूलित शव वाहन मंगाया वही राजा हरिश्चंद्र घाट एवं चैनपुर घाट का भी निर्माण कराया। जहां मैंने टैक्सी स्टैंड बनवाई ,वही महिलाओं की सुरक्षित यात्रा हेतु पिंक सिटी बस भी मंगवाया ।यह सब मेरे भाई मंगल सिंह, पार्षदों,बेहतरीन निगम कर्मियों एवं झारखंड सरकार नगर विकास के सहयोग से कोरोना के बाद गत 3 वर्षों में हो पाया है ' आरक्षी अधीक्षक चंदन सिन्हा ने इस मनोरम कोयल तट पर बने कोयल रिवर फ्रंट की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए पानी के महत्व को गहराई से बताया और कहा उस पानी की पूजा के लिए इतना मनोरम घाट बनाकर निगम ने ऐतिहासिक कार्य किया है ' । जेएमएम जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने भी निगम के कार्यों की सराहना की और कहा महापौर अरुणा शंकर ने अच्छा कार्य किया है । साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नगर विकास मंत्री भी है।जिनके सहयोग के लिए बधाई देते हुए कहा झारखंड में चारों और चौमुखी विकास हो रहा है।कार्यक्रम की शुरूआत नगर आयुक्त रवि आनंद करते हुए इस कोयल रिवर फ्रंट हेतु फंड देने के लिए माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

**इधर** झामुमो नेता दीपक तिवारी में नगर निगम की मेयर अरुणा शंकर पर कोयल रिवर फ्रंट का उद्घाटन करा अपनी विफलताओं को छुपाने का आरोप लगाया है। तिवारी ने कहा है कि कोयल रिवर फ्रंट का अभी निर्माण पूरा नहीं हुआ था और उद्घाटन कर दिया गया। यह लूट की योजना है। मेदिनीनगर शहर की सबसे बड़ी समस्या जल संकट है। इस समस्या के समाधान के लिए 5 साल में मेयर ने कुछ नहीं किया है। स्थिति जहां 5 साल पहले थी वहीं पर है। उन्होंने कहा है कि कोयल रिवर फ्रंट के उद्घाटन के नाम पर लाखों सरकारी रुपयों की फिजूलखर्ची की गई है। चाहती हैं। तिवारी ने कहा कि निगम क्षेत्र में कहीं भी कोई खेल का मैदान नही है।जिससे यहां के खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा को निखारने के अवसर नही मिल पाता।बेलवाटिकर में गांधी मैदान के रूप में एक खेल का मैदान भी था। पार्क बनाने के नाम पर गांधी मैदान भी कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गया।

## मेरीन ड्राइव का उद्घाटन मेयर का ढकोसला : रूचिर

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने मेदिनीनगर नगर निगम के कोयल नदी के किनारे बना मेरीन ड्राइव के उद्घाटन को मेयर का ढकोसला बताया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय मिस्त्री और मजदूरों ने भी कहा कि कोयल नदी के ही बालू से मेरी ड्राइव बन रहा है पलामू उपायुक्त के पास पत्र लिखने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आम जनता के टैक्स के पैसे की मोटी रकम मरीन ड्राइव बनने के बाद आसानी से मेयर के पास में कमीशन के रूप में आ जाती है। कोयल नदी के किनारे पहले से बना हुआ घाट को भी बर्बाद कर दिया गया और उसमें भी टेंडर निकाल कर पैसा का बंदरबांट किया गया कुल मिलाकर नदी का मरीन ड्राइव निगम वासियों के टैक्स के पैसा को बंदरबांट कर अपना झोली भरने का रास्ता साफ किया गया इससे न तो आम जनता को पानी की किल्लत दूर होगी और ना ही उनको कोई राहत मिलेगी। जितना पैसा खर्च करके मरीन ड्राइव का उद्घाटन किया गया उससे कम पैसा में शहर के विलुप्त हो चुके मिशन स्कूल के पास का तालाब, रेड़मा स्थित तालाब का गहरीकरण हो जाता तो निगम वासियों का चापाकल का जल स्तर बरकरार रखता। केवल गर्मी के महीने में कुछ चंद लोगों के घर ट्रैक्टर से पानी दे देने से समस्या दूर नहीं होगी बल्कि स्थाई जल स्त्रोत बरकरार रखने के लिए निगम के सभी तालाबों का गहरीकरण होना आवश्यक है।

# अलग-अलग मामलों के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मेराल। प्रतिनिधि**

मेराल पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत अलग-अलग मामले के दो प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के अनुसार मेराल थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव निवासी अशफाक अंसारी पिता बसीर अंसारी को दहेज उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अशफाक के खिलाफ दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के तहत मई 2022 में मेराल थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। तब से अशफाक फरार चल रहा था। उसे मेराल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक अन्य मामले में बालू का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने के आरोपी गढ़वा थाना क्षेत्र के चमरही गांव निवासी सद्दाम हुसैन पिता रोशन खान को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



### चिपकाया इश्तेहार

रंगदारी मांगने के मामले में विगत 5 वर्षों से फरार अभियुक्त मझियांव थाना क्षेत्र के वीरबंधा गांव निवासी महेंद्र चौधरी पिता नंदू चौधरी के घर गढ़वा न्यायालय के आदेशानुसार सोमवार को मेराल पुलिस द्वारा इश्तेहार चिपकाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि फरार प्राथमिकी अभियुक्त महेंद्र चौधरी के खिलाफ मेराल थाना में जून 2017 में रंगदारी मांगने एवं धमकी देने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। तब से लेकर अभी तक अभियुक्त महेंद्र चौधरी फरार चल रहा है।

उक्त मामले में गढ़वा न्यायालय द्वारा महेंद्र चौधरी के खिलाफ इश्तेहार निकालने का निर्देश जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार सोमवार को मेराल थाना के एसआई अजीत कुमार ने मझियांव पुलिस के उपस्थिति में महेंद्र चौधरी के घर ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी ने कहा कि अगर महेंद्र चौधरी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं होता है तो कुर्की जब्ती की करवाई की जाएगी।

# बीडीओ ने निर्माणाधीन आवास को अविलंब पूर्ण करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

बीडीओ सोमा उरांव ने सोमवार को प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ सुनील कुमार, कनीय अभियंता मुकेश कुमार दुबे व पंचायत सचिव के साथ-साथ सभी रोजगार सेवकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान संचालित मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने निमार्णाधीन आवास को अविलंब पूर्ण कराने का निर्देश कर्मियों को दिया। साथ ही उन्हें कहा



गया कि जिन लाभुक द्वारा राशि लेकर आवास नहीं बनाया जा रहा है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। वहीं मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान जॉब कार्ड को आधार से लिंक कराने के साथ-साथ पूर्ण हुई सभी तरह की योजनाओं को अविलंब बंद करने का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में भाग लिए पंचायत सचिवों को बिरसा हरित क्रांति योजना को लेकर स्थल चयन करने के अलावा नदी किनारे पौधरोपण को लेकर भी स्थल चयन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायत सचिव सुनील कुमार, सुदर्शन राम, राजकुमार राम, ज्ञानेंद्र कुमार, रोजगार सेवक दिनेश कुमार, बृजमोहन कुमार, सुनील कुमार, दामोदर कुमार रवि, प्रमोद कुमार प्रजापति इत्यादि लोग उपस्थित थे। इस मौके पर बीडीओ ने कर्मियों को कहा कि निर्देश मिले सभी तरह के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समन्वय के साथ पूर्ण करें।

## NEWS इन ब्रीफ

### पत्नी से झगड़ाकर खाया जहर, सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के बरदरी गांव निवासी एग्नासियुस टोप्पो पिता अल्वीस टोप्पो ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में उसके स्वजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी में नोंकझोंक हुई थी। इससे गुस्से में आकर एग्नासियुस टोप्पो ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सदर अस्पताल में इलाजरत एग्नासियुस टोप्पो की हालत स्थिर बनी हुई है।

### सेमरी गांव में किशोरी ने आत्महत्या का किया प्रयास

**गढ़वा।** पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी दिनेश रजवार की पुत्री रुपा कुमारी ने सोमवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि घर में कामकाज नहीं करने पर अभिभावकों ने रुपा कुमारी को डांट फटकार किया था। इससे गुस्से में आकर रुपा कुमारी सब्जी के लत्तर पर छिड़कने के लिए घर में रखे हुए कीटनाशक को पी गई। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने पर स्वजनों को इसकी जानकारी मिली। तब उसे अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया।

### 20सुत्री अध्यक्ष अंसारी ने बीडीओ को दिया सुझाव

**डंडाई।** तीन वर्षों तक प्रखंड में सेवा देने वाले कर्मियों का जाना अब तय हो गया है। 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी ने मामले को लेकर सोमवार को बीडीओ को एक पत्र दिया है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि प्रखंड के वैसे प्राधिकारी, कर्मी व कंप्यूटर ऑपरेटर जिनका प्रखंड में सेवा देते तीन वर्ष का समय पूर्ण हो गया है। वैसे व्यक्तियों का नाम अवधि के साथ जिला कार्यालय भेजा जाए। साथ ही उक्त प्रतिलिपि की कॉपी उनके द्वारा बीडीओ से मांगी गई है।

## पलामू के सांसद की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक

# दिशा की बैठक में विभिन्न कार्यों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

समाहरणालय के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की कार्रवाई प्रारंभ होने से पूर्व उपायुक्त शेखर जमुआर ने सांसद समेत बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक में निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन द्वारा एक-एक कर पिछली दिशा की बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की जानकारी समिति के समक्ष रखा।



बैठक में सांसद द्वारा मुख्य रूप से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, अनापत्ति प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, 15वें वित्त के तहत योजना, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत जलापूर्ति योजना, वन विभाग से जुड़े मामले, भू अर्जन, मुआवजा भुगतान, विद्युत आपूर्ति, शिक्षा विभाग से जुड़े मामले, कल्याण विभाग अंतर्गत बिरसा आवास/ धूमकुड़िया भवन/ छात्रवृत्ति/ कब्रिस्तान/ सरना स्थल से जुड़े मामले, आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशन कार्ड से जुड़े मामले, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामलें, खनन विभाग अंतर्गत बालू घाट से जुड़े मामले, श्रम विभाग, लघु सिंचाई समेत अन्य मामलों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा कर पूर्व में दिए निदेर्शों के अनुपालन की जानकारी ली गई एवं कई अन्य आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। कुछ मामलों में पूर्व में दिए निदेर्शों का अनुपालन नहीं करने को लेकर सांसद द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्य करने एवं दिए जाने वाले निर्देश का अक्षरसः अनुपालन करने को कहा गया, जिससे सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जा सके एवं अधिक से अधिक लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

### विद्यालयों में अच्छे से पठन-पाठन हो

जिले में शिक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए बैठक में सांसद ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों में हो रहे पठन-पाठन, उनमें पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था एवं उन्हें दी जाने वाली भोजन आदि की जानकारी लिया। उन्होंने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों में अच्छे से पठन-पाठन हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ हीं सभी विद्यालयों में मेनू अनुसार भोजन, पेयजल एवं शौचालय की सुविधा को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में संसद द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल से जिले में किए जा रहे विद्युत आपूर्ति की जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में उपायुक्त ने यह जानकारी दिया कि जिले के सभी पंचायत भवनों को सशक्त किया जा रहा है, उनमें ऑनलाइन सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। जिससे आमजनों को जिले का चक्कर न लगाना पड़े एवं पंचायत स्तर पर ही लोगों को सुविधा मिल सके। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी से बिरसा आवास धूमकुड़िया भवन, सरना स्थल, कब्रिस्तान एवं प्री/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति भुगतान की भी जानकारी ली गई। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बिरसा आवास योजना को लेकर वर्ष 2020 से 2023 तक के आंकड़े प्रस्तुत किए। साथ हीं छात्रवृत्ति भुगतान को लेकर उन्होंने बताया कि जिले में प्री मैट्रिक छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति राशि का भुगतान किया गया है एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु वर्तमान में आवेदन भरे जा रहे हैं। इस दौरान सांसद द्वारा कई निर्देश भी दिए गए।

### राशन कार्ड निर्माण की भी जानकारी ली गई

बैठक में सांसद द्वारा आपूर्ति विभाग से राशन कार्ड निर्माण संबंधित भी जानकारी ली गई। जिले को सुखाड़ घोषित होने के पश्चात से दी जाने वाली सहायता राशि समेत अन्य सुविधाओं की भी संबंधित विभाग से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ हीं मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों ने प्रतिनियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर जो जानबूझकर कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं उन्हें चिन्हित कर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सांसद को बताया कि जिले में सभी चिकित्सकों को अपने प्रतिनियुक्त स्थान पर बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश जारी किया गया है। मौके पर सांसद ने मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी से ट्रॉमा सेंटर में प्रतिनियुक्त डॉक्टर की भी जानकारी लिया। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान बालू घाट के विषय पर भी सांसद ने जानकारी ली।

### पंचायत समिति अध्यक्षों ने भी उठाए कई मुद्दे

साथ हीं जिले में श्रम विभाग अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित योजनाएं, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के तहत सभी हाउसहोल्ड को जलापूर्ति योजना से जोड़ने, चापाकल मरम्मती एवं लघु सिंचाई विभाग से जुड़े मामलों पर भी सांसद द्वारा जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित पंचायत समिति अध्यक्षों द्वारा भी सदन में कई मुद्दे भी उठाए गए। खरौंधी पंचायत समिति अध्यक्ष ने उनके क्षेत्र में पेयजल संबंधी समस्या का मामला उठाया, साथ हीं कस्तूरबा विद्यालय से जुड़े कुछ मामलों को भी सदन में रखा। उपायुक्त ने मामलों की जांच एवं कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में पंचायत समिति अध्यक्ष रमना द्वारा बताया गया कि उनके क्षेत्र में कुछ घरों के ऊपर से विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत विभाग द्वारा तार खींचा गया।

### गुणवत्ता के मामले में सबसे बड़ा अस्पताल है पीएमसी : सीएस

**गढ़वा।** डॉक्टर जेपी सिंह लाइफ केयर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से शहर के चिनिया रोड में संचालित परमेश्वरी मेडिकल सेंटर का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, निदेशक डॉ जेपी सिंह डॉ. निशांत कुमार सिंह, कैंसर डॉ. गुंजन कुमार सिंह डॉ. मदन गुप्ता ने किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि गढ़वा जिले में स्वास्थ्य क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है। चाहे वह निजी अस्पताल हो या सरकारी अस्पताल दोनों ही बेहतर कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के मामले में परमेश्वरी मेडिकल सेंटर पलामू प्रमंडल का सबसे बड़ा अस्पताल है, जहां एक-एक कर आधुनिक तरीके से विभिन्न तरह के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले गढ़वा के लोगों को विभिन्न तरह की सर्जरी के लिए विभिन्न प्रदेशों में जाना पड़ता था, जहां काफी रुपये खर्च हो जा रहे थे लेकिन सदर अस्पताल की सुविधा और परमेश्वरी जैसे अस्पताल खुलने से आजमा के मरीजों को दूसरी जगह जाना नहीं पड़ रहा है। निदेशक डॉ. जेपी सिंह ने कहा कि 1988 से गढ़वा जिले में परमेश्वरी मेडिकल सेंटर सेवा देते आ रहा है। मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. कमलेश कुमार, पूर्व सिविल सर्जन डॉ. एनके रजक, डॉ. आरएमएस दिवाकर, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. रागिनी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## पंचायती राज दिवस मनाया



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जेएसएलपीएस विलासपुर कलस्टर अंतर्गत ग्राम हुलहुला खुर्द व बिलासपुर पंचायत भवन में सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत भवन परिसर से स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई, जो पंचायत भवन परिसर से निकलकर गांव के विभिन्न टोलों का भ्रमण करते हुए पुनः पंचायत भवन परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हो गई। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, पंचायत की मुखिया सुशीला देवी, अनुराधा देवी, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र प्रसाद, रोजगार सेवक श्रवण राम, सामुदायिक समन्वयक राजकुमार राम, जेंडर सी आरपी पूनम देवी, पिंकी देवी, वाजदा खातून, शशि प्रभा, रहीशा, शीला देवी, नूरजहां, रेशमा, कमला आदि उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन के धक्के से एक व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के झगराखांड गांव निवासी श्याम सुंदर राम पिता स्व.पृत राम रविवार की रात में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। स्वजनों ने बताया कि श्याम सुंदर राम रविवार की देर शाम को गांव में घुमने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन वह रात में घर नहीं लौटा।वह गांव में ही शराब पीकर देर रात घर लौट रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन के धक्के से घायल हो गया। रात भर वह सड़क पर ही पड़ा रहा। सोमवार की अलसुबह किसी ने श्याम सुंदर राम को वहां पड़े देखकर घरवालों को सूचना दी।

### जिप सदस्य नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए

**खरौंधी(गढ़वा)।** सीमावर्ती राज्य उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले के ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजू देवी पति सुशील पासवान के नामांकन में जिला परिषद सदस्य सह झामुमो जिला सचिव धर्मराज पासवान ने अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। जिला परिषद सदस्य ने बताया कि ओबरा नगर पंचायत मेरे गृह प्रखंड़ के बगल में ही हैं और संजू देवी राजनीति में काफी सक्रीय रूप से कार्य करती आ रही है। मौके पर उपप्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष देवदत प्रसाद आर्य, बिनोद यादव, अरविंद पासवान, शशि पासवान, राकेश उराँव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मनरेगा में ट्रैक्टर से कार्य, बीडीओ से की गई शिकायत

**केतार।** उप प्रमुख शम्भु सिंह खरवार सहित दर्जनों मजदूरों ने सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ को लिखित आवेदन देकर मनरेगा योजना में मजदूरों के बजाय ट्रैक्टर से कार्य कराने की शिकायत की है। साथ ही योजना बंद कराते हुए निकाशी राशि रिकवरी कराने की मांग किया है। वार्ड सदस्य फूलदेव सिंह, मजदुर सागर सिंह,छोटन सिंह,अदरू सिंह, उमेश साह, मान देंव सिंह, विशेश्वर सिंह,राजनाथ सिंह ,सुरेश सिंह, कमलेश सिंह सहित अन्य मजदूरों ने बताया की खोनहर गांव में चंद्रदेव सिंह के खेत में मनरेगा योजना से 4 लाख 43 हजार रुपये की लागत से तालाब निर्माण स्वीकृत है। जिसमें मजदूरों के नाम पर मजदूरी 19 हजार 8 सौ 90 रू भुगतान भी कर दिया गया है।


**उपायुक्त का कार्यालय,**
**(समाज कल्याण शाखा), लातेहार।**

**Expression of Interest**

इच्छा की अभिव्यक्ति

सरकार के सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के पत्रांक 894 दिनांक 06.04.2023 के आलोक में जिलान्तर्गत ग्राम – डुडंगीकला, पो0–लातेहार, जिला – लातेहार में नवनिर्मित ओल्ड एज होम के संचालनार्थ स्वयंसेवी / गैर सरकारी / अन्य संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त करने के निमित्त आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

ओल्ड एज होम के संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्था / सोसाईटी विभागीय मार्गनिदेश ज्ञापांक 2479 दिनांक 27.12.13 एवं पत्रांक 3430 दिनांक 18.8.2017 अंतर्गत वर्णित विवरणी के आलोक में मुहरबंद लिफाफे में जिला समाज कल्याण कार्यालय, विकास भवन, प्रथम तल, लातेहार में दिनांक 15.05.2023 के अपराहन् 03.00 बजे तक अपना आवेदन स्पीड पोस्ट / डाक के माध्यम से जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी जिला समाज कल्याण कार्यालय के सूचना पट् अथवा जिले के **NIC Website :- latehar.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
लातेहार।

PR 295812 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)D


## कार्यक्रम — वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह का हुआ आयोजन

# वीर कुंवर सिंह की वीरता पर डाला गया प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभप्रधानाचार्य रविकांत पाठक, आचार्य नंदलाल पांडेय, नीरज कुमार सिंह व पूजा कुमारी ने संयुक्त रूप से मां शारदे, ओम, भारत माता और वीर कुंवर सिंह के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कक्षा दशम की बहन आरुषि कुमारी और कक्षा पंचम की बहन शचि समृद्धि ने बाबू कुंवर सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला। कक्षा नवम की बहन शाम्भवी, शिखा रानी , शानू और रिचा चौबे ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत की।



आचार्य नीरज कुमार सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह को बचपन से ही शौर्य प्रदर्शन, कुश्ती आदि में अभिरुचि थी। वे अपने बाएं बाह में अंग्रेज सैनिकों द्वारा गोली मारने के बाद संक्रमण फैलने के भय सेअपने दाएं हाथ में तलवार लेकर बाएं हाथ को काटकर गंगा जी को समर्पित कर दिया। उन्होंने यूनियन जैक झंडा को उतार कर अपना भारतीय झंडा फहराया।

उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह के जीवनी से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। कक्षा पंचम के भैया निशांत कुमार ने वीर कुंवर सिंह बनकर झांकी की प्रस्तुति दी जो आकर्षण का केंद्र था। समारोह में आचार्य कौशलेंद्र झा, सुधीर श्रीवास्तव, नंदलाल पांडेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय, सतेंद्र प्रजापति, पिंटू कुमार सिंह, अविनाश कुमार, नीरज सिंह, विवेक कुमार, प्रसुन कुमार, आरती श्रीवास्तव, नीति कुमारी, सुप्रिया कुमारी, रेणु कुमारी, रेणु पाठक, पूजा कुमारी, संध्या कुमारी, तन्वी कुमारी सहित सभी भैया-बहन उपस्थित थे।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/03/2023-24**

**1. Detail of work**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation/ Beautification of K.B. Sahay Park Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 14,95,000/- | 30,000/- | 5,000/- | (45 days) |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 27.04.2023 at 11:00 A.M. | | | |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | 06.05.2023 up to 2:00 P.M. | | | |
| 4 | Hardcopy Submission date | 08.05.2023 up to 2:00 P.M. | | | |
| 5 | Bid Opening date | 08.05.2023 at 02:00 P.M. | | | |
| 6 | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag | | | |
| 7 | Contact No. of Procurement officer | 9431797115 | | | |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- No Hard Copy will be accepted after 08-05-2023 up to 2.00 PM.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer
Municipal Corporation, Hazaribag

PR.NO.295848 Urban Development and Housing(23-24):D

# हर घर पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त ने बैठक में पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अन्तर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल योजना से संबंधित हो रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्यपालक अभियंता को कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिले अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। संवेदक द्वारा जिले में एफएचटीसी एवं सोलर आधारित जलापूर्ति से




संबंधित कार्यों की समीक्षा कर कार्यपालक अभियंता को ससमय योजनाओं को पूर्ण कराने की दिशा में निर्देश दिये। एफएचटीसी एवं सोलर आधारित जलापूर्ति योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रखंड वार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ठोस, तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत गांव की स्टार रेटिंग से संबंधित कार्य की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा बैठक में शौचालय निर्माण की प्रगति के बारे जानकारी ली। साथ ही बोलबा प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय आवगा के स्कूली बच्चों के लिए शौचालय निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता को एस्टीमेट तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिया। उपायुक्त ने विभाग को जलापूर्ति हेतु मरम्मती के लिए प्राप्त शिकायत की जानकारी ली। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को प्राप्त शिकायतों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने की बात कहीं। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल श्री मंतोष कुमार मणी, सहायक अभियंता, जिला समन्वयक एवं जिला जल व स्वच्छता समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## बैठक में पीएमईजीपी की समीक्षा की गई

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस. की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की समीक्षा हुई। समीक्षा में सभी संबंधित बैंकों के बैंक प्रबंधक व समन्वयक शामिल हुए। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा बैंकवार पीएमईजीपी के निष्पादित व लंबित आवदनों की समीक्षा की गई और लंबित आवेदनों को जल्द निष्पादित करने का निदेश बैंक प्रबंधकों को दिया गया। नये वित्तीय वर्ष में आवेदन सृजन से संबंधित निदेश दिये गये। अग्रणी बैंक प्रबंधक, द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों को मनरेगा और आवास योजना (ग्रामीण) के लाभुकों का आधार मिलान करते हुए आधार सीडिंग संबंधी निदेश दिये गये।

# महिला बच्ची के साथ ट्रेन के आगे कूदी, बच्ची की मौत; महिला गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सदर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के समीप रेल लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसे रिम्स रेफर किया गया है। महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला अपनी बच्ची को लेकर चलती ट्रेन के आगे कूद पड़ी। रेलवे पुलिस के जवानों ने महिला और बच्चे को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच उपरांत चिकित्सक विवेक मधुर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं महिला की स्थिति भी



गंभीर बनी हुई है। घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर हेमंत कुमार का कहना है कि महिला और बच्ची रेलवे स्टेशन से बहुत पहले ट्रैक पर घायल पाए गए हैं, जिसे त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### निर्वाचन संबंधी कार्यो को समयबद्ध करें

**कुडू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में सोमवार को प्रखंड के सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने सभी बीएलओ को निर्वाचन सम्बन्धी कार्यो को समयबद्ध तरीके से त्रुटि रहित कार्य करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर सुनील चंद्र कुंवर के अलावा बीएलओ उपस्थित थे।

### पशुधन विकास केंद्र का किया उद्घाटन

**केरसई।** लीड्स एवं अंधेरी हाफ बॉन के सहयोग से सोमवार को केरसई प्रखंड के बाघडेगा पंचायत अंतर्गत कोनसकेली ग्राम के महकुरटोली आंगनवाड़ी केंद्र, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोनस्केली एवं समेकित पशुधन विकास केंद्र कोनसकेली का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे परियोजना समन्वयक रंजीत भेंगरा, अजीविका विशेषज्ञ मोहमद इब्राहिम, पशु विशेषज्ञ संदीप कुमार, समुदाय कार्यकर्ता बिनीता लकड़ा, सुमीरा, विवेक, प्रदीप, अमीषा कुमारी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कर्मियों ने की काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी

**बानो।** सीएचसी बानो के एमपी डब्ल्यू संघ ने अपनी मांगों को लेकर सरकार द्वारा कोई सुनवाई नही होने पर सोमवार को काला बिल्ला लगाकर डियूटी किया। मालूम हो कि झारखंड प्रदेश के सभी प्रखंडों में एमपीडब्ल्यू संध के आवाहन पर सभी कर्मी काला बिल्ला लगा कर कार्यस्थल को गये।

### विधायक भूषण बाड़ा ने जताया शोक

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू के माताजी विमला देवी के निधन पर गहरी शोक संवेदना ब्यक्त किया है। विधायक ने शोक ब्यक्त करने हुए दिवंगत माताजी के आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की है। कहा है कि इस दुःख की घड़ी में ईश्वर दिवंगत के परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे।

## टोलों- मोहल्लों में लगे अधिकांश चापाकल व जलमीनार खराब

# गुमला के चैनपुर प्रखंड में पेयजल संकट गहराया

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**
गर्मी की दस्तक के साथ ही प्रखंड में पेयजल का संकट गहराने लगा है। टोलों- मोहल्लों में लगे अधिकांश चापाकल और जलमीनार खराब पड़े हैं। लोगों को पानी के लिए भटकते देखा जा रहा है। कड़ी मशक्कत और जद्दोजहद के बाद लोग पानी का जुगाड़ कर पा रहे हैं। पानी की कमी के कारण जीवन यापन मुश्किल हो रही है।

बता दें कि चैनपुर मुख्यालय में लगे कई जल मीनार सालों से खराब पड़े हुए हैं जिसका सुध लेने वाला भी कोई नहीं है। ग्रामीण खुद से चंदा इकट्ठा कर इसकी मरम्मत कराते हैं जिसके बाद यह काम करता है। मगर आलम यह है कि अब कई जल मीनार ऐसे हैं जिसकी ग्रामीण भी मरम्मत करा कर थक चुके हैं। चैनपुर मुख्यालय के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में लगे जल मीनार विगत 2 वर्षों से खराब होकर बंद पड़ा है जिसके चलते वहां पढ़ने वाले बच्चों को पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय प्रबंधक समिति के



लोगों ने बताया कि खराब जल मीनार के बारे में पूर्व में ही स्थानीय मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों का अवगत कराया गया था लेकिन अभी तक इसका मरम्मत नहीं हो पाया है। इधर गर्मी बढ़ जाने से स्कूल में पानी की घोर किल्लत हो रही है स्कूल परिसर में एक चापाकल है जिससे बच्चे अपनी प्यास बुझा रहे हैं। इस भीषण गर्मी में लापरवाह विभाग को लोगों को पानी की हो रही परेशानी की कोई चिंता नहीं है।

लोगों ने कहा कि सरकार के द्वारा लोगों को पेयजल समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से जगह-जगह जल मीनार का निर्माण कराया गया था। इसका लाभ कुछ दिनों तक ग्रामीणों को लाभ मिला भी। लेकिन मोटी रकम कमाने के लालच में घटिया निर्माण के कारण प्रखंड में लगे अधिकांस जलमीनार साल भर में ही खराब होकर बंद पड़े हैं। इसकी देखरेख करने कोई नहीं आया। जहां ग्रामीण चंदा इकट्ठा कर इसकी मरम्मत करा रहे हैं वहां का जल मीनार तो चल रहा है मगर अधिकांश जगह का जलमीनार अब पूरी तरह से बेकार हो चुका है ठेकेदार से लेकर विभागीय कर्मी अपनी अपनी जेब भर चुके हैं जिसका नतीजा यह है कि आम लोगों को पेयजल के लिए सुबह से ही भटकना पड़ता है। कुछ ग्रामीणों ने कहा कि घर के बगल में खड़ा जल मीनार चिढ़ाता नजर आता है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।

### खराब चापानल की कराई गई मरम्मत

**ठेठईटांगर।** गेटटोली के ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को आवेदन देकर चापाकल की मरम्मत करवाने का आग्रह किया था। प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने ग्रामीणों की समस्या एवं बढ़ती गर्मी को देखते हुए दो पाइप एवं दो रड व्यवस्था कर उस चपाकल को चलने योग्य बनवाया, जिससे ग्रामीणों ने कुछ राहत की सांस ली।

## एनीमिया उन्मूलन को कार्य करेंगी वनवासी आश्रम की बहनें

**लोहरदगा।** वनवासी कल्याण लोहरदगा में एकल अभियान भाग लोहरदगा द्वारा संचालित आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया एनीमिया से बचाव हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन डॉ. पंकज भाटिया ने गया। डॉ. भाटिया अपना जीवन समाज सेवा एवं ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के स्वस्थ जीवन के क्षेत्र में काम करते रहे हैं। 5 वर्ष लोहरदगा वनवासी कल्याण आश्रम में एक डॉक्टर के रूप में निस्वार्थ सेवा दे चुके हैं। आगरा से चलकर लोहरदगा इसी योजना को सफल बनाने हेतु इन का आगमन हुआ है।

इसी योजना के अंतर्गत लोहरदगा अंचल के भंडरा गांव को रोग मुक्त करने हेतु आरोप फाउंडेशन द्वारा गोद लिया गया है। वर्तमान में 27 सेविका संयोजिका द्वारा डोर टू डोर जाकर एनीमिया एवं अन्य बीमारियों से बचने हेतु काम किया जा रहा है। प्रसव के दौरान महिलाएं में खून की कमी हो जाती है। उस हालत में महिलाएं कैसे स्वस्थ रहें। गांव वासी खासकर बच्चे कुपोषण मुक्त हो वह स्वस्थ हो इस बारे में विस्तार से चर्चा किए। इसी क्रम में 27 सेविका संयोजिका एवं वनवासी कल्याण आश्रम से 10 लड़कियां महिला को शामिल कर उन्हें दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। गांव में मडुवा की खेती होती है उसके आटा के सेवन करने से हिमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ती है। हरी साग सब्जी, प्रोटीन युक्त भोजन स्वस्थ वातावरण में रहने की बातें कहीं।

# बैठक में की कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
राज्य ग्रामीण विकास अनुसमर्थन मिशन-2023 के दल संख्या-10 के तीन पदाधिकारियों- जितेंद्र कुमार देव, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, मुकेश कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग और कुमार सौरभ, मीडिया-सह-प्रशिक्षण पदाधिकारी, मनरेगा द्वारा आज सोमवार को जिला परिषद सभागार में लोहरदगा जिला में कार्यान्वित योजनाओं समीक्षात्मक एवं परिचयात्मक बैठक की गई।

बैठक में अनुसमर्थन दल के पदाधिकारी जितेंद्र कुमार देव द्वारा अनुसमर्थन दल का जिला में आगमन का प्रयोजन बताया और सभी योजनाओं की गुणवत्ता जांच एवं भौतिक सत्यापन करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान योजनाओं में पायी जाने वाली त्रुटियों के निराकरण की जानकारी भी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए आवास योजना की प्रथम एवं तीसरी किस्त के अंतर को कम किये जाने और प्रखण्डवार अपूर्ण आवासों को पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रखण्डों में संचालित योजनाओं की प्रखंडवार समीक्षा की जाएगी। निदेश दिया गया कि प्रखण्डों/पंचायतों में जो भी समस्याएं हैं उनसे पदाधिकारी अवश्य अवगत कराएंगे।

बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस द्वारा अनुसमर्थन दल को जिला का पूर्ण सहयोग करने की बात कही। उक्त दल जिले में 27 अप्रैल तक रहेगा। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, एसएजीवाई के नोडल पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला एवं प्रखंड समन्वयक आदि मौजूद रहे।

# लापता पत्नी की सकुशल वापसी की गुहार लगाई

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार निवासी पंकज खेरवार ने अपनी पत्नी के लापता होने की जानकारी सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को दी। उनसे मदद की गुहार लगाते हुए कहा कि 15 अप्रैल को उसकी 22 वर्षीय पत्नी नेहा देवी लगभग 2 बजे किसी को बिना बताये घर से निकली थी। वह देर शाम तक लौट कर वापस घर नहीं आई और आज तक कोई सुराग भी नहीं मिला रहा है। पत्नी के लापता के उपरांत आसपास एवं सगे संबंधी में छानबीन की परंतु कही पता नहीं चला। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि महिला



के लापता होने के आवेदन को संज्ञान में लेते हुए सनहा दर्ज कर टेक्निकल सेल के माध्यम से जांच शुरू कर दी गई है। लापता महिला का रंग-गोरा, ऊंचाई 4 फीट 6 इंच पहनावा भूरा रंग की साड़ी और पैर में हवाई चप्पल है। कहा जिस किसी व्यक्ति को इसके बारे पता चले या कही भी दिखे तो स्थानीय थाना को सूचना दें।

## पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**सेन्हा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बताया गया कि सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का जिला में राज्य स्तरीय अनुसमर्थन दल जाँच कमिटी का आगमन है। जिस निमित जेएसएलपीएस,मनरेगा तथा पीएमएवाई द्वारा संचालित विकास कार्यो का निरीक्षण होना है। जिसके लिये बीडीओ श्री चोपड़ा ने सहायक अभियंता, पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों को सेवन्थ रजिस्टर, योजना अभिलेख पंजी, जॉब कार्ड व कार्य स्थल का पूर्व में अद्यतन जांच करने का निर्देश दिया गया।

# अलग-अलग घटनाओं में कुरडेग में युवक व युवती ने की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
कुरडेग थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में युवक एवं युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पहला घटना कुरडेग थाना क्षेत्र के लबडेरा नबी टोली गांव की है जहां पर 23 वर्षीय इसराइल अंसारी नामक युवक बीती रात्रि अपने ही घर के कमरे में दुपट्टा के सहारे पंखा में लटक कर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी परिवार वालों को मिली जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसराइल को उतारकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरडेग लाया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी मुन्ना रमानी पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में



जुट गए। बताया गया कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और काफी दिनों से तनाव में था। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं दूसरा मामला कुरडेग थाना क्षेत्र के लिटी मारा गांव की है जहां पर प्रेम प्रसंग में एक युवती ने नीम केपेड़ में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की पहचान मालती कसडेगा बलियाडीह गांव के रूप में हुई। वह सिमडेगा में रहकर बीए पार्ट वन की पढ़ाई कर रही थी और रविवार को अपने घर आई थी। लिटी मारा गांव के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग था। किसी बात को लेकर उसके साथ कहासुनी हुई जिसके बाद वह युवक के ही गांव में पास जान दे दी।

## मई माह में एक सप्ताह का जिला प्रवास करेंगे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

**सिमडेगा।** भाजपा जिला समिति की बैठक जिला कार्यालय में हुई। इसमें 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वां संस्करण पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम को भव्य बनाने पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, जला प्रभारी शैलेंद्र सिंह और पूर्व मंत्री बिमला प्रधान ने इस संबंध में कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के मई माह में सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखंडों में एक सप्ताह के प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यकताओं से कहा की मंत्री के कार्यक्रम से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक संवाद कायम हो सके इस पर कार्य करें।

## शिकायत: झूठे मुकदमे दर्ज करने व दुर्व्यवहार का मामला

# पुलिस कप्तान से मिला भाजपा का दल

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
भाजपा का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार से मिलकर बांजजोर प्रखंड के मनरेगा के कनीय अभियंता अनुज कुमार द्वारा ग्राम प्रधान विशाल नायक एवं पंचायत समिति सदस्य तरगा को झूठे मुकदमे में फंसाने एवं जातिसूचक गाली देने एवं दुर्व्यवहार करने के मामले में न्याय की गुहार लगाई।



पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार को आवेदन सौपते हुए पंचायत समिति सदस्य निशा बड़ाईक ने कहा की पिछले दिनों तरगा में शौचालय निर्माण योजना की जांच की थी और काफी अनियमितता पाया गया था। इसके अलावा पंचायत समिति की बैठक में अभियंता अनुज कुमार द्वारा जबरजस्ती पुरानी योजना को ही अनुशंसा करने का दबाव दिया जा रहा था। नहीं मानने पर अभियंता अनुज कुमार द्वारा उनसे दुर्व्यवहार किया गया। जाति सूचक शब्द निकाल कर गाली भी दी एवं मुझसे धक्का-मुक्की भी की। ग्राम प्रधान विशाल नायक द्वारा बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी धक्का-मुक्की की गयी, दुर्व्यवहार किया गया एवं गाली दी गई। झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कड़ी कार्रवाई की जाए और 8 साल से एक जगह ही जमे हुए अभियंता अनुज कुमार को यहां से हटाया जाए। पुलिस अधीक्षक से मिलने के बाद जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की पूरे जिले में हर विभाग में भ्रष्टाचार हावी है पर हर प्रखंड में प्रखंड प्रसाशन के सह पर मनरेगा अभियंताओं की काफी शिकायतें आ रही है। अगर यह अभियंता नहीं सुधरे तो उनके खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा और किसी कीमत पर इनकी मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भाजपा प्रतिनिधिमंडल की मांग पर पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया की कि मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और निर्दोष को फंसने नही देंगे। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, महामंत्री दीपक पुरी, कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, श्रद्धानंद बेसरा, सुजान मुंडा, प्रणव कुमार, रवि गुप्ता, रामविलास बड़ाईक, संजय शर्मा, अशोक इंदवार, रोहित साहू, बलबीर जायसवाल, नवीन सिंह, घनश्याम सिंह, देवकी नंदन, मनिंदर बिंझिया, रामचन्द्र सिंह, रनधीर कुमार, बीरेंद्र पंडा, कैलास मेहर आदि मौजूद थे।

## पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**चैनपुर(गुमला)।** चैनपुर प्रखंड के अति नक्सल प्रभावित जनावल पंचायत के पंचायत भवन में सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान बीडीओ सिंह ने पंचायती राज्य व्यवस्था के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित ग्रामीणों को गांव के विकास हेतु आंगनबाड़ी स्वास्थ्य विभाग मनरेगा कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं को ग्राम सभा कर योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। इसके बाद सभी ग्रामीणों के साथ उपस्थित सभी पदाधिकारियों को स्वच्छता के प्रति शपथ ग्रहण कराया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस हर वर्ष 24 अप्रैल को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक मान्यता मिली थी आज के दिन ही संविधान का 73वां संशोधन अस्तित्व में आया था।

# कुंवर सिंह का जीवन अनुकरणीय

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में वीर कुंवर सिंह जयंती का आयोजन किया गया। मंचासीन अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।

मौके पर विद्यालय के भैया - बहनों ने बाबू कुंवर सिंह की जीवनी पर अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अमरकांत शुक्ला ने कहा कि-ॽवीर कुंवर सिंह 1857के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। इस मौके पर विक्की कुमार साहू, शौर्य कुमार, अर्णव राज, दिव्यम राज, नुसरत जहां, माही कुमारी, श्रेष्ठ कुमार, शौर्य कुमार, अमित उरांव एवं तन्मय गौतम ने अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया एवं दिव्यांश वर्मा, आर्यन राणा तथा तन्मय गौतम ने चित्रकला प्रतियोगिता के अंतर्गत वीर कुंवर सिंह का चित्र बनाकर प्रस्तुत




किया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि वीर कुंवर सिंह का जीवन अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक है। भैया-बहनों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से राजीव कुमार सिंह, गोरख पांडेय, मधुमिता शर्मा, अनीता देवी, बीना तिवारी, विष्णु दत्त पांडेय, श्याम सुंदर कुमार, मंजू देवी, मुकेश कुमार सिन्हा, जया मिश्रा, दिनेश प्रसाद सिंह, नीलिमा सिह प्रमेंद्र सिह, विजय चंद्रशेखर, ऋषि रंजन, श्वेता संदेश सहित सभी आचार्य आचार्या एवं भैया बहन उपस्थित थे।

### वीर कुंवर सिंह जयंती का हुआ आयोजन

वहीं सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा हमें राष्ट्र के हित के लिए जीना चाहिए और मरना चाहिए। देश का प्रत्येक बच्चा बच्चा को राष्ट्र धर्म की रक्षा का प्रण लेना चाहिए। कार्यक्रम में सरिता जयसवाल द्वारा प्रेरणा प्रद बातें बताई गई। मौके पर दीपिका, लक्ष्मी, जगदीश पांडे, अशोक प्रसाद, सुनीता कुमारी, त्रिलोचन साहू , मीनाक्षी दिव्या समेत समस्त भैया बहन उपस्थित थे।

# नोएडा के विकास के लिए 6,920 करोड़ का बजट पास




**एजेंसी। नोएडा**
नोएडा के विकास के लिए वित्तीय साल 2023-24 के लिए 6,920 करोड़ का बजट पास किया गया है। ये बजट 209वीं बोर्ड में अवस्थापन एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में पास किया गया। इस मौके पर प्रमुख सचिव अवस्थापन एवं औद्योगिक नरेंद्र भूषण, सीईओ नोएडा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण रितु माहेश्वरी, यमुना विकास प्राधिकरण की एसीईओ मोनिका रानी के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वित्तीय वर्ष 2023-23 में कुल खर्च करने का लक्ष्य 6,503 करोड़ रूपए रखा गया है जिसे बढ़ाया गया है। दरअसल 2022-23 में 4,880.62 करोड़ का बजट था। जिसमें 4579.52 करोड़ विकास पर खर्च होने थे। लेकिन, राजस्व 132 प्रतिशत अधिक और खर्चा बजट से 108 प्रतिशत अधिक हुआ। यानी विगत वर्ष में आय और व्यय दोनों ही निर्धारित लक्ष्य ये ज्यादा हुआ। इसकी बड़ी वजह औद्योगिक, आवासीय, ग्रुप हाउसिंग और वाणिज्यिक भूखंडों का ई ऑक्शन रहा। प्राधिकरण अपना लैंड बैंक बढ़ाने जा रहा है। नोएडा क्षेत्र के लिए 500 करोड़ और न्यू नोएडा (डीएनजीआईआर) के लिए 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं विकास कार्यों पर 1906 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें निर्माणाधीन परियोजनाएं सेक्टर-96 में प्रशासनिक कार्यालय, चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाई ओवर तक एलिवेटड रोड, अगाहपुर से भंगेल एलिवेटड रोड, एक्सप्रेस वे चैनेज 2.36 और चैनेज 10.3 पर अंडरपास का निर्माण व कुछ नए सेक्टर शामिल किए गए है। गांवों के विकास के लिए नोएडा प्राधिकरण इस बार 141 करोड़ रुपए खर्च करेगा जिसमें गांवों में साफ-सफाई, सड़क की मरम्मत, शहरी अनुरक्षण कार्य शामिल है। शहर में बहुमंजिला इमारतों के स्ट्रक्टर ऑडिट के लिए पैनल का गठन किया गया है। प्राधिकरण के बोर्ड मैंबरों ने इस पैनल को हरी झंडी दे दी है। इस पैनल में सात संस्थाओं को शामिल किया गया है। जिसमें दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर, एमएनआईटी इलाहाबाद, बीआईटीएस पिलानी, एएमयू अलीगढ़, एमएनआईटी जयपुर और सीबीआरआई रुड़की है। पालिसी के तहत आंशिक और पूर्ण सीसी प्राप्त होने पर ऑनलाइन आवेदन पत्रों के साथ गठित किए गए पैनल में किसी एक संस्था से स्ट्रक्र र ऑडिट की रिपोर्ट प्राप्त कर उसे लगाना अनिवार्य है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा से निकलने वाले म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट की प्रोसेसिंग एवं सांटिफिक डिस्पोजल के लिए अस्तौली ग्रेटर नोएडा में प्लांट लगाया जाएगा।

# मारुति ने 7.46 लाख में लॉन्च की फ्रॉन्क्स एसयूवी




**एजेंसी। नई दिल्ली**
**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी ने आज अपनी प्रीमियम रवश फ्रॉन्क्स के रेट रिवील कर दिए हैं। इसकी शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 7.46 लाख रुपए है। टॉप वैरिएंट की कीमत 13.13 लाख रुपए है। कंपनी ने इसी साल जनवरी में हुए ऑटो एक्सपो में फ्रॉन्क्स को पेश किया था। कंपनी ने जनवरी से ही फ्रॉन्क्स की बुकिंग शुरू कर दी है। कस्टमर्स मारुति सुजुकी की प्रीमियम डीलरशिप नेक्सा के जरिए 11,000 रुपए में इस एसयूवी को बुक करा सकते हैं। अभी तक कंपनी को 20 हजार से ज्यादा बुकिंग मिल चुकी है। फ्रॉन्क्स डीलरशिप्स के पास भी पहुंचने लगी है। स्पोर्टी कॉम्पैक्ट एसयूवी फ्रॉन्क्स को 17,378 रुपए से शुरू होने वाले मारुति सुजुकी मंथली सब्सक्रिप्शन प्लान के जरिए घर लाया जा सकता है। इस मंथली सब्सक्रिप्शन प्लान के जरिए कस्टमर्स कार को बिना खरीदे रेंट पर ले सकते हैं। इस मंथली सब्सक्रिप्शन प्लान में व्हीकल, रजिस्ट्रेशन, मेंटेनेंस, इंश्योरेंस और रोड साइड असिस्टेंस शामिल है। फ्रॉन्क्स में अपराइट नोज और स्प्लिट हेडलैंप जैसे कुछ डिजाइन एलिमेंट हैं जो मारुति सुजुकी की फ्लैगशिप ग्रैंड विटारा एसयूवी के समान दिखते हैं। इसमें फॉक्स स्किड प्लेट्स और क्रोम के साथ बड़े फ्रंट और रियर बंपर भी हैं।

# शेयर बाजार में आई तेजी



**एजेंसी। मुंबई**
आज यानी हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार (24 अप्रैल) को बाजार में बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 401 अंक चढ़कर 60,056 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 119 अंकों की बढ़त रही। ये 17,743 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 23 शेयरों में तेजी और 7 शेयरों में गिरावट रही। आज एचडीएफसी लाइफ का शेयर 6.40% चढ़ा है। आज निफ्टी बैंक 1.23% चढ़ा। प्राइवेट बैंक में 1.1% की तेजी रही। वहीं पीएसयू बैंक 2.61% चढ़ा। रियल्टी में भी 1.06% की तेजी रही। फार्मा 0.73% टूटा और मीडिया में 1.31% की गिरावट रही। आज अडाणी ग्रुप के 10 शेयरों में से 6 में गिरावट देखने को मिली है। अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 3.24% की गिरावट रही। इसके अलावा अडाणी एंटरप्राइजेज, ट्रांसमिशन, विल्मर, टोटल गैस और एनडीटीवी के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए । विप्रो जल्द ही शेयर बायबैक का ऐलान कर सकती है। कंपनी ने आज 23 अप्रैल को कहा कि अगले सप्ताह बोर्ड की बैठक में शेयर बायबैक के प्रस्ताव पर फैसला लिया जाएगा। विप्रो ने एक रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा, कंपनी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स कंपनी के इक्विटी शेयरों को वापस खरीदने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। यह बैठक 26-27 अप्रैल 2023 को होगी। जो भी निर्णय लिए जाएंगे, उसकी सूचना 27 अप्रैल को बैठक खत्म होने के तुरंत बाद दी जाएगी। कंपनी उसी दिन मार्च तिमाही के अपने नतीजों की घोषणा भी करने वाली है। कल प्राइवेट सेक्टर के आइसीआइसीआइ बैंक ने चौथी तिमाही के लिए रिजल्ट घोषित किया। सालाना आधार पर प्रॉफिट में 30% का उछाल दर्ज किया गया और यह 9121.8 करोड़ रुपए रहा।

## सोना और चांदी हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी दोनों कीमती धातुओं में आज मिलाजुला कारोबार देखा जा रहा है। सोने के दाम आज मामूली तेजी के साथ कारोबार करते देखे जा रहे हैं। वहीं चमकीली मेटल चांदी के दाम की बात करें तो ये 250 रुपये से ज्यादा की गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। हालांकि रिटेल बाजार में आज सोने के दाम नीचे आए हैं तो जानें कि कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना और चांदी के दाम कहां पर हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज सोने के दाम देखें तो ये 59873 रुपये पर हैं और इसमें 28 रुपये या 0.05 फीसदी की बढ़त दर्ज की जा रही है। एमसीएक्स पर सोने का दाम नीचे की तरफ 59817 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गया था और ऊपर में 59891 रुपये तक के लेवल देखे गए थे। सोने के दाम इसके जून वायदा के लिए बने हुए हैं और इसमें आज मामूली उछाल के चलते रिटेल बाजार में भी दाम में बढ़त दिखाई दे रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज चमकी मेटल चांदी में 256 रुपये या 0.34 फीसदी की गिरावट देखी जा रही है और ये सस्ते दाम पर मिल रही है। चांदी में आज 74398 रुपये प्रति किलो के रेट देखे जा रहे हैं। नीचे में चांदी के दाम 74258 रुपये और ऊपर में 74512 रुपये तक गए थे। चांदी के ये दाम इसके मई वायदा के लिए हैं और रिटेल बाजार में भी इसका असर देखा जा रहा है।

# चीन में कोयला से बिजली पैदा करने के लिए बड़े पैमाने पर मंजूरी



**एजेंसी। बीजिंग**
चीन में स्थानीय सरकारों ने 2021 की तुलना में 2023 के पहले तीन महीनों में कोयला से बिजली पैदा करने के लिए अधिक नए प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। गार्जियन ने सूचना दी कि ग्रीनपीस द्वारा विश्लेषण किए गए अनुमोदन से पता चलता है कि इस साल जनवरी और मार्च के बीच, कम से कम 20.45 गीगावाट कोयला बिजली को मंजूरी दी गई, जो 2022 में इसी अवधि में 8.63 गीगावाट से अधिक है। पूरे 2021 में, 18 गीगावाट कोयले को मंजूरी दी गई थी। 2016 से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) की पंचवर्षीय योजना ने कोयले के उपयोग को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों को विकसित करने पर भारी जोर दिया था। गार्जियन ने बताया कि 2020 में, राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने संकल्प लिया था कि देश 2060 तक कार्बन तटस्थ हो जाएगा। इसने कम कोयला बिजली अनुमोदन को प्रेरित किया क्योंकि स्थानीय सरकारों ने बीजिंग की प्राथमिकताओं के साथ अपनी स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को नियंत्रण में रखने की मांग की। कोयला बिजली स्वीकृतियों में वृद्धि 2020 में हुई, जब पंचवर्षीय योजना समाप्त हो गई, क्योंकि स्थानीय सरकारों ने अगले दौर में कोयले के विस्तार पर सख्त प्रतिबंधों का अनुमान लगाया था। लेकिन 2021 में, चीन को भारी बिजली कटौती का सामना करना पड़ा, जिससे ऊर्जा प्राथमिकताओं में काफी बदलाव आया। सितंबर में, कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए कारखानों के फिर से खुलने से बिजली की कीमत बढ़ गई। लेकिन सरकार ने कीमतों को सीमित कर दिया था, इसलिए कई बिजली संयंत्रों ने घाटे में चलने के बजाय उत्पादन घटा दिया। चीन अपनी ऊर्जा खपत के आधे से अधिक के लिए कोयले पर निर्भर है।

# बजाज ने प्रीमियम पंखों की अपनी नवीनतम रेंज की पेशकश की

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत के प्रमुख कंज्यूमर एप्लायंसेज ब्रांड, बजाज ने पैन-इंडिया मल्टीमीडिया कैंपेन के माध्यम से आकर्षक और नए सीलिंग फैंस की रेंज को लॉन्च किया है। इन पंखों को सुपर 5 टफळ्ट टेक्नोलॉजी के साथ निर्मित किया गया है। ब्रांड ने भारतीय ग्राहकों की समस्याओं और जरूरतों को गहनता से समझते हुए इस गर्मी में पंखों की प्रीमियम रेंज की पेशकश की है। लम्बे समय तक बने रहने के बजाज के वादे को प्रखर करते हुए, उनके नवीनतम पंखे पाँच साल की वॉरंटी के साथ आते हैं, और साथ ही टिकाऊ जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से सेल्फगार्ड कैपेसिटर, फिएरोशील्ड बियरिंग, ड्यूराकोट कॉपर मोटर, सर्जप्रोटेक्ट मोटर, कोरोसेफ लैकर और एंटी-करोसिव प्रोटेक्शन जैसी सुविधाओं को भी शामिल करते हैं। यह कैंपेन बजाज की ब्रांड पोजिशनिंग, 'बिल्ट फॉर लाइफ' को विस्तार से दर्शाता है, जो भारतीय ग्राहकों की हार न मानने, दृढ़ रहने और प्रदर्शन करते रहने की भावना से प्रेरित है। रवींद्र सिंह नेगी, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, ने कहा, ₹हमारे ग्राहकों के प्रति किए गए सर्वे से स्पष्ट होता है कि हम श्रेणी के अनुरूप चुनौतियों के समाधानों की पेशकश करने के लिए अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को लगातार अपग्रेड कर रहे हैं। बजाज, पंखे की श्रेणी में प्रमुख कंपनियों में से एक है, और हम सुपर5टफ टेक्नोलॉजी के साथ प्रीमियम पंखे लॉन्च करके लम्बे समय तक बने रहने के अपने वादे को अगले स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## विदेश

# मेलबर्न में सभी धर्मावलंबियों ने की पीएम मोदी की तारीफ



**एजेंसी। मेलबर्न**
ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न के बंजिल पैलेस में आयोजित विश्व सद्भावना कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक समुदायों से जुड़े लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की, वहीं ऑस्ट्रेलियाई सांसद जेसन वुड ने कार्यक्रम को सफल बताया। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक नेताओं के साथ शांति और सद्भाव की एक सुर में बात करके अच्छा लगा। यह कार्यक्रम वाकई बहुत शानदार अनुभव रहा। बता दें, जेसन ऑस्ट्रेलिया में सामुदायिक सुरक्षा, प्रवासी सेवाओं और बहुसांस्कृतिक मामलों के छाया मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में सकारात्मक संदेश भेजने वाले धार्मिक नेताओं का होना महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में एनआईडी फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक सतनाम सिंह संधू, ऑस्ट्रेलिया में भारत के उच्चायुक्त राजदूत मनप्रीत वोहरा, ऑस्ट्रेलिया के एंग्लिकन चर्च के बिशप फिलिप जेम्स हगिंस, विक्टोरिया में अहमदिया मुस्लिम समुदाय के एक सदस्य डॉ तारिक बट सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया था। सतनाम सिंह संधू ने 'हार्टफेल्ट लेगेसी टू द फेथ' पुस्तक भी भेंट की, जो सिख समुदाय के लिए पीएम मोदी द्वारा किए गए योगदान और कार्यों पर आधारित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष होने की सराहना की। संधू ने कहा कि विभिन्न समुदायों और धर्मों के लोग सदियों से भारत में रहते आए हैं और हम सभी सांप्रदायिक सद्भाव में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में भारत एक विकसित राष्ट्र बनने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ा है। साथ ही दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। कई अन्य देशों की तरह भारत में सभी समुदायों को पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त है। उन्हें जाति, पंथ या धर्म के किसी भी भेदभाव के बिना सभी अवसर दिए जाते हैं। इतना ही नहीं पीएम मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित भी महसूस करते हैं।

## बांग्लादेश में बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में भारी बारिश के बीच दो घंटे से भी कम समय में सिलसिलेवार आकाशीय बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार सुबह 10 बजे से 11 बजे के बीच सुनामगंज, मौलवीबाजार और सिलहट जिलों के अलग-अलग इलाकों में मौतों की सूचना मिली। अधिकतर मौतें ग्रामीण इलाकों में हुईं जहां लोग अपने खेतों पर काम कर रहे थे। साल के इस समय के दौरान घनी आबादी वाले देश में बज्रपात से मौतों की खबर आम है। बांग्लादेश में आकाशीय बिजली गिरने से होने वाली मौतों में वृद्धि देखी गई है, पिछले कुछ सालों में सालाना सैकड़ों मौतें दर्ज की गई हैं। विशेषज्ञों का दावा है कि यह जलवायु परिवर्तन के कारण है। बांग्लादेश इस मामले में अधिक संवेदनशील है।

# ऑस्ट्रेलिया खरीदेगा लंबी रेंज की मिसाइलें

**एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया**
ऑस्ट्रेलिया अपनी डिफेंस स्ट्रैटजी में सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद का सबसे बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इसके लिए सरकार ने परमाणु हथियारों वाली पनडुब्बियां और लंबी रेंज वाली मिसाइलें खरीदने की योजना बनाई है। इसके लिए प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की सरकार 98 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी। पूरी प्लानिंग के लिए 110 पन्नों की रिपोर्ट तैयार की गई है। इसमें कहा गया है कि मिसाइलों के युग में केवल दुनिया से दूर रहकर अपनी सुरक्षा नहीं की जा सकती है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया एक आईलैंड नेशन है, उसकी जमीनी सीमा दूसरे देशों जुड़ी हुई नहीं है। डिफेंस में बदलाव के लिए तैयार रिपोर्ट में चीन को बड़ा खतरा बताया गया है। इसमें लिखा है सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद चीन ने सबसे तेजी से अपनी सैन्य ताकत बढ़ाई है। जिसमें किसी तरह की पारदर्शिता नहीं रखी है। ऐसे में हिंद प्रशांत महासागर में चीन की इच्छाओं के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है। जो ऑस्ट्रेलिया के लिए खतरा पैदा कर रहा है। इस रिपोर्ट पर ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस मिनिस्टर रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि हमें एक ऐसी फोर्स की जरूरत है जो चुनौतियों का डटकर सामना कर सके। 500 किलोमीटर से ज्यादा की रेंज वाली मिसाइलें भविष्य में सेना की जरूरतों को पूरा करेंगी। पिछले महीने 13 मार्च को अयूकुस देशों की एक मीटिंग हुई थी। इसमें अमेरिका और ब्रिटेन ने सुरक्षा के लिए ऑस्ट्रेलिया को परमाणु पनडुब्बियां देने का वादा किया था। अमेरिका ने कहा था कि वो जनरल डायनमिक्स की 3 पनडुब्बियों की सप्लाई 2030 तक पूरी कर देगा। इस फैसले पर चीन ने कड़ी आपत्ति जताई थी। वहां के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि ऑस्ट्रेलिया को पावरफुल हथियार देकर ये देश खतरनाक रास्ते पर आगे बढ़ते जा रहे हैं।

## बांग्लादेश के लापता 10 मछुआरों के शव बरामद

**ढाका।** बंगाल की खाड़ी में लापता हुए 10 मछुआरों के शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कॉक्स बाजार सदर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी रफीकुल इस्लाम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि शव मछली पकड़ने वाली एक नाव के कोल्ड स्टोरेज के अंदर पाए गए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि सभी पीड़ितों के हाथ और पैर बंधे हुए थे। अधिकारियों के अनुसार, स्थानीय लोगों ने मछली पकड़ने वाली नाव को सोनादिया द्वीप के पश्चिमी हिस्से में तैरते हुए देखा और उसे तट पर खींच लिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मियों ने अधजले शवों को बरामद किया है, जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## पाक के पंजाब में बस-कार की टक्कर में 7 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के ओकारा जिले में रविवार को एक बस के कार से टकरा जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। बचाव सेवा ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बचाव सेवा ने कहा कि दुर्घटना जिले के अख्तराबाद क्षेत्र के पास जीटी रोड पर हुई, जब एक बस गलत रास्ते से आ रहे एक रिक्शा से बचने के लिए सड़क के विपरीत दिशा में चली गई और अंततः कार से जा टकराई। कार में सवार एक ही परिवार के सभी सात लोगों की मौत हो गई।

## मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू बने बांग्लादेश के नए राष्ट्रपति

**बांग्लादेश।** बांग्लादेश में वरिष्ठ नेता और पूर्व न्यायाधीश मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू की नियुक्ति नए राष्ट्रपति के रूप में हुई है। शहाबुद्दीन ने देश के 22वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। मोहम्मद शहाबुद्दीन के शपथ ग्रहण समारोह में देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित अन्य गणमान्यजन भी मौजूद रहे। स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी ने बंगभवन के ऐतिहासिक दरबार हॉल में 73 वर्षीय शहाबुद्दीन को शपथ दिलाई। बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना और नए राष्ट्रपति के परिवार के सदस्यों के अलावा, राजनेताओं, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों और वरिष्ठ नागरिक और सैन्य अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

**लड़ाई जारी** — चार हजार भारतीय अब भी फंसे, नौ देशों ने अपने नागरिकों को रेस्क्यू किया

# सूडान गृह युद्ध में अब तक 413 लोगों की मौत



**एजेंसी। खार्तूम**
सूडान में तख्तापलट के लिए सेना और पैरामिलिट्री- रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच 15 अप्रैल से जारी लड़ाई का आज 10वां दिन है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक, अब तक 413 लोगों की मौत हो चुकी है। 3,551 लोग घायल हुए हैं। इसी बीच कई देश सूडान में फंसे अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। अब तक अमेरिका, ब्रिटेन समेत 9 देशों ने अपने डिप्लोमैट्स को रेस्क्यू कर लिया है। वहीं, सूडान में 4 हजार भारतीय रहते हैं, जो अब भी वहां फंसे हुए हैं। 22 अप्रैल की रात को सऊदी अरब ने सूडान में फंसे 158 लोगों को सुरक्षित निकाला था। इनमें कई भारतीय भी शामिल थे। इसके बाद भारत ने जेद्दाह में दो उ-130ख मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को स्टैंडबाय पर रखा है। भारतीय नौसेना का एक जहाज सूडान के प्रमुख बंदरगाह पर भी पहुंच गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा- भारतीयों को निकालने के लिए सभी संभव कोशिशें की जा रही हैं। अरब न्यूज के मुताबिक, 24 अप्रैल को हुए हमले में फ्रांस का एक नागरिक घायल हुआ है। सूडान में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भारत के अलावा इन देशों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी... फ्रांस : राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा- 23 अप्रैल को एक प्लेन 388 नागरिकों को लेकर सूडान से निकला। नीदरलैंड्स : फ्रांस के प्लेन में कई नागरिक नीदरलैंड्स के थे। नीदरलैंड्स की सरकार नागरिकों को एयरलिफ्ट करने की तैयारी कर रही है। जर्मनी : जर्मन सरकार के 3 विमान सूडान से 311 नागरिकों को लेकर 23 अप्रैल को जॉर्डन पहुंचे। यहां से विमान जल्द जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंचेंगे। इटली-स्पेन : दोनों देशों की सरकार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। 23 अप्रैल को स्पेन के विमान से अर्जेंटीना, कोलंबिया, आयरलैंड, पुर्तगाल, पोलैंड, मैक्सिको और वेनिजुएला के नागरिकों को भी एयरलिफ्ट किया गया।

## यूएई में अलग-अलग हादसों में दो भारतीय प्रवासियों की मौत

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात में ईद-उल-फितर की छुट्टियों के दौरान अलग-अलग परिवहन दुर्घटनाओं में दो भारतीय प्रवासियों की मौत हो गई, मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। खलीज टाइम्स अखबार के मुताबिक, शारजाह के 38 वर्षीय अभिलाष अपने साथियों के साथ खोर फक्कान में बोटिंग करने गया था, तभी यह हादसा हुआ। शारजाह पुलिस ने सोमवार को कहा कि दुर्घटना में एक बच्चे सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। दुर्घटना के समय नाव पर 16 यात्री सवार थे, रिपोर्ट में दुर्घटना की सही तारीख या समय का उल्लेख नहीं किया गया है। अभिलाष के शव को फिलहाल खोर फक्कान अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है।

# अमेरिका में प्लेन से टकराया पक्षी, इंजन में आग लगी

**एजेंसी। वॉशिंगटन**
अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट से एक पक्षी टकरा गया। इसके बाद प्लेन के इंजन में आग लग गई। करीब 20 मिनट तक ये उड़ता रहा, जिसके बाद ओहायो में इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। घटना अमेरिकी समय के मुताबिक, 23 अप्रैल की सुबह की है। इसका वीडियो अब सामने आया है। इसमें आग और काला धुआं दिखाई दे रहा है। 'डेली मेल' की रिपोर्ट के मुताबिक, बोइंग 737 फ्लाइट अअ1958 ने ओहायो राज्य के कोलंबस शहर के जॉन ग्लेन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सुबह 7:43 बजे उड़ान भरी थी। फ्लाइट को एरिजोना राज्य के फीनिक्स शहर पहुंचना था, लेकिन टेक ऑफ के 40 मिनट बाद करीब 8:22 बजे ये वापस जॉन ग्लेन एयरपोर्ट पर लैंड हो गई। एक यात्री ने ठइउ4 न्यूज से कहा- फ्लाइट के टेक-ऑफ करने के कुछ मिनट बाद ही प्लेन में बहुत तेज आवाज सुनाई दी। ऐसा लगा जैसे इंजन ने काम करना बंद कर दिया हो। हम समझ नहीं पाए की क्या हुआ। फिर पायलट ने अनाउंसमेंट करके हादसे की जानकारी दी। उसने कहा कि फ्लाइट से पक्षी टकरा गया है। वहीं, हादसे का वीडियो शेयर करने वाले एक यूजर ने लिखा- मैंने अमेरिकन एयरलाइंस की एक फ्लाइट को देखा, उसमें आग लगी हुई थी। उड़ती हुई इस फ्लाइट से काफी तेज आवाज भी आ रही थी। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि टेक ऑफ करते ही एक पक्षी फ्लाइट से टकरा गया।

ज्ञान की बात

**हत्या युधिष्ठिर का लक्ष्य नहीं है। वह धर्म की स्थापना करना चाहते हैं। किसी और को जीतने के स्थान पर धर्मराज सदा आत्मजय की ओर अग्रसर हुए हैं। तूने अपने पशुत्व में अंधे होकर उनके देवत्व को नहीं पहचाना ही नहीं। वे तुझे क्षमा कर देंगे। अपने पुत्रों का वध भी क्षमा कर देंगे।**
*- ठाकुरजी*



# चरित्रहीनता का आरोप

***झारखंड*** के एक मंत्री अचानक चर्चा में आ गए हैं। चर्चा का कारण है एक वीडियो क्लिप। इस क्लिप में सिर्फ मंत्री महोदय नजर आ रहे हैं। दूसरी तरफ का कुछ नजर नहीं आ रहा है। भाजपा के एक सांसद ने उस वीडियो क्लिप को अपने ट्विटर हैंडल से शेयर किया है। उस वीडियो में मंत्री महोदय गंजी में दिख रहे हैं और किसी से बात कर रहे हैं। बातचीत अस्पष्ट है। चूंकि राज्य में कांग्रेस की सरकार है और मंत्री जी भारी-भरकम महकमे के मालिक हैं, लिहाजा चर्चा भी उतनी ही तेजी से फैल रही है। भाजपा को मौका मिल गया, कांग्रेस और राज्य सरकार पर हमला बोलने का। एक नेता ने तो कांग्रेसियों और मंत्री महोदय के चरित्र पर ही सवाल खड़ा कर दिया। एक नेताजी के कहने पर जमशेदपुर साइबर सेल ने बाकायदा एफआईआर तक दर्ज हुआ। हालांकि मंत्री जी ने भी लिखित शिकायत देकर न सिर्फ प्राथमिकी दर्ज करवाई वरन पुलिस से इसकी जांच के लिए भी कहा है। मसला श्लील या अश्लील वीडियो का नहीं है। अभी यह चेक होना है कि वीडियो सही है या फेक। जांच शुरू हो गई है। मसला यह है कि एक झटके में विपक्ष के लोगों ने कैसे किसी को चरित्रहीन होने का खिताब दे दिया? अगर एक मंत्री किसी से कोई बात करता है (श्लील और अश्लील का दिमाग लगाए बगैर) और कहीं न कहीं से वह आपत्तिजनक भी है (जैसा कि कहा जा रहा है) तो उससे आदमी चरित्रहीन कैसे हो गया? चरित्रहीनता का प्रमाण पत्र कौन दे रहा है? और, चरित्रहीन कहते किसे हैं? इस पर कौन चर्चा करेगा? अगर मंत्री ने खुद ही जांच करने को कहा है, वह भी लिखित तो थोड़ा वक्त देना चाहिए। आपके चरित्रहीन का प्रमाणपत्र देने से एक सामान्य नागरिक की जिंदगी कैसे जहन्नुम बन जाती है, यह कई उदाहरणों से समझा जा सकता है। यह तो मंत्री ठहरे। समाज के एक वर्ग ने इन्हें अपना वोट देकर चुना है और मुख्यमंत्री ने इन्हें अपना मंत्री बनाया है। आरोप लगाने के लिए अन्य शब्दों का भी इस्तेमाल संभव है लेकिन एक वीडियो क्लिप के आधार पर किसी को चरित्रहीन कह देना कितना उचित हो सकता है? यह बात ठीक है कि आप जब सार्वजनिक जीवन में होते हैं तो आपको अपनी मयार्दा का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि लोग आपको वाच करते हैं। इनमें विपक्ष भी होता है। आपकी बोल-चाल से लेकर रहन-सहन तक सभी पर लोगों की नजर रहती है। यह ठीक है कि मंत्री महोदय खुशहाल रहते हैं और लोगों के काम भी करते हैं पर इसके बावजूद उन्हें अपने आचार-व्यवहार पर ध्यान देना ही चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी हो जाता है कि लोगों ने आपको जनप्रतिनिधि बनाया है और आपसे उम्मीद की जाती है कि आपकी जिंदगी मर्यादित हो। चरित्रहीनता का आरोप लगा कर इस सियासत ने देश के कई नेताओं का काम तमाम किया है। भाजपा के एक बड़े नेता और अटलजी के बेहद करीबी रहे एक नेता की उनके भाई ने हत्या क्यों की थी, आपको याद है? कहा यही गया कि वह अनुज की भाई की पत्नी के साथ अवैध रुप से जुड़े थे। इसमें कितना सत्य है और कितना असत्य, यह तो पता नहीं चल पाया पर हुआ यह कि भाजपा का वह नेता अब जिंदा नहीं है। इतना ही नहीं, उनका अनुज भी आजीवन कारावास की सजा भुगत रहा है। दोनों भाईयों के परिवारों का क्या हुआ? उस महिला का क्या हुआ, जिसे लेकर इतनी बातें कही गईं? उन दिनों उनकी मानसिक हालत क्यो होकर रह गई थी, जब उस नेता को गोली मारी गई थी? जब तक प्रमाण न मिले, किसी के चरित्र पर दाग लगाना अनुचित ही कहा जाएगा।

**अगर एक मंत्री किसी से कोई बात करता है (श्लील और अश्लील का दिमाग लगाए बगैर) और कहीं न कहीं से वह आपत्तिजनक भी है (जैसा कि कहा जा रहा है) तो उससे आदमी चरित्रहीन कैसे हो गया?**

# जनसंख्या वृद्धि: खुशी तो है, चिंता भी है





प्रमोद भार्गव

***भारत*** दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां दुविधा और विरोधाभास प्रगति के समानान्तर चलते हैं। अतैव जनसंख्या बल जहां शक्ति का प्रतीक है, वहीं उपलब्ध संसाधनों पर बोझ भी है। इसलिए अनेक समस्याएं भी सुरसामुख बन खड़ी होती रहती हैं। हालात तब और कठिन हो जाते हैं, जब संसाधनों के बंटवारे में विसंगति बढ़ती चली जा रही हो? गोया कहा जा सकता है कि बढ़ती आबादी वरदान नहीं बोझ है। नतीजतन 'संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष' की रिपोर्ट ने जब ये आंकड़े जारी किये कि भारत की आबादी चीन से अधिक बढ़ गई है, तो चिंता बढ़नी स्वाभाविक है। हालांकि यह संभावना बहुत पहले से जताई जा रही थी कि भारत आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ देगा। बावजूद इसके कुछ जनसंख्या विशेषज्ञ इस बात को लेकर आशंका जता रहे हैं कि यह समय अभी नहीं जून में आना था। परंतु आम आदमी को आंकड़ों की बाजीगरी न तो आसानी से समझ आती है और न ही वह किसी निष्कर्ष पर पहुंच पाता है। अतैव चीन के इस बयान पर गौर करने की जरूरत है कि वह आंकड़े आने के बाद आखिर यह क्यों कह रहा है कि अभी भी उसके पास 90 करोड़ से ज्यादा लोग ऐसे हैं, जो कुशल उत्पादन की क्षमता रखते हैं। याद रहे चीन ने प्रगति की उड़ान और वैश्विक बाजार में वर्चस्व इसी आबादी के बूते पाई है। इसलिए चीन को अब यह चिंता सताने लगी है कि कहीं भारत इस आबादी के बूते अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने में सफल न हो जाए? क्योंकि इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के पास 68 प्रतिशत आबादी ऐसे क्रियाशील लोगों की या युवाओं की है, जो उत्पादकता से निरंतर जुड़े रहकर अपने उत्पादों को दुनिया के बाजार में पहुंचाकर अर्थव्यवस्था को शिखर पर पहुंचा सकते हैं। वर्तमान में दुनिया की आबादी आठ अरब की संख्या पार कर चुकी है। भारतीय आबादी के ताजा आंकड़ों के अनुसार इसमें प्रत्येक पांचवें व्यक्ति में से एक भारतीय है, क्योंकि भारत 142.86 करोड़ जनसंख्या के साथ विश्व का सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया है। चीन की आबादी इस समय 142.57 करोड़ है। हमारी आबादी उससे 29 लाख अधिक है। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश को जहां यह बड़ी चुनौती है, वहीं उसे वरदान बनाने की जरूरत है। हालांकि जागरुकता और परिवार नियोजन के उपायों के चलते दुनिया में जन्मदर घटी है। भारत दुनिया का ऐसा पहला देश है, जिसने आबादी पर नियंत्रण के लिए 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम आरंभ किया था। बावजूद जनसंख्या वृद्धि होती रही है। जनसांख्यिकीय विश्लेषण का निष्कर्ष बताता है कि 1950 के बाद वर्तमान में जन्मदर सबसे कम है। यहां सवाल उठता है कि फिर आबादी का घनत्व क्यों बढ़ रहा है? दरअसल चिकित्सा सुविधाओं और एक वर्ग विशेष की माली हैसियत बढ़ने से औसत उम्र बड़ी है। इस दायरे में आने वाले लोग उत्पादकता से जुड़े नहीं रहने के बावजूद उच्च श्रेणी का जीवन जी रहे हैं। नतीजतन यह आबादी जापान, चीन और दक्षिण कोरिया की तरह भारत के युवाओं को रोजगार में बाधा बन रही है। भारत में सबसे अधिक बेरोजगारी 15 से 36 आयु वर्ग के युवाओं में है। यदि हम पीपुल्स कमीशन की रिपोर्ट का उल्लेख करें तो 15 से 29 आयु समूह में बेरोजगारों की संख्या 27.8 करोड़ है। हालांकि इसमें अनेक बेरोजगार ऐसे हैं, जिनके पास काम तो है, लेकिन आमदनी का अनुपात सन्तोषजनक नहीं है। भारत के सीमांत राज्यों में विदेशियों की घुसपैठ और कमजोर जाति समूहों का धर्मांतरण भी आबादी का घनत्व बढ़ाने और बिगाड़ते हुए रोजगार के संकट के साथ स्थानीय मूल निवासियों से टकराव के हालात उत्पन्न कर रहा है। इसीलिए जनसंख्या नीति में समानता की बात की जा रही है। अब जबकि हम आबादी में चीन से आगे हैं, तब हमें चीन से यह सबक लेने की जरूरत है कि उसने अपने मानव संसाधन को किस तरह से श्रम और उत्पादकता से जोड़ा और दुनिया के बाजारों को अपने उत्पादों से पाट दिया। क्योंकि चीन में बड़ी आबादी के बावजूद रोजगार का संकट भारत की तरह नहीं गहराया। जाहिर है, चीन की उन्नति और उत्पादकता में इसी आबादी का रचनात्मक योगदान रहा है। सस्ते कुशल एवं अर्द्धकुशल लोगों से उत्पादन कराकर चीन ने अपना माल दुनिया के बाजारों में भर दिया है। जबकि भारत बड़ी कंपनियों को सब्सिडी देने के बावजूद स्वदेशी उत्पादन में आबादी के अनुपात में उल्लेखनीय प्रगति नहीं कर पाया। मेक इन इंडिया के नाम पर हाल ही में दो कंपनियों हीरो इलेक्ट्रिक और ओकीनावा की 370 करोड़ रुपये की सब्सिडी की राशि देने पर भारत सरकार ने रोक लगा दी है। सरकार ने फास्टर एडॉप्सन एंड मैन्यू फैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (फेम)-2 योजना के तहत दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये का बजट तय किया है। भारी उद्योग मंत्रालय की तरफ से प्रत्येक इलेक्ट्रिक वाहन को सब्सिडी दी जाती है। इलेक्ट्रिक स्कूटर पर 15,000 रुपये प्रति किलोवाट के हिसाब से सब्सिडी दी जाती है। लेकिन यह सस्सिडी तभी दी जायेगी, जब उत्पादन स्वदेशी के स्तर पर किया जाय। सरकार ने जब जांच की तो पाया कि इन कंपनियों ने इन वाहनों में चीन से आयात कल-पुर्जे इस्तेमाल किए हैं। इसी कारण दोपहिया वाहनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इस धोखाधड़ी के चलते हीरो इलेक्ट्रिक की 220 करोड़ और ओकीनावा की 150 करोड़ रुपये की सब्सिडी रोकी गई है। इस तरह की धोखाधड़ी के चलते भी भारत स्वदेशीकरण के साथ बेरोजगारी से पार नहीं पा रहा है। यदि हम चीन में ज्ञान-परंपरा से दीक्षित लोगों को रोजगार देने की बात करें तो वहां सरकार या कंपनी द्वारा गांव-गांव कच्चा माल पहुंचाया जाता है। जब वस्तु का निर्माण हो जाता है, तो उस माल को लाने और मौके पर ही भुगतान करने की जबावदेही संस्थागत है। इसका फायदा यह होता है कि ग्रामीण अपने घर में ही वस्तु का उत्पादन कर लेता है। नतीजतन वस्तु की लागत न्यूनतम होती है। यदि यही व्यक्ति शहर में जाकर उत्पादकता से जुड़े तो उसे कमाई की बड़ी राशि रहने, खाने-पीने और यातायात में खर्च करनी पड़ जाती है। भारत में उत्पादन के छोटे-बड़े कारखाने शहरों में हैं। लिहाजा वस्तु की लागत अधिक आती है। चीन में होली, दीपावली और रक्षाबंधन से जुड़ी जो वस्तुएं आयात होती हैं, उनका उत्पादन चीन के गांवों में ही होता है। जाहिर है, यदि बड़ी जनसंख्या उत्पादन से जुड़ जाए तो बेरोजगारी की समस्या से एक हद तक छुटकारा मिल सकता है। युवा समस्या तब बनते हैं, जब उनके हाथों में काम न हो ? जापान और दक्षिण कोरिया में जनसंख्या का घनत्व भारत से ज्यादा है।

**सरकार ने फास्टर एडॉप्सन एंड मैन्यू फैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (फेम)-2 योजना के तहत दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये का बजट तय किया है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान खाटू श्याम की कथा*

***तुम*** अवश्य ही कोई कूटनीज्ञि हो। जो वचन मैंने दिया है, उसे मैं अवश्य पूरा करूंगा। किन्तु अब तुम यह बता दो कि वास्तव में तुम हो कौन ?' श्रीकृष्ण ने अपना रूप बदलते हुए कहा- 'मैं श्रीकृष्ण हूं बर्बरीक! मैं नहीं चाहता कि तुम इस महायुद्ध में भाग लो और तुम्हारे कारण दोनों पक्षों को विनाश हो जाए।' 'मैं अपने वचन को पूरा करूंगा, परन्तु मेरी इच्छा मेरे साथ ही मिट जायेगी।' 'निःसंकोच कहो, तुम्हारी क्या इच्छा है?' 'मैं। इस महायुद्ध की अच्छी तरह देखना चाहता हूं। सृष्टि के सभी महारथी इसमें सम्मिलित हुए हैं। मैं देखना चाहता हूँ कि कौन कितना बली है।' 'तुम्हारी यह इच्छा अवश्य पूरी होगी।

*(समाप्त)*

**आइये सुने भगवान जगन्नाथ की कथा**

माना जाता है कि भगवान विष्णु जब चारों धामों पर बसे अपने धामों की यात्रा पर जाते हैं तो हिमालय की ऊंची चोटियों पर बने अपने धाम बद्रीनाथ में स्नान करते हैं। पश्चिम में गुजरात के द्वारिका में वस्त्र पहनते हैं। पुरी में भोजन करते हैं और दक्षिण में रामेश्वरम में विश्राम करते हैं। द्वापर के बाद भगवान कृष्ण पुरी में निवास करने लगे और बन गये जग के नाथ अर्थात जगन्नाथ। पुरी का जगन्नाथ धाम चार धामों में से एक है। यहां भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विराजते हैं। हिन्दुओं की प्राचीन और पवित्र 7 नगरियों में पुरी उड़ीसा राज्य के समुद्री तट पर बसा है। जगन्नाथ मंदिर विष्णु के 8वें अवतार श्रीकृष्ण को समर्पित है। भारत के पूर्व में बंगाल की खाड़ी के पूर्वी छोर पर बसी पवित्र नगरी पुरी उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर से थोड़ी दूरी पर है। आज का उड़ीसा प्राचीनकाल में उत्कल प्रदेश के नाम से जाना जाता था। यहां देश की समृद्ध बंदरगाहें थीं, जहां जावा, सुमात्रा, इंडोनेशिया, थाईलैंड और अन्य कई देशों का इन्हीं बंदरगाह के रास्ते व्यापार होता था।

(क्रमशः)

# युगांडा से सूडान संकट तक बदलती भारतीय विदेश नीति




आर.के.सिन्हा

***सूडान*** में सेना और अर्धसैनिक बल के बीच चल रहे भीषण गृहयुद्ध के चलते वहां के हालात बद से बदतर हैं। वहां फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए सारा देश चिंतित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सूडान में फंसे भारतीयों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकासी के लिए विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। मतलब यह कि अब सरकार एक्शन मोड में आ गई है। यह बदले हुए मजबूत भारत का नया चेहरा है। अब जहां पर भी भारतवंशी या भारतीय संकट में होते हैं, तो भारत सरकार पहले की तरह हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठती। आपको याद ही होगा कि रूस-यूक्रेन जंग के कारण हजारों भारतीय मेडिकल छात्र-छात्रायें यूक्रेन में फंस गये थे। उन्हें भारत सरकार तत्काल सुरक्षित स्वेदश लेकर आई। भारत के हजारों विद्यार्थी यूक्रेन में थे। वे वहां पर मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग और दूसरे पेशेवर कोर्स कर रहे थे। ये रूस-यूक्रेन जंग को देखते हुए वहां से निकल कर स्वदेश आना चाहते थे। पहले तो किसी को समझ में ही नहीं आ रहा था कि इतनी अधिक संख्या में यूक्रेन की राजधानी कीव और दूसरे शहरों में पढ़ रहे भारतीय नौजवानों को स्वदेश कैसा लाया जायेगा। पर इच्छा शक्ति हो तो सब कुछ संभव है। यह साबित करके दिखाया गया। अब अफगानिस्तान में गृहयुद्ध के दिनों की ही बात को जरा याद कर लें। भारतीय वायुसेना और एयर इंडिया के विमान लगातार अफगानिस्तान से भारतीयों को लेकर स्वदेश आते रहे। काबुल में जिस तरह के हालात बन गये थे उसमें सारे भारतीयों को लेकर तालिबानी आतंकियों के बीच से लेकर आना कोई छोटी बात नहीं थी कइनको ताजिकिस्तान के रास्ते दिल्ली या देश के अन्य भागों में लाया गया। कुछ विमान कतर के रास्ते से भी आये। उस वक्त भारत के अफगानिस्तान में दर्जनों विकास के बड़े प्रोजेक्ट चल रहे थे, इनमें अफगानिस्तान को नये तरह से खड़ा करने के लिए भारत हर तरह की मदद भी कर रहा था। भारत के हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट फंस गये थे। इन प्रोजेक्ट्स से हजारों भारतीय जुड़े हुए थे। इन्हीं भारतीयों को सुरक्षित निकाला जा रहा था। भारत की तरफ से अफगानिस्तान बांध से लेकर स्कूल, बिजली घर से लेकर सड़कें, काबुल की संसद भवन से लेकर पावर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और हेल्थ सेक्टर आदि समेत न जाने कितनी परियोजनाओं को तैयार किया जा रहा था। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफगानिस्तान से देश के नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने और वहां से भारत आने के इच्छुक सिखों और हिंदुओं को भी भारत में शरण देने का अधिकारियों को निर्देश दिया। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के नियंत्रण के बाद ही आने वाली परिस्थितियों को भांपते हुए भारत सरकार सक्रिय हो गई थी। जाहिर है, ये सब कदम उठाने के बाद भारत सरकार का इकबाल न केवल देश के अंदर बल्कि विदेशों में भी बुलंद हुआ। अब आगे बढ़ने से पहले 1972 के दौर में चलते हैं। अब बुजुर्ग हो रहे भारतीयों को याद ही होगा कि सन 1972 में अफ्रीकी देश युगांडा के तानाशाह ईदी अमीन ने अपने देश में रहने वाले हजारों भारतीयों को रातों रात आदेश दे दिया था कि वे सभी 90 दिनों में देश को छोड़ दें। हालांकि भारतीय ही युगांडा की अर्थव्यवस्था की जान थे। पर सनकी अमीन कभी भी और कुछ भी कर देता था। उसके फैसले से वहां दशकों से रहने वाले भारतवंशियों के सामने बड़ा भारी संकट खड़ा हो गया था। तब ब्रिटेन ने उन भारतीयों को अपने यहां शरण दी थी। तब हमारी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने उन भारतवंशियों के लिए कुछ नहीं किया था।

**आपको याद ही होगा कि रूस-यूक्रेन जंग के कारण हजारों भारतीय मेडिकल छात्र-छात्रायें यूक्रेन में फंस गये थे। उन्हें भारत सरकार तत्काल सुरक्षित स्वेदश लेकर आई। भारत के हजारों विद्यार्थी यूक्रेन में थे।**

देश-दुनिया

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

ANI_HindiNews
@AHindinews

पिछले 1 वर्ष में भारतीय खिलाड़ियों ने कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। खेल प्रतिस्पर्धाओं को लेकर हमारे खेल मंत्रालय को अलग अप्रोच से काम करना होगा। हर प्रतियोगिता के लिए अलग रणनीति बनानी होगी। स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और स्पोर्ट्स ट्रेनिंग पर ज्यादा से ज्यादा फोकस करना होगा...स्थानीय स्तर पर ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताएं होनी चाहिए: PM मोदी

## फेसबुक वॉल से




# निकाय चुनाव : यूपी में लोगों से जुड़ने का मौका गंवा रही कांग्रेस



यशोदा श्रीवास्तव

***यह*** समझना मुश्किल है कि आखिर यूपी में कांग्रेस लोगों तक पंहुचने को किस राह की तलाश में है? विधानसभा चुनाव में उसे बुरी तरह मुंह की खानी पड़ी थी। मात्र दो विधायकों की जीत से भी पार्टी यूपी को लेकर इतनी बेफिक्र क्यों है? यदि उसे किसी करिश्मे की प्रतीक्षा है तो वह होने से रही। यूपी में कांग्रेस की खस्ताहाल स्थिति के पीछे कोई और नहीं स्वयं कांग्रेस है। यहां इसके डी ग्रेड के नेता भी स्वयं को राहुल गांधी ही समझते हैं लेकिन राहुल के कठिन परिश्रम, उनके फौलादी मेहनत को अंगीकार नहीं करते। बात दरअसल नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस के उदासीनता को लेकर है। 2022 के विधानसभा चुनाव के पहले जिला पंचायत और ग्राम सभाओं के भी चुनाव हुए थे। गांव से जुड़े इस चुनाव में भी कांग्रेस गांव गिरांव से दूर थी। उम्मीदवारों को टिकट तो देती है लेकिन उसके बाद भी कुछ करना चाहिए, इसे शायद भूल जाती है। गांव से जुड़े त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस की उदासीनता का असर उसके कुछ ही दिन बाद हुए 2022 के विधानसभा चुनाव में दिखा। जनता कांग्रेस के बारे में किस उम्मीद और किसके बूते कुछ सोचे? कहने को तो प्रदेश में भारी भरकम संगठन खड़ा कर दिया है लेकिन जिलों, तहसील और ब्लाक इकाइयों को अता पता नहीं है। यूपी के कई जिलों में कांग्रेस अध्यक्ष के होते हुए भी वहां के कार्यालय महीने में एकाध दिन खुल जाय तो खुल जाय वरना बंद पड़े रहते हैं। कांग्रेस का महिला और यूथ संगठन भी है,यह आज की पीढ़ी को शायद ही पता हो। मुमकिन है जिलों में इसके पदाधिकारी हों भी लेकिन इनके नाम पता गुमनाम ही है। पार्टी में सर पर टोपी और श्वेत वस्त्र धारि सेवा दल की खास पहचान थी। बड़े नेताओं के आगमन पर लोगों को सलीके से बैठाने,और अनुशासन का जिम्मा इसी संगठन पर था। कभी जिलों जिलों तक कांग्रेस का यह संगठन फैला हुआ था। आज भी होगा लेकिन कहीं दिख नहीं रहा। स्व.स्वयं प्रकाश गोस्वामी भी इसके प्रदेश अध्यक्ष रहे। इनके बाद भी कोई होगा लेकिन गोस्वामी के बाद इस पर किसी प्रदेश अध्यक्ष की शिनाख्त न के बराबर है। जिलों में भी यह संगठन महरूम जैसा है। यूपी में संगठन को मजबूत करने के लिए अभी प्रदेश अध्यक्ष सहित चार छः प्रांतीय अध्यक्ष भी बनाये गये हैं लेकिन इनकी क्या भूमिका है, इसका प्रकटीकरण अभी कहीं नहीं दिख रहा। संगठन को लेकर इस नवोदित संगठन की कोई खास और करिश्माई रणनीति हो तो अच्छी बात है। इस वक्त यूपी में निकाय चुनाव की धूम है। भाजपा इस चुनाव को प्रतिष्ठा बना कर लड़ रही है। उसने प्रत्याशी चयन और जीत की बिसात लोकसभा चुनाव को देखते हुए बिछाई है। जाहिर है उसके ही अधिकांश उम्मीदवार जीतेंगे और तब पार्टी और मीडिया इसे लोकसभा चुनाव का लिटमस टेस्ट बतायेगी। सपा और बसपा भी इस चुनाव को अपने कद काठी के हिसाब से गंभीरता से लड़ रही है, वहीं कांग्रेस अपने पुराने ढर्रे पर इस चुनाव में घिसट भर रही है। नगरपालिका, नगर पंचायत अध्यक्षों की घोषणा कर पार्टी सो गई जान पड़ती है। उम्मीदवारों के पर्चा दाखिला तक में विधायक छोड़िए ,जिला स्तरीय कोई पदाधिकारी नहीं देखा गया। निकाय चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार अपने दम पर चुनाव लड़ रहे हैं, उनकी खबर लेने वाला कोई नहीं। वैसे भी इस पार्टी से ज्यादा तर वहीं उम्मीदवार हैं जिन्हें उनके मूल पार्टी से टिकट नहीं मिला। हाल यह है कि यदि कुछ सीटें पार्टी के खाते में आ जाय तो बड़ी बात है। नगरपंचायत और नगर पालिका के कई सीटों पर देखा जा रहा है कि यदि उन्हें पार्टी के किसी नामचीन शख्सियत का सहारा मिल जाए तो उनकी सीटें निकल सकती है लेकिन अफसोस कि ऐसे क्षेत्रों में कांग्रेस के जो बड़े चेहरे हैं वे निकाय चुनाव में दिलचस्पी लेने की अपेक्षा 'कलश यात्रा' या छोटे छोटे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और क्रिकेट मैच के उद्घाटन में ज्यादा रुचि ले रहे हैं।

**जनता कांग्रेस के बारे में किस उम्मीद और किसके बूते कुछ सोचे? कहने को तो प्रदेश में भारी भरकम संगठन खड़ा कर दिया है लेकिन जिलों, तहसील और ब्लॉक इकाइयों को अता पता नहीं है।**

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नीम की पत्तियों से बना फेस पैक, रामबाण इलाज है त्वचा संबंधी बीमारियों का

इन दिनों मौसम करवट बदल रहा है। बूंदाबांदी के बीच ही कंपकपाती सर्दी लोगों को परेशान कर रही है। बदलते मौसम में कई बीमारियां भी लग रही हैं। एक तरफ जहां खांसी, बुखार आम बात हो गई है, वहीं दूसरी ओर त्वचा सम्बन्धित बीमारियां भी इस बदलते मौसम में बहुत देखने को मिल रही हैं। त्वचा सम्बन्धी बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति डॉक्टरों और वैद्य के पास जा रहा है। चिकित्सा पद्धति में त्वचा सम्बन्धी बीमारियों का शर्तिया इलाज है लेकिन त्वचा सम्बन्धी बीमारी को दूर करने के लिए घरेलू नुस्खे भी हैं जिनको आजमाने से आप इस बीमारी से मुक्त हो सकते हैं। त्वचा सम्बन्धी रोग में नीम की पत्तियां रामबाण औषधि का काम करती हैं। यदि आप बदलते मौसम में इस बीमारी से ग्रसित हुए हैं तो आप नीम की पत्तियों से बने पैक्स का इस्तेमाल करें। अगर त्वचा को साफ व समस्याओं से दूर रखना चाहते हैं, तो नीम से बने पैक्स का इस्तेमाल करें। नीम त्वचा से गंदगी निकालता है और संक्रमण भी दूर करता है। कील मुंहासे, चिपचिपापन या फिर दाग-धब्बों जैसी त्वचा की समस्याओं को दूर करने के लिए नीम की पत्तियों का इस्तेमाल बेहतर नतीजे देता है। नीम में एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। नीम के औषधीय गुण त्वचा की गहराई से सफाई करते हैं। त्वचा संबंधी कोई समस्या है तो नीम की पत्तियों का उपयोग हर तरह से फायदेमंद होगा।

### नीम-दूध फेस पैक

नीम की पत्तियाँ चेहरे में जमा गंदगी और धूल को साफ करती हैं और दूध त्वचा को मुलायम बनाता है।

### बनाने की विधि

एक चम्मच बेसन और दो चम्मच नीम पाउडर में लगभग चार-पांच चम्मच दूध मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इसे चेहरे पर लगाकर बीस मिनट तक सूखने दें और फिर ठंडे पानी से धो लें। दूध की मात्रा जरूरत के अनुसार बढ़ा सकते हैं।

### झुर्रियों से छुटकारा

नीम बढ़ती उम्र के साथ चेहरे पर पड़ने वाली झुर्रियों को कम करता है।



### बनाने की विधि

एक मुट्ठी ताजी नीम की पत्तियों का पेस्ट बनाएं। इसमें हल्दी का पाउडर मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। झुर्रियों से राहत मिलेगी।

### दूर होंगे दाग-धब्बे

चेहरे के दाग-धब्बों को कम करने के लिए नीम बहुत ही प्रभावकारी है।

### बनाने की विधि

दो चम्मच नीम पाउडर और एक चम्मच सेब के सिरके में एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे 15 मिनट तक लगा रहने दें और फिर ठंडे पानी से चेहरे को साफ कर लें।

### नीम और नींबू पैक

यदि आपकी त्वचा तैलीय है, तो चेहरे पर नीम और नींबू का फेसपैक लगाएं। ये त्वचा से निकलने वाले प्राकृतिक तेल को रोकता है। साथ ही यह फेस पैक एंटीबैक्टीरियल होता है।

### बनाने की विधि

मुट्ठी भर नीम की पत्तियों को पीस कर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इसमें एक नींबू निचोड़ दें। इसे चेहरे और गर्दन पर लगभग 20 मिनट तक लगाएं और फिर साफ पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार लगाएं, त्वचा का तैलीयपन कम होगा।

### नीम और बेसन पैक

किशोरावस्था में प्रवेश करते ही बच्चों के चेहरे पर कील मुंहासे आने लगते हैं। इनसे बच्चे काफी परेशान होते हैं। ज्यादातर बच्चे इनको हाथों से फोड़ देते हैं। कीले मुंहासों को फोड़ने से इनसे निकलने वाली मवाद इनको बढ़ावा देती है। ऐसी स्थिति में पूरे चेहरे पर यह दिखाई देने लगते हैं। नीम से बना फेस पैक मुंहासों के साथ-साथ दाग से भी राहत देगा।

### बनाने की विधि

एक चम्मच नीम पाउडर, एक चम्मच बेसन, थोड़ी-सा दही और पानी को मिलाकर पेस्ट बनाने के बाद उसे चेहरे पर लगाएं। पेस्ट को करीब 15-20 मिनट तक लगाकर रखें। फिर चेहरा धो लें।

### नीम-गुलाब पैक

यह पैक टैनिंग से बहुत जल्द राहत देता है।

### बनाने की विधि

मुट्ठी भर नीम की पत्तियां और गुलाब की पंखुड़ियों को पानी मिलाकर अच्छी तरह से बारीक पीसकर पेस्ट बना लें। पेस्ट को बीस मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें और फिर ठंडे पानी से धोएं। चेहरे को और अधिक चमकदार बनाने के लिए पेस्ट लगाने के बाद चेहरे पर बर्फ के टुकड़े लगाएं।

# पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण के तीन दशक




**गिरिराज सिंह**
केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री

> पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र के लिए स्तंभ हैं। पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अनेक कदम उठाए और अमृत काल के दौरान तो और भी अधिक जोरदार प्रयास किए। अनुसूचित क्षेत्रों तक पंचायत का विस्तार पीईएसए अधिनियम का कार्यान्वयन उन प्रमुख कदमों में शामिल है। इस अधिनियम के माध्यम से, हमने एक मजबूत प्रणाली स्थापित की है, जिसमें देश के कुछ हिस्सों में सक्रिय पारंपरिक पंचायतों को उनके नियमों और विनियमों के अनुसार मान्यता दी जाती है। हमारी सरकार के निरंतर प्रयासों से, अधिकांश राज्यों ने पीईएसए अधिनियम को लागू कर दिया है और हम शेष राज्यों को इसे लागू करने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं।

भारत के स्थानीय स्वशासन प्रणाली के इतिहास में 24 अप्रैल एक महत्वपूर्ण दिन है। राष्ट्रपति ने 1993 में इसी दिन देश की पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देते हुए 73वें संविधान संशोधन को अपनी स्वीकृति दी थी। पंचायतों को त्रि-स्तरीय प्रणाली प्रदान करने वाले और पंचायतों को शक्तियों और जिम्मेदारियों का हस्तांतरण करने वाले इस संशोधन की अगली कड़ी के रूप में भाग क को संविधान में जोड़ा गया था। संविधान का 73वां संशोधन आज अपना 30वां साल पूरा कर रहा है।

पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र के लिए स्तंभ हैं। पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अनेक कदम उठाए और अमृत काल के दौरान तो और भी अधिक जोरदार प्रयास किए। अनुसूचित क्षेत्रों तक पंचायत का विस्तार पीईएसए अधिनियम का कार्यान्वयन उन प्रमुख कदमों में शामिल है। इस अधिनियम के माध्यम से, हमने एक मजबूत प्रणाली स्थापित की है, जिसमें देश के कुछ हिस्सों में सक्रिय पारंपरिक पंचायतों को उनके नियमों और विनियमों के अनुसार मान्यता दी जाती है। हमारी सरकार के निरंतर प्रयासों से, अधिकांश राज्यों ने पीईएसए अधिनियम को लागू कर दिया है और हम शेष राज्यों को इसे लागू करने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, हमने ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं और विकास की गतिविधियों का समर्थन करने को लेकर पंचायती राज संस्थाओं ने वित्तीय संसाधनों के आवंटन में एक ऊंची छलांग लगाई है। हम पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए कई पहल कर रहे हैं, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों की भूमिका और जिम्मेदारियों को पूरा करने की उनकी क्षमता में वृद्धि और समावेशी विकास, आर्थिक विकास और सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप लक्ष्यों को हासिल करने में योगदान देने के लिए पंचायती राज संस्थाओं की कार्यकुशलता, कामकाज की पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करने के लिए कई पहल कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री का विजन है कि हमें पंचायतों को सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी बनाना है। हमारा प्रयास है कि पंचायती राज संस्थाएं अपनी आवश्यकताओं का स्व-मूल्यांकन करते हुए जनभागीदारी से शासकीय योजनाओं की धनराशि के साथ-साथ राजस्व के अपने स्त्रोत विकसित करें तथा उन निधियों से पंचायतों की अपनी आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन करें और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हों। ग्राम सभा केंद्रीय होने के साथ-साथ स्थानीय स्वशासन का अभिन्न अंग है और साथ ही ग्राम सभा पंचायतों के पारदर्शी और जवाबदेह कामकाज के लिए बहुत आवश्यक है। हमारी सरकार सभी हितधारकों को शामिल करते हुए ग्राम सभाओं को जीवंत संचालन के लिए प्रोत्साहित करती रही है।

केंद्र सरकार का यह निरंतर प्रयास रहा है कि 73वें संविधान संशोधन के बाद पंचायती राज संस्थाओं को न केवल राज्यों द्वारा उन्हें आवंटित 29 विषयों के क्षेत्र में सशक्त किया जाए, बल्कि उन्हें क्रियात्मक भी बनाया जाए। कई राज्यों ने इस दिशा में बेहतर प्रयास किए हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के माननीय उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा इस दिशा में किए गए गंभीर प्रयासों के लिए सराहना के पात्र हैं। इसी प्रकार, अन्य राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों को भी पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए।

केंद्र सरकार ने सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के स्थानीयकरण और इसके लिए ग्राम पंचायत की विकास योजनाओं (जीपीडीपी) के पुनर्गठन पर स्थानीय स्तर पर काम करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और विभिन्न पदाधिकारियों की शासन क्षमता के निर्माण और प्रशिक्षण पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। उल्लेखनीय है कि 2022-23 तक लगभग सभी ग्राम पंचायतें और समकक्ष निकाय अपनी जीपीडीपी तैयार कर चुके हैं।

स्थानीय शासन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए, पंचायती राज मंत्रालय ने 'योजना से भुगतान' तक सभी गतिविधियों के लिए डिजिटल मोड में ई-ग्रामस्वराज एप्लिकेशन जैसे डिजिटल समाधान प्रदान करने वाली पंचायतों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित किया है। जीईएम पर पंचायतों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की खरीद की नवीनतम पहल है, जिसे आज रीवा, मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया जा रहा है। पंचायत खातों के ऑनलाइन ऑडिट के लिए ऑडिटऑनलाइन एप्लिकेशन विकसित किया गया है। इस प्रकार, 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन' के आदर्श वाक्य के साथ ई-गवर्नेंस की पहल स्थानीय सरकार तक पहुंच गई है, जो हमारी सरकार का एकमात्र योगदान है, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री ने अप्रैल 2020 में ई-ग्रामस्वराज एप्लिकेशन लॉन्च किया था।

पीएम स्वामित्व योजना, हमारे प्रधानमंत्री का एक अभिनव विचार, संपत्ति कार्ड जारी करने के माध्यम से गांव के परिवारों के मालिकों को 'रिकॉर्ड ऑफ राइट्स' प्रदान करता है। अधिकार का रिकॉर्ड ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति के मुद्रीकरण में गेम चेंजर साबित हो रहा है, इसके अलावा पंचायतों को निकट भविष्य में अपने स्वयं के राजस्व के स्त्रोतों को बढ़ाने के प्रयास में संपत्ति कर का आकलन और संग्रह करने में सक्षम बनाता है।

पंचायती राज मंत्रालय ने अन्य मंत्रालयों की योजनाओं को मिलाकर और राज्यों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में सक्रिय जनभागीदारी और इसके पुनर्वितरण से 'आजादी का अमृत काल' के दौरान पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के अपने लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है।

इस राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर, मैं सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों और पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों को बधाई देता हूं और पंचायत विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

# बिना हड्डी की जीभ



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

> जुबान लड़ाना एक कला है। इसके लिए साधना करनी पड़ती है। ऋषि-मुनि की तरह। अंतर केवल इतना है कि वे ऋषि-मुनियों को एकांत की आवश्यकता पड़ती है, जबकि जुबान लडाने वालों को भीड़ की। चुनावी रैलियों, चाय की टपरी, नुक्कड़ो-चौराहों पर यह माहौल बना-बनाया मिलता है। शरीर में जुबान ही एक ऐसा अंग है जिसमें हड्डी नहीं होती है। इसलिए दुनियाभर के इंसान अलग-थलग हैं। जुबान लड़ाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसकी शास्त्रीय व्याख्या बहुत जरूरी है।

हमारे एक मित्र हैं। आए दिन समाचार चैनल देख-देखकर उनके जुबान की धार बहुत तेज हो गई है। कभी-कभी लगता है कि साग-सब्जी भी अब इसी से काटते हैं। वैसे भी जहाँ धारदार जुबान हो वहाँ मुंड चाकुओं के होने का क्या मतलब? वे अक्सर मुझसे कहते रहते हैं कि लड़ाने को यों कुछ भी लड़ाया जा सकता है, पर जुबान लड़ाने का मजा ही कुछ और है। चाकू जुबान को नहीं चला सकती, लेकिन जुबान चाकू को जरूर चला सकती है। सुनने में बड़ा अजीब लगता है लेकिन किसी के आगे जुबान लड़ा कर देखिए। या तो बिगड़े काम बन जायेंगे। या फिर बने बनाए काम बिगड़ जायेंगे। यह सब जुबान लड़ाने वाले के कौशल पर निर्भर है कि वह कितनी अच्छी तरह से जुबान लड़ा सकता है।

जुबान लड़ाना एक कला है। इसके लिए साधना करनी पड़ती है। ऋषि-मुनि की तरह। अंतर केवल इतना है कि वे ऋषि-मुनियों को एकांत की आवश्यकता पड़ती है, जबकि जुबान लडाने वालों को भीड़ की। चुनावी रैलियों, चाय की टपरी, नुक्कड़ो-चौराहों पर यह माहौल बना-बनाया मिलता है। शरीर में जुबान ही एक ऐसा अंग है जिसमें हड्डी नहीं होती है। इसलिए दुनियाभर के इंसान अलग-थलग हैं। जुबान लड़ाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसकी शास्त्रीय व्याख्या बहुत जरूरी है। आप कल्पना करके देख सकते हैं कि यदि कोई व्यक्ति कुछ बोल रहा हो और उसकी बात को काटकर अपनी जुबान लड़ा दें तो स्वाभाविक है कि सामने वाली की ऐसी-तैसी होनी ही है।

आखिर जुबान लड़ाने का अर्थ क्या है? अर्थ इसका काफी विस्तृत है, इसलिए विविधता भी पाई जाती है। जरूरी नहीं कि आप जिस कारण कहीं जुबान लड़ाते हो, हम भी उसी कारण से लड़ाएँ। अर्थात यह लड़ाने वाले की नीयत पर निर्भर करता है। फिर भी, एक सार्वजनिक अर्थ इसका है, अनावश्यक हस्तक्षेप करना। कोई चाहे, न चाहे, जरूरत हो, न हो। दूसरों के मामलों में दखलअंदाजी करना। यह महज एक सामान्य और सतही अर्थ है। इसके अर्थ की व्यापकता की कोई सीमा नहीं है। यह पूरी तरह जुबान लड़ाने वाले की सुविधा, इच्छा और जरूरत पर निर्भर करता है। अब रही बात कि जुबान लड़ाने की जरूरत क्या है? यह एक शौक है, आदत है या बीमारी? देखिए, पहले इसकी शुरूआत तो एक शौक के रूप में होती है और अंत बीमारी में। जिसको यह शौक होता है, उसे जुबान लड़ाने में मजा आने लगता है। जब इसकी आदत पड़ जाती है, तब वह अवसर ढूँढ़ने लगता है। जब इसकी लत पड़ जाती है, तब उसे जुबान लड़ाए बिना चैन नहीं पड़ता है और अंत में जब बीमार पड़ जाता है, उस अवस्था में, बिना लड़ाए भी लड़ता ही रहता है। यह जुबान लड़ाने का क्लाइमेक्स है।

प्रायः हमने देखा होगा कि कुछ लोग बुढ़ापे में दिन-रात बड़बड़ाते रहते हैं। ऐसे लोगों को यह आदत जवानी में जुबान अड़ाने से आती है, जो बुढ़ापे तक आकर बीमारी का रूप धर लेती है। कोई सुने, न सुने, वे बोलते ही रहते हैं। पहले जहाँ दूसरों को सुनाते थे, अब खुद ही सुनते हैं। सुना है कि विदेशों में लोगों को जुबान लड़ाने की आदत नहीं होती है। पता नहीं, वे फिर जीते कैसे हैं। हम बिना जुबान लड़ाए एक क्षण भी नहीं रह सकते हैं। जुबान लड़ाने को हम अपनी सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी समझते हैं। इस जिम्मेदारी का एहसास हममें इतना गहरा होता है कि हम प्रायः अपना काम-धंधा छोड़कर भी, जुबान लड़ाने का नैतिक दायित्व पूरी ईमानदारी से निभाए चलते हैं। जहाँ तक जुबान लड़ाने की शैली की बात है, वह सबकी अलग होती है। जो लोग इसका अभ्यास शुरू करना चाहते हैं, वे भूलकर भी, सचमुच किसी के सामने साक्षात अपनी जुबान नहीं लड़ाते। इससे मूल लक्ष्य बाधित होता है और हमारे हाथ-पैर या सिर के खंडित होने का खतरा भी उत्पन्न हो जाता है, क्योंकि किसी के सामने अपनी जुबान लड़ा देने पर, यह जोखिम हो जाता है कि वह इसका सार्थक उपयोग करते हुए कहीं हमें उठाकर पटक ही न दे। जुबान लड़ाना पूरी तरह से एक मानसिक प्रक्रिया है, इसलिए यह बात करने से अधिक शास्त्रीय है।

# चेहरे पर इन चीजों का इस्तेमाल न करें

कई बार लोग खूबसूरत दिखने की चाह में अपने फेस पर कोई भी प्रोडक्ट लगा लेते हैं। लेकिन इससे उनके फेस पर कील, मुहांसे आदि की समस्या हो सकती है। इसलिए आपको अपने फेस पर इन चीजों को लगाने से बचना चाहिए। अक्सर हम सभी अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए कई तरह के प्रयोग करते हैं। वहीं धूल, धूप और डार्कनेस आदि से चेहरे को बचाने के लिए किए गए उपायों से कई बार नई मुसीबतक तैयार हो जाती है। चेहरे पर नए-नए प्रयोग करने से कई बार कुछ चीजों से एलर्जी हो जाती है। जिसके कारण स्किन हेल्दी और ग्लोइंग होने की जगह रैसज, खुजली, पिम्प्लेस, पैचेज और एक्ने आदि की समस्या हो जाती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किन चीजों का चेहरे पर भूलकर भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। वरना आप नई मुसीबत में पड़ सकते हैं।

### नींबू का रस

यदि आप भी नींबू के रस का चेहरे पर इस्तेमाल करते हैं तो आपको सावधान होने की जरूरत है। क्योंकि इससे आपको स्किन रिलेटेड कई सारी समस्याएं हो सकती हैं। नींबू के रस का चेहरे पर इस्तेमाल किए जाने से रैसज, पिम्पल्स, डार्क स्पॉट्स जैसी समस्याएं होना शुरू हो सकती हैं। हालांकि आप फेसपैक में नींबू के रस का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपको कोई परेशानी नहीं होगी। साथ ही यह स्किन से रिलेटेड कई समस्याओं से निजात भी दिलाता है।

### बॉडी लोशन

आपने कई बार देखा होगा कि कई लोग फेस पर बॉडी लोशन का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन शायद आपको इस बारे में पता हो कि बॉडी लोशन चेहरे पर लगाने से पिम्पल्स और रैसेज जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। बता दें कि बॉडी लोशन का टेक्सचर गाढ़ा होने के कारण यह आपके फेस पर कील, मुंहासे आदि निकल सकते हैं। इसलिए भूलकर भी फेस पर बॉडी लोशन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

### नीम या ग्रीन टी

जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव होती है, उन्हें अपने फेस पर ग्रीन टी या फिर नीम का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। ग्रीन टी या नीम के इस्तेमाल से आपके चेहरे पर रैसेज की समस्या हो सकती है। साथ ही इससे आपकी स्किन रूखी और ड्राई भी हो सकती है। इसलिए आपको अपने फेस पर ग्रीन टी या नीम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

**रबिंग एल्कोहल न लगाएं**

इसके अलावा फेस पर कबिंग एल्कोहल नहीं लगाना चाहिए। इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा को काफी सारा नुकसान हो सकता है। हालांकि आप छोटे-मोटे घाव को ठीक करने के लिए रबिंग एल्कोहल का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन रबिंग एल्कोहल का इस्तेमाल फेस पर करने से बचना चाहिए, नहीं तो आप खूबसूरत दिखने की जगह लुक को खराब कर बैठेंगी।

❖ **अनन्या मिश्रा**

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य सफल होंगे और आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृष राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि** : आज आप समय पर अपने काम पूरे कर पाएंगे। किसी भी काम को करने से पहले आपको अपने बड़ों की राय जरूर लेनी चाहिए।

**कर्क राशि** : आज आपका क्रोध आपके बनते हुए काम को बिगाड़ सकता है इसलिए आपको अपने क्रोध पर पूर्ण नियंत्रण रखना चाहिए।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम पर ध्यान देने के साथ-साथ अपनी आमदनी बढ़ाने के लक्ष्य पर भी ध्यान देंगे।

**कन्या राशि** : आज आप अपने बच्चों के साथ खुशी के पल बिताएंगे। पारिवारिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। इस राशि के जो छात्र इंजीनियरिंग कर रहे हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला राशि** : तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन बहुत ही खुशी भरा रहेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। पारिवारिक चिंता भी तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर सकती है।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए थोड़ा कमजोर रहेगा। एक से अधिक काम आपका ध्यान भटकाएंगे जिससे एक काम को भी ठीक से करने में सफलता मिलना मुश्किल हो जाएगा।

**धनु राशि** : आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। शाम को परिवार वालों के साथ घर में मूवी देखने का प्लान बनाएंगे। इससे आपके रिश्तों में और भी मधुरता बढ़ेगी।

**मकर राशि** : आज के दिन आपको सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है. किसी से बहस बाजी करने से बचें। अधिकारी आपके काम और व्यवहार से प्रभावित होंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए सामान्यतः सफल रहेगा। परिवार और संतान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे। इससे आप अंदर से खुशी महसूस करेंगे।

**मीन राशि** : आज परिवार के किसी सदस्य से आपकी कुछ अनबन हो सकती है, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जाएगा। बेवजह किसी के साथ उलझने से आपको बचना चाहिए।




## NEWS इन ब्रीफ

### प्रियंका वाड्रा आज कर्नाटक का करेंगी दौरा

**बेंगलुरू।** कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव में बस कुछ ही हफ्ते बचे हैं। इस कड़ी में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार को राज्य में पार्टी के लिए प्रचार करेंगी। वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के दो दिवसीय दौरे के बाद प्रियंका गांधी की यात्रा से पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों का उत्साह बढ़ने की संभावना है। चुनाव की घोषणा के बाद प्रियंका गांधी का राज्य का यह पहला दौरा है। इससे पहले वह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कर्नाटक गई थीं, इस दौरान गृह लक्ष्मी योजना की प्रमुख घोषणाएं की गईं।

### कोलकाता के साल्ट लेक में भीषण आग, दर्जनों झुग्गियां खाक

**कोलकाता।** कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में रविवार शाम को भीषण आग लग गई, जिसमें करीब 60 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं, जिससे सैकड़ों लोग बेघर हो गए। अधिकारियों ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रात करीब 10 बजे तक फाल्गुनी बाजार में आग पर काबू नहीं पाया जा सका था और आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 10 गाड़ियां तैनात की गई थीं। एक के बाद एक झुग्गियों में रखे गैस सिलेंडरों के फटने से इलाके में दहशत फैल गई। राज्य के अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बसु और विधाननगर नगर निगम की मेयर कृष्णा चक्रवर्ती तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। आग को झोपड़ियों से सटे आवास परिसरों में फैलने से रोकने के प्रयास किए जा रहे थे, जो पहले ही विनाशकारी आग से घिर चुके हैं।

## योगी ने सहारनपुर से किया निकाय चुनाव प्रचार अभियान का शुभारंभ

# नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा : सीएम योगी

### माफिया-अपराधी हो गये अतीत, यूपी बना है सुरक्षा-खुशहाली और रोजगार का प्रतीक

**नवीन मेल नेटवर्क। सहारनपुर**

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि यूपी में नो कर्फ्यू, नो दंगा, सब चंगा। रंगदारी ना फिरौती, अब यूपी नहीं है किसी की बपौती। माफिया-अपराधी हो गये अतीत, यूपी बना है सुरक्षा,-खुशहाली और रोजगार का प्रतीक। यूपी अब कर्फ्यू के लिए नहीं, कांवड़ यात्रा के लिए पहचाना जा रहा है। हमारी पहचान अब उपद्रव की नहीं, उत्सवों की है। यह प्रदेश माफिया नहीं, महोत्सव का प्रदेश बन चुका है। ये हमें तय करना है कि हमारे शहरों में शोहदों का आतंक हो या हम इसे सेफ सिटी बनाएंगे। हम अपने युवाओं के हाथों में तमंचा देखना चाहते हैं या टैबलेट और स्मार्टफोन। जनता रोड स्थित महाराज सिंह डिग्री कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहाः आज मैंने मां शाकंभरी और माता बालासुंदरी के आशीर्वाद से सहारनपुर से अपने चुनावी अभियान की शुरूआत की है। हमने बिना भेदभाव, बिना जाति, मत-मजहब देखे, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के साथ शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया है। सहारनपुर से महापौर पद के लिए सुयोग्य चिकित्सक को हम आपके बीच लेकर आए हैं, जो यहां की सभी बीमारियों का उपचार करेंगे। माफिया के उपचार के लिए हमारी पुलिस ही काफी है।



### मैंने सहारनपुर की उपेक्षा को बहुत करीब से देखा है

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि यूपी का ये सीमांत जनपद अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता है। अपनी अद्भुत काष्ठकला के लिए जगविख्यात यहां की शिल्पकला हो, मेहनती किसान हों, दूरदर्शी और सुशिक्षित युवा हों या फिर उद्योग व्यापार के क्षेत्र में प्रगति में निरंतर योगदान करने वाले हमारे व्यापारी बंधु। सहारनपुर यूपी का महत्वपूर्ण जनपद है। पिछले छह साल में एक दर्जन से अधिक बार यहां आया हूं। यहां इसलिए भी बार-बार आता हूं कि मैंने इसकी उपेक्षा को बहुत ही करीब से देखा है। यहां बिजली नहीं मिलती थी, दंगे और कर्फ्यू होते थे। बुनियादी सुविधाओं से भी सहारनपुर को वंचित रखा गया था। लखनऊ तो दूर, दिल्ली तक जाने में भी यहां से 7 से 8 घंटे लग जाते थे। आज दिल्ली की दूरी 3 घंटे में पूरी हो रही है। इस साल के अंत तक दिल्ली सहारनपुर, देहरादून एक्सप्रेसवे का काम पूरा कर दिया जाएगा। पहले युवाओं को डिग्री के लिए मेरठ जाना होता था। अब मां शाकंभरी के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना होने जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

**मुख्यमंत्री** ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले सरकारों को दंगा कराने से ही फुर्सत नहीं थी। यहां पर गुरुद्वारे से जुड़े मामले में दंगा कराते हुए सिख भाइयों पर हमले कराए गये थे। आज सहारनपुर तो क्या पूरे यूपी में कहीं कर्फ्यू नहीं लगता है। पहले शोहदों का आतंक था। लोग अपनी बेटियों को पढ़ने के लिए घर से दूर नहीं भेजते थे। आज यूपी में भयमुक्त वातावरण स्थापित हुआ है। जो लोग केवल जातिवाद की बात करते थे।

### पीएम मोदी का विजन ही यूपी का मिशन है

**सीएम** ने कहा कि आज शहरी क्षेत्र बेहतरीन सर्विलांस सिस्टम के तौर पर विकसित हो रहे हैं। हम इसे सेफ सिटी के साथ जोड़ रहे हैं, जहां व्यापारी भी सुरक्षित, बेटियां भी सुरक्षित और शहर भी सुरक्षित होगा। यूपी के लिए हमने एक ही लक्ष्य रखा है, जो पीएम का विजन है, वही यूपी का मिशन है। डबल इंजन की सरकार ने बुलेट ट्रेन की तरह परिणाम दिया है। अब आप ट्रिपल इंजन की ताकत को इसमें जोड़ने का काम करें। नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत में महापौर, चेयरमैन और पार्षद की ताकत को जोड़ने का कार्य करना है। जो पैसा दिल्ली और लखनऊ से आएगा, उसका सही उपयोग हो सकेगा। अब ये तय करना है कि हमें 2017 से पहले की जातिवादी सरकार चाहिए या गरीब कल्याण वाली सरकार। भ्रष्टाचार युक्त व्यवस्था चाहिए या भ्रष्टाचार मुक्त, युवाओं के हाथ में तमंचे हों या टैबलेट-स्मार्टफोन।

# पूर्व आईपीएल कमिश्नर ललित मोदी की माफी सुप्रीम कोर्ट में स्वीकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को भारतीय न्यायपालिका के खिलाफ अपनी टिप्पणी के लिए अवमानना मामले में पूर्व आईपीएल आयुक्त ललित मोदी की बिना शर्त माफी को स्वीकार कर लिया। ललित मोदी की माफी को स्वीकार करते हुए जस्टिस एम.आर. शाह और जस्टिस सी.टी. रविकुमार ने कहा कि यह अदालत माफी में विश्वास करती है। आईपीएल के पूर्व आयुक्त का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ के समक्ष कहा कि ललित मोदी पहले ही आपत्तिजनक पोस्ट हटा चुके हैं और अखबारों में माफीनामा प्रकाशित कर चुके हैं। पीठ ने कहा कि भविष्य में अगर उनके द्वारा कोई ऐसा बयान दिया



जाता है, जो भारतीय न्यायपालिका को अपमानित करता है, तो इसे बहुत गंभीरता से लिया जाएगा। 13 अप्रैल को, सुप्रीम कोर्ट ने ललित मोदी को सोशल मीडिया पोस्ट में न्यायपालिका के खिलाफ उनकी टिप्पणी पर बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया था। पीठ सीयू सिंह द्वारा दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह कहा गया कि पूर्व आईपीएल आयुक्त कानून और संस्था से ऊपर नहीं हैं। अपने 13 अप्रैल के आदेश में, शीर्ष अदालत ने कहा, अवमाननाकर्ता की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. ए.एम. सिंघवी ने बार में कहा है ललित मोदी अपने टिप्पणी के संबंध में बिना शर्त माफी मांगेंगे। यह सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और यह प्रमुख समाचापत्रों के मुंबई, दिल्ली चेन्नई, कलकत्ता और बेंगलुरु आदि संस्करणों में प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने बार में यह भी कहा है कि इस अदालत के समक्ष बिना शर्त माफी मांगने के साथ-साथ विशेष रूप से यह कहते हुए एक और हलफनामा दायर किया जाएगा कि भविष्य में ऐसा कोई ट्वीट नहीं किया जाएगा, जो भारतीय न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने जैसा हो।

## फैक्ट चेक के विरूद्ध एक कॉमेडियन ने कोर्ट जाने की हिम्मत की

**आरएनएम। नई दिल्ली**

केन्द्र सरकार आईटी कानून में संशोधन करके फैक्ट चेक करने का जो उपक्रम कर रही है ,उसके मार्फत किसी भी खबर या कॉन्टेंट पर मनमाने ढंग से रोक लगा सकती है। इसके विरूद्ध कोई बड़ा मीडिया हाउस नहीं बल्कि एक कॉमेडियन कुणाल कामरा ने हिम्मत की है, और बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका डाली है। जिसमें उन्होंने कहा है कि वह अपना कॉन्टेंट शेयर करने के लिए सोशल मीडिया पर निर्भर हैं। उन्हें आशंका कि ताजा संशोधन के जरिए उन जैसे क्रिएटर्स के कॉन्टेंट पर मनमाने ढंग से रोक लगाया जा सकता है। कामरा को इस बात की भी आशंका है कि इस कानून की मदद से सरकार न सिर्फ उनके सोशल मीडिया पोस्ट को हटा सकती है। बल्कि उनका सोशल मीडिया हैंडल को आंशिक तौर पर या पूर्णतः निलंबित भी कर सकती है। इससे उन्हें नुकसान हो सकता है। कामरा ने अपनी याचिका में हालिया संशोधन को आम नागरिक के मौलिक अधिकार के हनन से जोड़ा है।उनकीयाचिका पर सुनवाई के दौरान बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि आईटी रूल्स 2021 के नए संशोधन में आवश्यक सुरक्षा उपायों की कमी है।कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा दायर हलफनामे को जिक्र करते हुए कहा है, आप अपने एफिडेविट में कह रहे हैं कि हम पैरोडी और सटायर (व्यंग) को प्रभावित नहीं करेंगे। लेकिन आपका कानून कुछ और कह रहा है। इसमें कोई सुरक्षा नहीं है। हमें देखना होगा।

## सुप्रीम कोर्ट के 5 जज हुए कोरोना संक्रमित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट गैंस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई के लिए सोमवार को सहमत हो गया। हालांकि उसने कहा है कि पांच जजों को कोरोना होने के कारण वे उपलब्ध नहीं है और इसलिए सुनवाई शुक्रवार को होगी। याचिका में 15 अप्रैल को हुई दोनों भाइयों की हत्या की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति के गठन का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामलों के उल्लेख के समय वकीलों को बताया कि पांच जजों को कोरोना संक्रमण हो गया है। उन्होंने कहा, चूंकि पांच जज उपलब्ध नहीं हैं, कुछ मामले जिनकी सुनवाई की तारीख दी गई थी उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया है।

# पवार के बयान के बाद महाविकास अघाड़ी संकट में

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), शिवसेना (उद्धव गुट) और कांग्रेस के बीच वाले अघाड़ी गठबंधन के भविष्य पर संकट दिख रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने अमरावती में कहा कि आज हम अघाड़ी का हिस्सा हैं। हमारी इच्छा है कि हम साथ में काम करें, पर इच्छा से क्या होता है। आगे विधानसभा और लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। आगे अघाड़ी रहेगी या नहीं, इस पर चर्चा नहीं हुई है। पवार ने अमरावती में पत्रकारों के सवाल के जवाब दे रहे थे। ऐसे में जब उनसे पूछा गया कि क्या महा विकास अघाड़ी गंठबंधन एक साथ चुनाव लड़ेंगे तो



उन्होंने तुरंत जवाब दिया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे से लेकर कई मुद्दे होते हैं। जिन पर अभी चर्चा नहीं हुई है। पार्टियों के अपन-अपने विषय हैं। ऐसे में अभी कैसे कह सकते हैं कि एमवीए पार्टियां 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेंगी या नहीं। गौरतलब है, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को भी अपनी बात रखी थी। उन्होंने कहा था कि वह महसूस करते हैं कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के तीनों घटकों शिवसेना, कांग्रेस, राकांपा को वर्ष 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ना चाहिए। हालांकि इस मुद्दे पर फैसला पार्टी और गठबंधन में शामिल घटकों के साथ बातचीत कर के ही लिया जाएगा। उद्धव ठाकरे नीत सरकार के आखिरी मंत्रिमंडल की बैठक में औरंगाबाद और उस्मानाबाद जिलों के नाम बदलने संबंधी फैसले के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि यह मुद्दा एमवीए के न्यूनतम साझा कार्यक्रम में शामिल नहीं था और फैसला लिए जाने के बाद ही उन्हें इसकी जानकारी मिली थी।

### बावनकुले ने किया वार

**महाराष्ट्र** में बीजेपी अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शरद पवार के बयान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महा विकास अघाड़ी को लेकर जनता के साथ ही उनके नेताओं को भी भ्रम है कि यह गठबंधन कहां तक जाएगा। बावनकुले ने कहा कि शरद पवार ने जो कुछ कहा है वह उनकी निजी राय है। पवार साहब को जल्द ही पता चल जाएगा कि जिनको उनके ही लोगों ने छोड़ दिया है क्या वे वास्तव में एमवीए का नेतृत्व कर सकते हैं।

## मुजफ्फरपुर से फिर मोबाइल टावर की चोरी

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र में एक बार फिर मोबाइल टावर की चोरी का मामला सामना आया है। इससे पहले भी मुजफ्फरपुर से ही मोबाइल टावर की चोरी हो चुकी है, जिसकी जांच अभी पुलिस कर रही है कि फिर से एक और मोबाइल टावर चोरी की घटना घटी है। मोबाइल टावर कंपनी ने इस मामले की प्राथमिकी संबंधित थाना में दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, नगर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर ओपी में न्यू कॉलोनी बालू घाट पर जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी लिमिटेड का मोबाइल टावर लगा था। चोरों ने इस मोबाइल टावर के जेनरेटर सहित सभी उपकरण चुरा लिए हैं।

**काम अधूरा**

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की धीमी चाल

# अब तक हुआ है सिर्फ 30 फीसद काम

**काईद नजमी। मुंबई**

बहुप्रतीक्षित मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। गौरतलब है कि परियोजना पर पांच साल से काम हो रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च तक इस पर केवल 30.15 प्रतिशत काम हुआ है। गुजरात की ओर 35.23 प्रतिशत काम हो चुका है, जबकि महाराष्ट्र की ओर तस्वीर निराशाजनक है। अभी मात्र 19.65 प्रतिशत काम हुआ है। परियोजना पर लगभग 56.34 प्रतिशत सिविल कार्य पूरा कर लिया गया है और अब तक 272.89 किमी पर ढेर का काम किया गया है। रेल मंत्रालय ने हाल ही में कहा कि 170.56 किमी पर घाट का काम किया गया है, लेकिन अब तक



45.40 किमी गर्डर्स लॉन्च किए गए हैं। भारत की पहली मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना (एमएएचएसआर) या बुलेट ट्रेन, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 1 लाख 8,000 करोड़ रुपये है, को अगस्त 2026 तक सूरत-बिलिमोरा (63 किमी) के बीच ट्रायल रन के लिए लक्षित किया गया है। पूरे 508 किमी लंबे मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर, जिसमें महाराष्ट्र में 156 किमी और गुजरात में 352 किमी शामिल हैं, के 2027 तक पूरी तरह चालू होने की संभावना है। एनएचएसआरसीएल के अनुसार, बुलेट ट्रेन 320 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलेगी और मुंबई-अहमदाबाद के बीच की पूरी दूरी को केवल 127 मिनट में तय करेगी। एमएएचएसआर में वायडक्ट्स (460 किमी) और पुल (9.22 किमी), सुरंग (25.87 किमी), तटबंधों / कटिंग (12.9 किमी) के माध्यम से 92 प्रतिशत हाई-स्पीड एलिवेटेड रेलवे ट्रैक शामिल हैं। उत्तर की ओर मुंबई-ठाणे के बीच पर्यावरण-संवेदनशील ठाणे क्रीक से गुजरने वाला रेल गलियारा एक प्रमुख आकर्षण होगा, इसमें ठाणे क्रीक फ्लेमिंगो अभयारण्य (टीसीएफएस) शामिल है, जिसे अगस्त 2022 में रामसर साइट के रूप में नामित किया गया था। टीसीएफएस स्थान पर राजहंस और आसपास के समृद्ध मैंग्रोव में अन्य वन्यजीवों को परेशानी से बचाने के लिए, एमएएचएसआर कॉरिडोर इस क्षेत्र में एक अंडरसीट सुरंग से गुजरेगा। एमएएचएसआर के अनुसार, यह 13.2 मीटर व्यास की एक ट्यूब के साथ भारत की पहली अंडरसीट सुरंग और देश का सबसे लंबा रेल परिवहन मार्ग होगा। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर, बुलेट ट्रेन अंतिम गंतव्य, अहमदाबाद के साबरमती स्टेशन तक जाएगी। यह गुजरात के आठ जिलों, महाराष्ट्र के तीन जिलों और केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव से होकर गुजरेगी। बुलेट ट्रेन एक दर्जन स्टेशनों मुंबई-बीकेसी, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती स्टेशनों पर रुकेगी।




## जिम में अनुष्का-विराट ने पंजाबी बीट पर किया डांस, वीडियो वायरल



**पावर कपल** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें ये कपल पंजाबी सिंगर शुभ के गाने 'एलिवेटेड' पर डांस करते नजर आ रहे हैं। अनुष्का ने इंस्टाग्राम पर जिम में अपने पति विराट संग डांस करते हुए एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में विराट ब्लैक टी-शर्ट के साथ ग्रे पैंट और बेसबॉल कैप में नजर आ रहे हैं। वहीं, अनुष्का रिप्ड जींस के साथ प्रिंटेड शर्ट में नजर आ रही हैं। वीडियो में आखिर में एक्ट्रेस विराट से टकरा जाती है, जिसके चलते क्रिकेटर के मुंह से आह निकलता है। 'रब ने बना दी जोड़ी' की एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- डांस पे चांस।

### ब्लू टिक को लेकर अमिताभ ने किया ट्वीट-खेल खतम, पैसा हजम?



**पहले** ट्विटर अकाउंट वेरिफिकेशन के लिए सब्सक्रिप्शन की जरूरत नहीं होती थी, लेकिन बाद में एलोन मस्क ने सब्सक्रिप्शन की घोषणा की। 22 अप्रैल से अनसब्सक्राइब्ड ट्विटर यूजर्स का ब्लू टिक हटा दिया गया था। ब्लू टिक खोने वालों में मेगास्टार अमिताभ बच्चन भी शामिल थे। बिग बी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। ब्लू टिक के वायरल होने के बाद ऐसे ही उनके ट्वीट वायरल हो गए। बिग बी ने आज फिर ट्वीट किया और लिखा, आह, ट्विटर ! मैंने ब्लू टिक का भुगतान किया और अब आप कह रहे हैं कि जिनके 10 लाख फॉलोअर्स हैं उन्हें ब्लू टिक फ्री में मिलेगा।

## खेसारीलाल, यामिनी सिंह और अपर्णा मलिक की वायरल तस्वीर से चर्चाओं का बाजार गरम



**भोजपुरी** सुपर स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म 'अवैध' को लेकर भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर चर्चाओं का बाजार गरम है। बात फिल्म के टाइटल को लेकर हो या फिर फिल्म के सेट से वायरल तस्वीरों की हो, फिल्म ने रिलीज से पहले ही भोजपुरी सिने प्रेमियों के दिलोदिमाग पर 'अवैध' ने दस्तक दे दी है। इसी क्रम में आज एक बार फिर से फिल्म की कुछ तस्वीरें वायरल हुई हैं, जो बेहद आकर्षक और कौतूहल पैदा करने वाले हैं। फिल्म की इन तस्वीरों में खेसारीलाल यादव के साथ अभिनेत्री यामिनी सिंह और अपर्णा मलिक की शानदार केमेस्ट्री नजर आ रही है। इन तस्वीरों की तो इसमें खेसारीलाल यादव एक आम ग्रामीण की भूमिका में नजर आ रहे हैं। कुछ तस्वीरों में खेसारी अपर्णा मलिक के साथ हैं, तो कुछ तस्वीर में फिल्म में आईपीएस बनी यामिनी सिंह के साथ आकर्षक लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म से अपर्णा भोजपुरी पर्दे पर डेब्यू कर रही हैं, जो सेट पर खूब मेहनत करती नजर आती हैं।

# झारखंड के पीडीएस दुकानों में 4जी ई पॉश मशीन से अब मिलेगा राशन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आपने अक्सर जन वितरण प्रणाली यानी पीडीएस दुकानों में लंबी कतार देखी होगी। मुमकिन है कि आपने भी राशन लेने के लिए कई घंटे दुकान के बाहर बिताए होंगे। इसकी वजह है कि पॉश मशीन 2जी नेटवर्क से काम करती है, जो काफी धीमी है। इसके कारण लोगों को राशन देने का काम काफी धीरे-धीरे होता है। लेकिन इस कठिनाई से निपटने के लिए झारखंड सरकार ने अब अपने मशीन को 4ऋ नेटवर्क पर शिफ्ट करने का काम शुरू कर दिया है। झारखंड के खाद्य मंत्री डॉ। रामेश्वर उरांव ने बताया कि पूरे राज्य में पीडीएस दुकानों में ई पॉश मशीन को 4जी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। हमारे पास लगातार शिकायतें आ रहीं थी कि राशन लेने में काफी समय लगता है। इससे अन्य कार्यों में बाधा पहुंचती है। इसलिए लाभुकों की शिकायतों पर गौर करते हुए सभी पॉश मशीनों को 4जी नेटवर्क से जोड़ने का काम बस अब शुरू होगा। हालांकि, इसमें थोड़ा समय और लगेगा क्योंकि एजेंसी चयन के लिए निविदा निकाली गई है। इन मशीनों को 4जी नेटवर्क से जोड़ने का परीक्षण चल रहा है। डॉ। रामेश्वर उरांव ने बताया कि राज्य की पीडीएस दुकानों में ई पॉश मशीन 2जी मोड में चलाने और इससे होने वाली कठिनाइयों को लेकर विधानसभा के बजट सत्र में भी यह मामला उठ चुका है। यह देखा जाता है कि पीडीएस दुकानों में ई पॉश मशीनें 2 जी मोड में होने के कारण राशन दुकानों से लाभुकों को खाद प्राप्त करने में परेशानी हो रही थी, विशेष कर ग्रामीण इलाके में।

## हिमाचल की टीम ने जाना रांची नगर निगम का रेवेन्यू मॉडल

**रांची।** हिमाचल प्रदेश स्थिति धर्मशाला नगर निगम के आयुक्त अनुराग चंदेर शर्मा के नेतृत्व में हिमाचल नगर विकास विभाग के पदाधिकारियों की टीम सोमवार को रांची नगर निगम का रेवेन्यू मॉडल समझने राजधानी पहुंची। टीम ने बेस्ट प्रैक्टिस ऑफ प्रॉपर्टी टैक्स इंप्लीमेंटेशन ऑफ नेशनल डिजिटल मिशन ऑन अर्बन फाइनेंस विषय पर चर्चा की। इससे पहले रांची नगर निगम पहुंची हिमाचल की टीम का रांची नगर आयुक्त शशि रंजन ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि रांची नगर निगम के रेवेन्यू मॉडल को केंद्र सरकार द्वारा सराहा गया है। इस स्टडी विजिट के तहत विभिन्न राज्यों के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है एवं बेस्ट प्रैक्टिसेस को अपनाया जा रहा है। आने वाले समय में इस रेवेन्यू मॉडल को और भी ज्यादा मजबूत बनाते हुए निगम के राजस्व में बढ़ोतरी की कोशिश की जायेगी।

# रांची-पटना से मई में शुरू होगी वंदे भारत ट्रेन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वंदे भारत ट्रेन को लेकर झारखंड के लोगों के मन में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। जैसे इस ट्रेन का किराया क्या होगा, यह कब से चलेगी। मगर जो सवाल सबसे ज्यादा परेशान कर रहा है वो यह है क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद रांची आकर इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। जैसा कि उन्होंने दूसरे वंदे भारत ट्रेनों के साथ किया है। रांची और पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन को 25 अप्रैल से चलाया जाना था, लेकिन कुछ तकनीकी समस्याओं की वजह से अब कहा जा रहा है कि मई के अंतिम सप्ताह तक इसका परिचालन शुरू हो सकता है। ऐसे में सवाल पूछा जा रहा है कि क्या जब वंदे भारत ट्रेन चलना शुरू होगी तो इसका उद्घाटन करने पीएम नरेंद्र मोदी रांची आएंगे? क्योंकि प्रधानमंत्री ने आधे से ज्यादा वंदे भारत ट्रेन को उनके राज्यों में जाकर हरी झंडी दिखाई है। ऐसे में अगर वो रांची आते हैं तो यहां के लोगों के लिए डबल खुशखबरी होगी।

## छात्र-छात्रों ने सीयूजे में मनाया पृथ्वी दिवस

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के शिक्षा विभाग में पर्यावरण शिक्षा के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सोमवार को पृथ्वी दिवस मनाया। पृथ्वी और पर्यावरण की सुरक्षा और बचाव को लेकर विभाग में विद्यार्थियों के बीच कई गतिविधियां कराई गईं। इनमें पौधरोपण और पृथ्वी बचाओ थीम पर रंगोली प्रतियोगिता जैसी गतविधियां हुईं। इनके माध्यम से विद्यार्थियों के बीच वातावरण के साथ समायोजन बना कर पृथ्वी को हराभरा और स्वस्थ बनाए रखने की सीख दी गई। कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने विद्यार्थियों को इस तरह के जागरुकता कार्यक्रम लगातार करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सिर्फ किसी खास दिन को पृथ्वी दिवस के रूप में मनाने से पृथ्वी की आयु नहीं बचेगी, बल्कि इसके लिए हमें रोज अपनी तरफ से छोटा-छोटा योगदान करना होगा। तभी हमारी पृथ्वी स्वच्छ व स्वस्थ रहेगी, साथ ही हमें स्वस्थ रखेगी। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शशि सिंह ने बीएड प्रशिक्षुओं को कहा कि जब आप शिक्षक बनेंगे, तो आपको विद्यार्थियों और समाज के बीच पृथ्वी और वातावरण के लगातार हो रहे दोहन को रोकने का अलख भी जगाना है।

### झारखंड में मानव तस्करी

# पारो और दासी के नाम से बेटियों का होता है सौदा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड की बेटियों को कई राज्यों में बेचा जाता है। किसी को घरेलू काम के नाम पर तो किसी को किसी और वजह से । शादी के नाम पर भी बच्चियों का सौदा होता है। शादी के नाम पर बेची गई लड़कियों की पारो या फिर दासी के नाम पुकार जाता है। इन लड़कियों से जो व्यक्ति शादी करता है सिर्फ वहीं शारीरिक सम्बंध नहीं बनाता, बल्कि उस घर के ज्यादातर मर्द सम्बंध बनाते हैं। दरअसल, झारखंड की बेटियों को बेचने का मामला कोई नया नहीं है, लेकिन इन मामलों में अबतक अंकुश नहीं लग पाना, ये हैरत मे जरूर डालता है। ऐसी ही एक वारदात रांची मे इस तरह का मामला सामने आया है, जहां एक युवती को बेचा गया है। इस मामले की शिकायत कोतवाली थाने स्थित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में की गई। इसके बाद अबतक मामले मे 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पूरे मामले मे युवती के रिकवरी को लेकर पुलिस की टीम राजस्थान भी जाएगी, ताकि युवती को वहां से लाया जा सके। शादी के नाम पर तस्करी को लेकर ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसे सम्वेदनशील मुद्दे पर लंबे समय से कार्य कर रहे एक्टिविस्ट बैद्यनाथ कुमार ने बताया कि झारखंड की युवतियों की तस्करी बड़े पैमाने पर सेक्स वर्कर के रूप में ज्यादा होती है।

# आजसू छात्रों ने योग विभाग में जड़ा ताला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
रांची विश्वविद्यालय के योग विभाग में सेशन लेट चलने के कारण गुस्साए छात्रों ने आजसू छात्र संघ के सदस्यों के साथ सोमवार को चार घंटे तक विभाग में तालाबंदी कर दी। तालाबंदी और प्रर्दशन का नेतृत्व आजसू छात्र संघ के रांची विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला कर रहे थे। छात्रों ने बताया कि योग विभाग का 2020-23 का यूजी सेशन बहुत पीछे चल रहा है, जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड रहा है। 2023 का सेशन जुलाई तक खत्म हो जाना चाहिए था। लेकिन अभी तक 3 सेमेस्टर की परीक्षा ली जा सकी है। 2 महीना बीतने के बाद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। वहीं आजसू पीजी विभाग के अध्यक्ष रोहित चौधरी ने कहा कि ई कल्याण पोर्टल पर योग विभाग रजिस्टर्ड नहीं दिख रहा है, जिससे छात्र- छात्राएं छात्रवृत्ति का फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। आजसू के सदस्यों ने लगभग 4 घंटे तक पीजी योग विभाग को बंद रखा। बाद में रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, ओएसडी डॉ स्मृति सिंह एवं योग विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ मधुलिका विभाग पहुंचे। छात्र-छात्राओं को आश्वस्त किया के अगस्त माह तक विश्वविद्यालय द्वारा हर संभव प्रयास कर कंप्लीट कराया जाएगा। डीएसडब्ल्यू ने कहा कि 2- 3 दिनों में ई कल्याण पोर्टल पर योग विभाग रजिस्टर्ड हो जाएगा। जिसके बाद सभी विद्यार्थी आसानी से छात्रवृत्ति फॉर्म सकते हैं। तालाबंदी में विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष सौरभ शर्मा, अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, विशाल कुमार यादव, विपिन यादव, विक्रम यादव, मयंक सिंह, राहुल कुमार, सिम्मी, गीतांजलि, आकृति, प्रज्ञा, होलीका, प्रीति, शिवानी, अर्चना, आयुष, सूरज, रोहित, राजीव, लव, अमित के अलावा अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के सदस्य मौजूद थे।

# राज्य के सभी अधिकारियों व उनके परिजनों की संपत्ति की जांच हो : भाकपा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने राज्य के आला अधिकारियों की संपत्ति और उनके परिजनों की संपति की जांच कराने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। सोमवार को भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि राज्य में आला अधिकारियों ने भ्रष्टाचार कर खूब लूट मचाई है । निलंबित आईएएस पूजा सिंघल, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम, आईएएस छवि रंजन सहित कई अधिकारियों ने करोड़ों की संपत्ति अवैध रूप से जमा की है। इससे स्पष्ट होता है कि राज्य में किस तरह से खनिज और जमीन की लूट और टेंडर घोटाले हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टेंडर मैनेज करने का काम बहुत पहले से चल रहा है। केवल वीरेंद्र राम के हटा देने से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। वीरेंद्र राम की पूरी टीम को उस जगह से हटाया जाय और सभी की जांच कराई जाए। पाठक ने कहा कि राज्य में लगातार हजारीबाग, रांची, रामगढ़,पलामू, संथाल परगना सहित पूरे राज्य में आला अधिकारी लूट खसोट कर रहे हैं। राज्य में अवैध कारोबार चरम पर है, कोयला, लोहा, गिट्टी, बालू से लेकर तमाम खनिज संपदाओं का दोहन अधिकारियों की मिलीभगत से किया जा रहा है। इसे कई सफेदपोश लोगों का संरक्षण भी है। बगैर सफेदपोश के संरक्षण का अवैध कारोबार नहीं चल सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में जिस तरह से रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की मिलीभगत से भू-माफियाओं ने सेना की जमीन को नहीं छोड़ा। उसी से अनुमान लगाया जा सकता कि राज्य में किस कदर लूट मची हुई है। राज्य में खनिज संपदा लूट की खुली छूट है। यहां भी छापा पड़ रहा है, वहां करोड़ों नगद और जमीन के कागजात मिल रहे है।

# रांची के महादेव मंदिर में शादे की मन्नतें मांगने पर होती हैं पूरी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शादी ऐसी चीज है जो हर किसी के भी जीवन में खास महत्व होता है। लेकिन कई बार लोगों की शादी किसी कारण नहीं हो पाती या फिर बार-बार कट जाती है। लेकिन झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम अंतर्गत मराशिलि पहाड़ पर स्थित महादेव मंदिर के बारे में कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में माथा टेकता है उसकी शादी की मनोकामना तुरंत पूरी हो जाती है व मात्र 6 महीने के अंदर शहनाई बज जाती है। मंदिर के पुजारी शंभू ने बताया, मैं यहां पिछले 20 सालों पुजारी हूं और हर साल 15 से 16 शादी मैं खुद कराता हूं। यह सारी की सारी शादी यहां मन्नत वाली होती हैं। जो भी शादी की मन्नत मांगता है वह यहीं आकर शादी करता है और सुखद दांपत्य महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करता है। पुजारी शंभू बताते हैं, यहां जो कि शादी की मन्नत मांगता है यह रिकॉर्ड है आज तक की 6 महीने के अंदर सबकी शादी हुई है। मैंने खुद करायी है सब की शादी। एक बार एक आदमी 45 साल का हो गया था। लेकिन उसकी शादी बार-बार ठीक होकर कट जा रही थी। तब उसे किसी ने यहां का पता बताया और यहां आने के बाद मात्र 6 महीने के अंदर उसकी शादी हो गई, उसकी शादी भी मैंने ही कराई थी।

# सरला बिरला में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची ने अपने परिसर में एथिक्स एण्ड इंटिग्रीटी विषय पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में श्री सूरज शर्मा, चिन्मय विद्यालय, बोकारो के प्रधानाचार्य और अक्षय अग्रवाल, चीफ फैसिलिटेटर, रिसर्च एंड एनालिस्ट, माउंट लिटेरा जी स्कूल, जमशेदपुर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापिका परमजीत कौर व दोनों रिसोर्स पर्सन ने सम्मिलित रूप से किया। सत्र में रांची और उसके आस-पास के विभिन्न विद्यालयों से 58 शिक्षकों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लिया. उन्हें विभिन्न नवीन शिक्षण पद्धतियों के बारे में बताया गया, जिन्हें वे क्षमता-आधारित शिक्षा की सुविधा के लिए अपनी कक्षाओं में ले जा सकते हैं। इस सत्र में शिक्षक व शिक्षार्थियों को नई शिक्षण नीति और अन्य शैक्षिक गुणों के संबंध में बताया गया, जो नैतिकता और सत्यनिष्ठा के अनुप्रयोग की आवश्यकता पर बल देती है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने में स्कूल के समर्पित प्रयासों की सराहना की।

## प्रेरणास्त्रोत : वर्षों से गरीबी की जिन्दगी गुजार रहा था विनीता का परिवार

# आम की बागवानी कर बन गई आत्मनिर्भर



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर और तोरपा प्रखंड मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हुसीर पंचायत के गोपला गांव में एक महिला किसान ने बागवानी कर अपने परिवार को आत्मनिर्भर बनाया है। हुसीर पंचायत के गोपला गांव में बिनीता गुड़िया और उसका परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। दो वक्त की रोटी के लिए परिवार सड़क, भवन, पुल-पुलिया के निर्माण कार्य अथवा खेतों में मजदूरी करता था। परिवार के पास खेती बहुत कम थी, उसमें भी मानसून के अलावा सिंचाई का कोई साधन नहीं था। इस जमीन पर साल में सिर्फ धान और उड़द की खेती हो पाती है। बिनीता अपने खेत में आम का बाग लगाना चाहती थी, लेकिन निवेश के लिए न पूंजी थी और न ही सिंचाई की सुविधा। उसे आम बागवानी के संबंध में भी कोई जानकारी भी नही थी। इसी बीच एक दिन ग्राम सभा में बिनीता को ग्राम पंचायत के सीएफटी कार्यक्रम (एनआरएलएम और मनरेगा का अभिसरण) के तहत सोशल मोबिलाइजर उसेर्ला से बिरसा मुंडा आम बागवानी कार्यक्रम (मनरेगा के तहत आम पौधारोपण) के बारे में जानकारी मिली। ग्रामसभा की अगली बैठक में परिवार वालों ने बागवानी गतिविधि में अपनी रुचि दिखाई और ग्रामसभा से आम बागान स्वीकृत करने का आग्रह किया। परिवार की खराब स्थिति को देखते हुए ग्रामसभा ने इसे स्वीकृत करने का निर्णय लिया। उसने स्वयंसेवी संस्था प्रदान से तकनीकी जानकारी कर आम की बागवानी शुरू कर दी। कहा जाता है न कि मेहनत करने वालों की हार नहीं होती। बिनीता की मेहनत रंग लाई और कुछ साल की मेहनत के बाद उसके बाग में आम की फसल आनी शुरू हो गई। इससे उसके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरने लगी और आज बिनीता न सिर्फ अपने गांव, बल्कि प्रखंड के लिए भी एक आदर्श महिला किसान बन गई है। इस संबंध में बिनीता ने बताया कि पहले गांव के लोग डरते थे कि मनरेगा से कोई भी योजना ले लेंगे तो सरकार हमारी जमीन पर कब्जा कर लेगी। आज हमें पता चला कि मनरेगा वास्तव में ग्रामीणों की स्थिति में सुधार लाने के लिए काफी मददगार है। बिनीता के परिवार की सफलता को देखकर गांव के कुछ और लोगों ने आम बागवानी की शुरू कर दी है। आज गोपला गांव में आम के छह बड़े-बड़े बागान हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**सेना जमीन घोटाला : छह आरोपितों को...**
तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में भी आरोपित हैं।

**सीएम के प्रेस सलाहकार के पीपीएस के आवास से मिले जमीन के दस्तावेज : रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के खास सहयोगी (निजी सचिव) उदय शंकर के ठिकाने से कई जमीनों के कागजात बरामद किए हैं। सोमवार को ईडी ने मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के खास सहयोगी (निजी सचिव) उदय शंकर के रांची में डोरंडा बाजार के पीछे बांग्ला स्कूल के समीप स्थित आवास पर छापा मारा। ईडी के अधिकारियों ने पूरे आवास खंगाल कर चप्पे चप्पे पर छानबीन की। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार छापेमारी के दौरान ईडी को जमीन संबंधी कई कागजात उदय शंकर के यहां से मिले हैं। बताया गया कि उदय शंकर सीओ, डिप्टी रजिस्ट्रार तक को धमकाया करता था। उदय के मोबाइल से बड़े लोग दूसरे बड़े लोगों से बात करते थे। एक सांसद के शैक्षणिक योग्यता से जुड़े कागजातों का भी आदान-प्रदान हुआ है। उदयशंकर के यहां से मिले दस्तावेज, मोबाइल डाटा जांच में अहम कड़ी साबित हो सकती है।

**छवि रंजन से साढ़े नौ घंटे तक...**
सामने आ चुकी है कि प्रदीप बागची नाम के व्यक्ति ने फर्जी रैयत बनकर जगत बंधु टी इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप कुमार घोष को उक्त जमीन बेच डाली थी। जमीन की खरीद-बिक्री के लिए रजिस्ट्री में प्रदीप बागची ने जिस होल्डिंग नंबर से संबंधित दो अलग-अलग कागजातों को लगाया था, वह जांच में फर्जी मिले थे।

**बन्ना के वीडियो पर सियासत...**
कहा कि ऐसा लगता है कि स्वास्थ्य मंत्री हनी ट्रैप के शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह सेक्सटॉर्शन का मामला भी हो सकता है। झामुमो नेता ने कहा कि सवाल यह भी है कि इस वीडियो को भी वायरल भाजपा के एक बड़बोला सांसद के द्वारा किया गया है। यह वीडियो कहां से उनको मिला, यह भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर प्राथमिकी हुई है। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। मनोज पांडे ने कहा कि अगर इस मुद्दे को लेकर स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दे देते हैं तो यह उनकी महानता होगी।

**बन्ना गुप्ता प्रकरण भाजपा का षड्यंत्र :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का अश्लील वीडियो वायरल होने के मुद्दे पर सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि इस मामले में भाजपा का षड्यंत्र साफ नजर आता है। ऐसे में इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जांच में अगर स्वास्थ्य मंत्री दोषी पाए जाते हैं तो निश्चित है उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना से महागठबंधन पर कोई दाग नहीं लगने वाला है। डॉ मनोज कुमार ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर जो कुछ करना है इसका फैसला कांग्रेस पार्टी और सरकार को लेना है।

**पहले वीडियो की प्रामाणिकता की जांच हो :** बन्ना गुप्ता प्रकरण को लेकर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि पहले वीडियो की प्रामाणिकता की जांच होनी चाहिए। जिस तरह से कोरोनाकाल में स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य की जनता के लिए काम किया है उससे स्वास्थ्यमंत्री की लोकप्रियता बढ़ी है। बन्ना गुप्ता की बढ़ती लोकप्रियता से हतोत्साहित भाजपा और विपक्ष की भी साजिश से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जल्द दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

**यह तो बस एक झांकी है, पूरी पिक्चर बाकी है : सरयू राय :** सरयू राय ने बन्ना गुप्ता की वीडियो को ट्वीट करते हुए लिखाः कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे जी के अनुसार हेमंत सोरेन सरकार के सभी कांग्रेसी मंत्री अच्छा काम कर रहे हैं। अच्छे काम की झांकी है यह ! हो सकता है पूरी पिक्चर बाकी हो। इस एक एपिसोड के बाद कतार में कई खंड एपिसोड संभावित हो सकते हैं।

**बरही में तीर्थयात्रियों से भरी बस...**
निरंजन सिंह दल बल के साथ पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त यात्रियों को अस्पताल भेजने के साथ सड़क जाम हटाने का काम किया। बस पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले से गया, वृंदावन, बनारस, प्रयागराज, मथुरा आदि तीर्थ स्थलों के भ्रमण के लिए जा रही थी। घायल यात्रियों को बचाने में गणेश साव, स्थानीय मुखिया मनोज कुमार सहित कई लोगो ने प्रमुख भूमिका निभाई।

# सचिन के नाम दर्ज हैं 5 ऐसे विश्वरिकॉर्ड, जो कभी नहीं टूट पाएंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**
क्रिकेट के भगवान यानी कि सचिन तेंदुलकर...आज 50 साल के हो गए हैं। उनका जन्म 24 अप्रैल 1973 को मुंबई के महाराष्ट्र में हुआ था। मुंबई का ये सितारा जब 15 नवंबर 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू के रूप में उतरा था तो वसीम अकरम और वकार युनिस जैसे तेज गेंदबाज ये सोच रहे थे कि 5 फीट 5 इंच का ये बल्लेबाज हमारा सामना कैसे करेगा...खैर ये उनकी छोटी सोच थी, लेकिन फिर सचिन ने क्रिकेट के मैदान पर जो कर दिखाया था उसका आज कोई तोड़ नहीं है। नए युवा खिलाड़ी उनको सलाम ठोकते हैं क्योंकि उनके पास रिकॉर्ड्स की कमी नहीं है।

आईसीसी ने ट्वीट किया,सचिन तेंदुलकर के लिए एक और अर्धशतक, क्रिकेट के दिग्गज सचिन को उनके 50वें साल के लिए बधाई।

विश्व कप 2011 विजेता भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने सचिन के बारे में बात की और बताया कि उन्होंने अपने जीवन में क्या भूमिका निभाई है।

युवराज ने कहा, वह आया, उसने खेला और उसने 4 पीढ़ियों के दिलों को जीत लिया! अच्छे दिन या बुरे दिन, 100 रन या कोई रन नहीं, उसका सिर हमेशा ऊंचा रहता था और पैर मजबूती से जमीन पर टिके रहते थे। उसने हमें सिखाया कि सही प्रक्रिया का पालन करने से सफलता मिलती है। लंबी अवधि की प्रगति! किंवदंतियों की किंवदंती, वह हमेशा एक टीम के साथी, एक दोस्त, एक संरक्षक और एक बड़े भाई के रूप में रहे हैं! हमारे अपने सचिन के लिए, आपको 50वें जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं और आगे अभी अगले 50 साल का और इंतजार है।

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने भी अपने लंबे समय के साथी खिलाड़ी को मजाकिया अंदाज में बधाई दी।

सहवाग ने ट्वीट किया, मैदान पर जो आपने कहा, उसका उल्टा ही किया, तो आज आपके प्रतिष्ठित 50वें जन्मदिन पर तो आपको शीर्षासन करके विश करना ही था। जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं सचिन।

भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने भी सचिन को बधाई देते हुए ट्वीट किया, हैप्पी बर्थडे सचिन सर आप हमारे प्रेरणा के निरंतर स्त्रोत हैं और मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं कि एमआई कैंप में हर रोज आपसे सीखने और बातचीत करने में सक्षम हूं।

## क्या हैं वो रिकार्ड्स

▶▶ तो पहला जो रिकार्ड उनके नाम है वो है टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का। सचिन ने 329 पारियों में करीब 54 की औसत से 15921 रन बनाए। सचिन के इस रिकॉर्ड की बराबरी करना किसी भी बल्लेबाज के बस की बात नहीं है क्योंकि मौजूदा एक्टिव खिलाड़ियों की बात करें तो वो इस रिकॉर्ड के आसपास भी खड़े नजर नहीं आते। अगर हम टाप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो ये सभी रिटायर खिलाड़ी ही हैं। सचिन के बाद रिकी पोंटिंग आते हैं। फिर तीसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के जक कैलिस हैं, जिनके नाम 13289 रन दर्ज हैं। फिर राहुल द्रविड़ हैं और पांचवें नंबर पर 12 हजार 472 रन के साथ इंग्लैंड के एलिस्टर कुक हैं। मतलब साफ है कि सचिन के टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ना मौजूदा समय किसी भी बल्लेबाज के बस की बात नहीं है।

▶▶ इसके बाद सचिन के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का विश्व रिकार्ड भी दर्ज है। उन्होंने 100 शतक लगाए हैं, जिसमें उनचास शतक वनडे क्रिकेट में आए तो इक्यावन शतक टेस्ट में आए। सचिन ने ये कारनामा 782 पारियों में किया है। उनके बाद दूसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जो 555 पारियों में कुल 75 अंततरराष्ट्रीय शतक लगा चुके हैं। हालांकि सचिन की बराबरी करना उनके लिए आसान नहीं लग रहा है।

▶▶ सचिन के नाम जो तीसरा विश्व रिकॉर्ड है वो है एक खिलाड़ी के रूप में सबसे ज्यादा वनडे मैच खेलने और रन बनाने का। सचिन ने 463 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उनके नाम 18426 रन दर्ज हैं। सचिन के रनों को पीछे छोड़ना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नजर नहीं आ रहा क्योंकि एक्टिव प्लेयरों में कोई भी बल्लेबाज अभी तक 15000 का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। साथ ही अब 400 से ज्यादा मैच खेलना का सपना भी किसी का पूरा नहीं होगा।

▶▶ अब चौथा जो उनका विश्व रिकॉर्ड है...वो है वर्ल्ड कप टूर्नामेंट मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने का। उन्होंने 1992 से 2011 तक 6 विश्व कप टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। इस दौरान सचिन ने 45 पारियों करीब सतावन की औसत से 2278 रन बनाए हैं, जिसमें 6 शतक तो 15 अर्धशतक शामिल हैं। दूसरे नंबर पर पोंटिंग हैं, जिन्होंने 1743 रन बनाए थे। एक्टिव खिलाड़ियों में शाकिब हल हसन हैं जो 1146 रन बना चुके हैं। यह बहुत बड़ा अंतर है तो ऐसे में साफ है कि सचिन के इस रिकार्ड का टूटना मुश्किल है।

▶▶ जो आखिरी उनका रिकार्ड है वो है किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने का। सचिन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा 20 शतक लगाए हैं। हालांकि एक्टिव प्लेयरों में विराट कोहली भी रेस में हैं जो आस्ट्रेलिया के ही खिलाफ अभी तक 16 शतक लगा चुके हैं, लेकिन अब उनके बल्ले से इसी टीम के खिलाफ 5 शतक लगना आसान नहीं दिख रहा है।

## मास्टर ब्लास्टर का करियर

| टेस्ट | वनडे | T-20I |
| --- | --- | --- |
| 200 मैच | 463 मैच | 1 मैच |
| 15921 रन | 18426 रन | 10 रन |
| 53.79 औसत | 44.83 औसत | 1 विकेट |



## सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में सचिन और ब्रायन लारा सम्मानित



**एजेंसी। सिडनी**
सचिन तेंदुलकर को उनके 50वें जन्मदिन पर सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में उनके और वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी ब्रायन लारा के नाम पर गेट का सेट देकर सम्मानित किया गया। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में तेंदुलकर के 50वें जन्मदिन और लारा की 277 रनों की पारी के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में खेल के मैदान तक पहुंचने के लिए उपयोग किए जाने वाले द्वारों का अनावरण किया गया। गेट्स का अनावरण एससीजी और वेन्यूज एनएसडब्ल्यू के अध्यक्ष रॉड मैकगॉच एओ और सीईओ केरी माथेर के साथ-साथ क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉक्ले द्वारा किया गया। सभी आने वाले क्रिकेट खिलाड़ी लारा-तेंदुलकर गेट्स के माध्यम से मैदान में जाएंगे, जो ड्रेसिंग रूम और नोबल ब्रैडमैन मैसेंजर स्टैंड के बीच स्थित है। एससीजी के बयान में कहा गया कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम पवेलियन के बीच डॉन ब्रैडमैन गेट्स के माध्यम से मैदान में प्रवेश करती है, जबकि आर्थर मॉरिस और एलन डेविडसन गेट्स ड्राइवर एवेन्यू के सामने हैं। तेंदुलकर और लारा अब सर डोनाल्ड ब्रैडमैन, एलन डेविडसन और आर्थर मॉरिस के साथ एससीजी में उनके सम्मान में नामित द्वारों के सेट के साथ जुड़ गए हैं। तेंदुलकर ने सिडनी में टेस्ट में 157 का औसत बनाया और मूर पार्क में तीन प्रतिष्ठित शतक बनाए। इस मैदान पर केवल उस्मान ख्वाजा के 130.83 के औसत से रन बनाए हैं।

## मिजोरम में हॉकी इंडिया का अभियान देख कर अच्छा लगा : लालरेमसियामी



**एजेंसी। बेंगलुरु**
हॉकी इंडिया द्वारा देश भर के विभिन्न जिलों में शुरू किये गए 'हॉकी इंडिया का अभियान हर घर हो हॉकी की पहचान' कार्यक्रम मिजोरम में काफी पसंद किया जा रहा है, जहां कई युवा खिलाड़ी इस अभियान के जरिये तेजी से सामने आ रहे हैं।

100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकीं, मिजोरम की पहली ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी और भारतीय महिला टीम की फॉरवर्ड लालरेमसियामी ने कहा कि वह अपने राज्य के अधिक युवाओं को खेल में देखकर खुश हैं। लालरेमसियामी ने हॉकी इंडिया से बातचीत में कहा, जब मैंने लगभग आठ-नौ साल पहले इस खेल को अपनाया था, तो हॉकी को अपनाने वाले खिलाड़ी कम थे क्योंकि फुटबॉल पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया था।

मैं नई दिल्ली में राष्ट्रीय हॉकी अकादमी के लिए चुने जाने के बाद राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शामिल हुई। लेकिन अब राज्य में कई और खिलाड़ी दूर-दराज के जिलों से आ रहे हैं क्योंकि राज्य संघ सक्रिय रूप से शिविरों और स्थानीय कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है। लालरेमसियामी ने अपने राज्य की जूनियर महिला टीम द्वारा खूंटी (रांची), झारखंड में आयोजित पहली हॉकी इंडिया जूनियर महिला ईस्ट जोन चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने पर सराहना की।

# दिल्ली ने हैदराबाद को दिया 145 रन का लक्ष्य

**एजेंसी। हैदराबाद**
मनीष पांडेय और अक्षर पटेल की उपयोगी पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के 34वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 145 रन का टारगेट दिया है। जवाब में हैदराबाद ने 4 ओवर में बगैर विकेट गंवाए 26 रन बना लिए हैं। मयंक अग्रवाल और हैरी ब्रूक क्रीज पर हैं। मनीष पांडेय और अक्षर पटेल की अर्धशतकीय साझेदारी, स्कोर 144/9 हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 144 रन बनाए। टीम की ओर से अक्षर पटेल और मनीष पांडेय ने 34-34 रन की संघर्षपूर्ण पारियां खेलीं। दोनों ने 59 बॉल पर 69 रन जोड़े। इससे पहले, मिचेल मार्श ने 25 और डेविड वॉर्नर ने 21 रन का योगदान दिया। वॉशिंगटन सुंदर ने तीन और भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट लिए। टी नटराजन को एक विकेट मिला।पहलाः पहले ओवर की तीसरी बॉल पर भुवनेश्वर ने फिल सॉल्ट को हेनरिक क्लासेन के हाथों कैच कराया।



## 'पोडियम से फुटपाथ तक', पहलवानों ने जंतर मंतर पर बिताई रात



**एजेंसी। नई दिल्ली**
ओलंपियन पहलवान बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और अन्य शीर्ष भारतीय पहलवानों ने रविवार की रात दिल्ली के जंतर-मंतर में फुटपाथ पर बिताई। पहलवानों ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (कुश्ती संघ - डब्ल्यूएफआई) प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया, यह कठिन था, सभी पहलवान देर रात तक जागते रहे। वे सोशल माडिया पर संदेश साझा कर रहे थे, दूसरे पहलवानों और लोगों से सोमवार को जंतर-मंतर पर आने का अनुरोध कर रहे थे। विनेश ने फुटपाथ पर सोते हुए पहलवानों की एक तस्वीर ट्विटर पर साझा की, जिसमें उन्होंने लिखा, पोडियम से फुटपाथ तक? आधी रात खुले आसमान के नीचे न्याय की आस में?

इसके बाद कई सोशल मीडिया यूजर्स ने सरकार और डब्ल्यूएफआई प्रमुख की आलोचना की। एक ने लिखा, हमारे ओलंपियन को इस तरह देखना निराशाजनक है। इससे पहले रविवार को एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश पत्रकारों से बात करते हुए रो पड़ीं। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया सहित कई पहलवानों ने यहां जंतर-मंतर पर धरना दिया। विनेश ने पहले कहा था कि बृजभूषण शरण सिंह ने उनका मानसिक उत्पीड़न किया है। उन्होंने कहा कि वो आत्महत्या के बारे में भी सोच रही थी। रविवार को एक पहलवान ने आईएएनएस को बताया था कि एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों ने संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया।

पहलवान ने कहा था, हमें कई तरफ से धमकियां मिल रही हैं और दो महीने से अधिक समय तक इंतजार करने के बाद, हमने थाने में शिकायत दर्ज करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने हमें भगा दिया। हमें नहीं पता कि यहां क्या हो रहा है। हम अपना विरोध फिर से शुरू करेंगे और मांगे पूरी होने तक जंतर-मंतर पर धरने पर बैठेंगे।

## दिल्ली को अपनी रणनीति पर काम करने की जरूरत : मोहम्मद कैफ

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आईपीएल 2023 में अपनी पहली जीत का स्वाद चखने के बाद, डेविड वार्नर अपने अगले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व करेंगे। वार्नर - जो पिछले आईपीएल सीजन में सनराइजर्स का हिस्सा रहे हैं - को उप्पल में समर्थन की कोई कमी नहीं होगी। उन्हें उम्मीद होगी कि उनकी टीम पिछले गेम से गति बनाए रखेगी और एडन मर्कराम के नेतृत्व वाली दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ काफी बेहतर प्रदर्शन करेगी।



भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपनी रणनीति पर फिर से काम करना होगा। स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर बात करते हुए कैफ ने कहा, दिल्ली को अपने टीम कॉम्बिनेशन पर ध्यान देना होगा। इस टीम को अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना होगा। टीम में काफी समस्याएं हैं और खिलाड़ियों का मनोबल गिरा हुआ है। अब दिल्ली कैपिटल्स को सब कुछ भूलकर लगातार जीत पर ध्यान देना होगा, जो असंभव काम नहीं है। सनराइजर्स को अपने पिछले कुछ मैचों में बैक-टू-बैक हार का सामना करना पड़ा है, लेकिन इस टीम के पास कुछ शानदार खिलाड़ी हैं जो खेल को कभी भी पलट सकते हैं।

## रहाणे के रवैये में काफी बदलाव आया है : मिताली

**एजेंसी। कोलकाता**
पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर और कप्तान मिताली राज का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने टी20 प्रारूप के लिये अपने खेल में बदलाव किया है और यह उनकाह्यब्रांड न्यू'रूप है। मिथाली ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम पर रविवार को कहा, ह्यह्य रहाणे ने अपने खेल को नया रूप दिया है। वह टी20 प्रारूप में ढलना चाहते थे इसलिये उन्होंने अपने खेल में बदलाव किया है। उनके शॉट नहीं बदले हैं, लेकिन रवैये में काफी बदलाव आया है। यह ब्रांड न्यू रहाणे लगते हैं।"





इसी साल सुपर किंग्स से 50 लाख रुपये में जुड़े रहाणे ने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 29 गेंद पर 71 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें छह चौके और पांच छक्के शामिल रहे। रहाणे इस आईपीएल सीजन में शानदार फॉर्म में नजर आये हैं और वह अब तक पांच पारियों में 199.04 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 209 रन बना चुके हैं।

सुपर किंग्स ने रहाणे की पारी की मदद से केकेआर के सामने 236 रन का विशाल लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में केकेआर 186 रन ही बना सकी। जेसन रॉय (26 गेंद, 61 रन) और रिंकु सिंह (33 गेंद, 53 रन) ने केकेआर की ओर से संघर्ष किया, लेकिन सुपर किंग्स के गेंदबाजों ने अंततः अनुशासन के साथ अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।

### ग्रेट नॉर्थ रन में अपने एथलेटिक्स करियर का समापन करेंगे मो. फराह

**लंदन।** ब्रिटेन के चार बार के ओलंपिक चैंपियन धावक मोहम्मद फराह ने कहा कि वह सितंबर में ग्रेट नॉर्थ रन में अपने एथलेटिक्स करियर का समापन करेंगे। फराह रविवार को लंदन में अपने अंतिम मैराथन में नौवें स्थान पर रहे, उन्होंने विजेता केल्विन किप्टम से नौ मिनट पीछे 2:10:28 का समय निकाला। 40 वर्षीय फराह, 10 सितंबर में ग्रेट नॉर्थ रन हाफ-मैराथन से पहले 21 मई को 10 किमी ग्रेट मैनचेस्टर रन में प्रतिस्पर्धा करेंगे। फराह ने छह बार ग्रेट नॉर्थ रन जीता है।

## आईपीएल 2023

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम से आरसीबी को फायदा

# डुप्लेसिस को मिला अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका



**एजेंसी। नई दिल्ली**
इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2023) फाफ डु प्लेसिस के लिए शानदार रहा है। लीग चरण के लगभग आधे रास्ते में, वह ऑरेंज कैप धारक है, उन्होंने सात पारियों में पांच अर्धशतक बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 165.30 का रहा है। उनका यह शानदार फॉर्म 38 साल की उम्र में आया है, एक ऐसी उम्र जहां ज्यादातर क्रिकेटर लंबे समय से संन्यास लिए हुए हैं, या कोचिंग व प्रसारण में काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय रूप से, डु प्लेसिस ने ग्रेड-वन इंटरकोस्टल स्ट्रेन से पीड़ित होने के बावजूद ऐसा किया है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने उन्हें चोट के बावजूद खेलने में सक्षम बनाया। एक ऐसा नियम जिसने टी20 क्रिकेट में चयन की प्रकृति को मौलिक रूप से बदल दिया है।

गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ, उन्होंने इम्पैक्ट प्लेयर के रुप में विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर 56 गेंदों में 84 रन बनाए, और एक पारी में ब्रेक लिया। रविवार दोपहर बेंगलुरू में आरसीबी ने रॉयल्स के खिलाफ लगातार दूसरी जीत दर्ज की, जिसमें उन्होंने 39 गेंदों पर 62 रन बनाए और फिर से उन्हें प्रतिस्थापित किया गया।

आरसीबी ने एक क्षेत्ररक्षक के रूप में डु प्लेसिस की भागीदारी पर दो बार देर से निर्णय लिए हैं। जिससे न सिर्फ डु प्लेसिस को बल्कि टीम को भी फायदा हुआ है। यदि इम्पैक्ट प्लेयर का नियम न होता तो शायद डु प्लेसिस इतने सफल नहीं होते। पंजाब किंग्स पर अपनी जीत के दौरान, डु प्लेसिस ने कहा, मैंने देखा कि कुछ लड़के अब इस नए नियम को करने की कोशिश कर रहे थे, जहां वे बल्लेबाजी करते हैं और क्षेत्ररक्षण नहीं करते हैं, इसलिए मैंने सोचा कि मैं भी इसे आजमाऊंगा। रविवार को डु प्लेसिस की जगह आए हर्षल ने अच्छी गेंदबाजी की और अपनी टीम को जीत दिलाई। किंग्स पर उनकी जीत के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान हर्षल को चोट लगी थी, डु प्लेसिस की तरह, उन्होंने भी इम्पैक्ट प्लेयर नियम का फायदा उठाया, जिससे उन्हें केवल एक पारी में खेलने का मौका मिला।

वह अपने बाएं हाथ की छोटी उंगली में लगी चोट के साथ चिन्नास्वामी पहुंचे, जिससे बल्ले को पकड़ने की उनकी क्षमता सीमित हो गई थी; बाद में उन्होंने सुझाव दिया कि उन्हें उम्मीद है कि यह ₹एक या दो सप्ताह में ठीक हो जाएगा। नतीजतन, उन्हें विशेष रूप से एक गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल किया गया, पारी के ब्रेक पर डु प्लेसिस की जगह आए,अपने चार ओवर फेंके और टीम को जीत दिला दी। इस सीजन में आरसीबी के परिणाम पीछा करते हुए (चार खेलते हुए, तीन हारे) की तुलना में पहले बल्लेबाजी करते हुए (तीन खेले, तीन जीते) काफी बेहतर रहे हैं, और शायद उनके द्वारा इम्पैक्ट नियम का उपयोग इसके पीछे एक कारण है। इस नियम का फायदा दूसरे टीमों की तुलना में आसीबी ने बेहतर उठाया है।

